✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

● पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




बंगाल में 91.36% वोटिंग के बीच छिटपुट हिंसा

✱ रजि. नंबर : 52290 /90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक :331 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026 ✱ मूल्य : 3.00 रूपये ✱ औरंगाबाद,पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com

# हर प्रखण्ड में एक आदर्श विद्यालय

## 23,165 करोड़ की विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना स्वीकृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 63 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। करीब एक घंटा 15 मिनट तक चली इस बैठक में विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, सामाजिक कल्याण और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। यह सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कैबिनेट की दूसरी बैठक थी। बैठक में 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत 23,165 करोड़ रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई। वहीं, संजय गांधी जैविक उद्यान, पटना का नाम बदलकर 'पटना जू' करने और इसकी प्रबंधन समिति का नाम भी परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बक्सर-आरा-मनेर गंगा पथ (90 किमी) का निर्माण पीपीपी मोड में कराने तथा बिदुपुर से दिघवारा (50 किमी) तक गंगा पथ निर्माण को मंजूरी दी गई। शिक्षा के क्षेत्र में 'सात निश्चय-3' के तहत उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य योजना अंतर्गत सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखंड के एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए 8 अरब रुपये स्वीकृत किए गए। सामाजिक कल्याण के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास अनुदान को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दिया गया है, जिससे राज्य के 139 छात्रावासों में रह रहे लगभग 10,500 छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में श्मशान घाट, कब्रिस्तान और मोक्षधाम के रखरखाव एवं संचालन के लिए 69.79 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। प्रशासनिक स्तर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 63 पदों के सृजन, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बिहारशरीफ और गया में यातायात पुलिस के 485 पदों तथा बिहार पुलिस में अवर निरीक्षक स्तर के 20,937 पदों में से 50 प्रतिशत पदों को प्रोन्नति के लिए चिह्नित करने का निर्णय लिया गया। पटना में साइबर अपराध इकाई और विशेष शाखा के लिए बी+जी+5 ढांचे के भवन निर्माण हेतु 51.19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। वहीं, बंद पड़ी चीनी मिलों की जमीन पर गन्ना आधारित उद्योग स्थापित करने के लिए बिहार चीनी उपक्रम अधिनियम, 1985 में संशोधन को भी मंजूरी मिली। उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त को आयोजित पहली कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी, जिसमें सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण का निर्णय प्रमुख था। इसके अलावा 11 शहरों में जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने को भी स्वीकृति दी गई थी। गौरतलब है कि सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। वर्तमान में मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित तीन ही मंत्री हैं और जल्द ही कैबिनेट विस्तार की संभावना जताई जा रही है।

## संसद सुरक्षा में चूक के चार आरोपितों की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद सुरक्षा में चूक के चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत 4 मई तक बढ़ा दी है। एडिशनल सेशंस जज अमित बंसल ने मामले की अगली सुनवाई 4 मई को करने का आदेश दिया। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी अमोल धनराज की ओर से पेश वकील बलराज सिंह मलिक की आरोपों पर दलीलें सुनी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से दलीलें रखने के लिए समय देने की मांग की गई क्योंकि दिल्ली पुलिस की ओर से दलीलें रखने के लिए स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अखंड प्रताप सिंह उपलब्ध नहीं थे। उसके बाद कोर्ट ने 4 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने चार आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 4 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

# विस्तारित श्रीनगर–कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को आज रवाना करेंगे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

**इससे वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली/जम्मू।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरूवार को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर–कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस को जम्मू तवी तक हरी झंडी दिखाएंगे। यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, जिसे अब जम्मू तवी तक बढ़ा दिया गया है, जिससे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े रेलवे स्टेशन को देश की आधुनिकतम ट्रेन से सीधा जुड़ाव मिलेगा। इसके बाद रेल मंत्री उधमपुर–श्रीनगर–बारामूला रेल लिंक परियोजना के तहत बने अंजी खड्ड पुल और चिनाब रेल पुल का निरीक्षण भी करेंगे, जो हिमालयी क्षेत्र में इंजीनियरिंग के अद्भुत नमूने माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि 6 जून 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा–श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ किया था, तब यह ट्रेन 8 डिब्बों के साथ चलती थी। लगातार बढ़ती मांग और यात्रियों की भारी प्रतिक्रिया को देखते हुए अब इसे 20 डिब्बों तक विस्तारित किया गया है, जिससे बैठने की क्षमता दोगुने से अधिक हो गई है और आरक्षण व प्रतीक्षा सूची का दबाव कम होगा। विस्तारित सेवा का नियमित संचालन 2 मई 2026 से शुरू होगा। इस मार्ग पर दो जोड़ी ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो लगभग 266 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। पहली सेवा सुबह 6:20 बजे जम्मू तवी से प्रस्थान कर कटरा, रियासी और बनिहाल होते हुए 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी, जबकि वापसी दोपहर 2 बजे श्रीनगर से चलकर शाम 6:50 बजे जम्मू पहुंचेगी। यह सेवा मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। दूसरी सेवा सुबह 8 बजे श्रीनगर से रवाना होकर दोपहर 12:40 बजे जम्मू तवी पहुंचेगी, जबकि वापसी दोपहर 1:20 बजे जम्मू से चलकर शाम 6 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। यह सेवा बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उपलब्ध रहेगी। इस विस्तार से यात्रियों को अब बिना किसी बदलाव के सीधी यात्रा का लाभ मिलेगा। पहले जम्मू आने वाले यात्रियों को कटरा तक अलग साधन लेना पड़ता था, लेकिन अब वे सीधे वंदे भारत से कटरा और श्रीनगर तक पहुंच सकेंगे। इससे वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन शून्य से 20 डिग्री नीचे तापमान में भी चलने में सक्षम है। कश्मीर के शिल्पकारों और व्यापारियों को भी तेज और सस्ती आवाजाही का लाभ मिलेगा। 272 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं, जिसकी कुल लागत 43,780 करोड़ रुपये है, और यही आधार इस ऐतिहासिक रेल संपर्क को संभव बनाता है।

# उपसभापति का पति निकला हत्याकांड का सरगना, ढेर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रामधनी यादव को मुठभेड़ में मार गिराया। चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि आरोपी नगर परिषद की उपसभापति का पति था और वही इस सनसनीखेज हत्याकांड का सरगना निकला। पुलिस के अनुसार, घटना के महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसे वारदात में प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा के तहत गोली चलाई, जिसमें रामधनी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस मुठभेड़ के दौरान डीएसपी नवीन कुमार, इंस्पेक्टर परमेश्वर और इंस्पेक्टर मृत्युंजय घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव और एसडीएम विकास कुमार अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसएसपी ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है तथा पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत अधिकारी को कर्तव्यनिष्ठ और साहसी बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराने की घोषणा की है।

# बंगाल में 91.36 प्रतिशत वोटिंग, मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान बुधवार को छिटपुट हिंसा और राजनीतिक तनाव के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इस चरण में कुल 3.21 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 91.36 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो उत्साहजनक भागीदारी को दर्शाता है। मतदान के दौरान कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी, जो इस प्रतिष्ठित सीट से आमने-सामने हैं, एक ही बूथ क्षेत्र में पहुंच गए और दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। हालांकि प्रशासन की तत्परता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। राज्य के विभिन्न हिस्सों—भवानीपुर और दक्षिण 24 परगना के बसंती से लेकर नदिया के छपरा और हावड़ा के बल्ली तक—दिनभर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई स्थानों पर बूथ स्तर पर झड़पें और राजनीतिक खींचतान भी सामने आई, जो बंगाल के चुनावी माहौल की सामान्य तस्वीर पेश करती है। इस चरण में कुल 142 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ, जिनमें से 123 सीटों पर सत्तारूढ़ दल ने वर्ष 2021 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। भाजपा के खाते में 18 सीटें गई थीं, जबकि आईएसएफ को एक सीट मिली थी। ऐसे में इन सीटों पर इस बार के नतीजे राज्य की सत्ता के समीकरण तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में 1.57 करोड़ महिलाएं और 792 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं।

## धूल भरी आंधी और मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बुधवार शाम बिहार में मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ। तेज धूल भरी आंधी के बाद मूसलाधार बारिश से दिन में ही अंधेरा छा गया और सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। बक्सर में करीब 20 मिनट तक हालात भयावह रहे, वाहन चालकों को लाइट जलानी पड़ी। कैमूर के भभुआ में ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की आशंका है। कई जगह पेड़ उखड़ने की सूचना है, हालांकि किसी बड़ी घटना की खबर नहीं। मौसम विभाग ने 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा, वज्रपात और बारिश को लेकर कई जिलों में अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

# नीतीश का कार्यकाल बिहार के आधुनिक इतिहास का 'स्वर्ण काल' : राजीव रंजन प्रसाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगभग दो दशक लंबे कार्यकाल को बिहार के आधुनिक इतिहास का "स्वर्ण काल" करार दिया है। उन्होंने एक विस्तृत वक्तव्य जारी कर बताया कि वर्ष 2005 में सत्ता संभालने के बाद नीतीश कुमार ने राज्य की प्रशासनिक, सामाजिक और विकासात्मक संरचना में व्यापक और दीर्घकालिक परिवर्तन किए हैं। राजीव रंजन प्रसाद के अनुसार, यह परिवर्तन केवल सरकारी योजनाओं या आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बिहार की जन-मानसिकता, प्रशासनिक संस्कृति और सामाजिक संतुलन में आए बदलाव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पहले जिस बिहार को पिछड़ेपन, अव्यवस्था और पलायन के लिए जाना जाता था, वही बिहार अब विकास, सुशासन और संभावनाओं के रूप में नई पहचान बना रहा है। राजीव रंजन प्रसाद का यह विश्लेषण दर्शाता है कि नीतीश कुमार का कार्यकाल केवल राजनीतिक स्थायित्व की कहानी नहीं है, बल्कि यह नीतिगत स्पष्टता, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक समावेशन के माध्यम से एक राज्य के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया है। बिहार में विकास और सामाजिक परिवर्तन की यह यात्रा अभी जारी है, और आने वाले वर्षों में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राज्य इस गति को किस तरह बनाए रखता है और शेष चुनौतियों का समाधान कैसे करता है।

**प्रशासनिक दृढ़ता और कानून व्यवस्था**

नीतीश कुमार के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में "कानून का राज" स्थापित करना बताया गया। प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर चिंता का विषय थी, लेकिन सख्त प्रशासनिक कदमों, अपराध नियंत्रण की नीति और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने से स्थिति में बड़ा सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि आज बिहार में सुरक्षा का वातावरण बेहतर हुआ है, जिससे निवेश की संभावनाएं बढ़ी हैं और आम नागरिकों में भरोसा कायम हुआ है। पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेही की व्यवस्था को सुशासन की मजबूत नींव बताया गया।

**सशक्त होती आधी आबादी**

महिला सशक्तिकरण को इस पूरे दौर की सबसे प्रभावशाली उपलब्धियों में शामिल किया गया। पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले ने लाखों महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान किया। इसके साथ ही स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल और पोशाक योजना ने शिक्षा के क्षेत्र में नई चेतना पैदा की। पहले जहां बालिकाओं की शिक्षा में बाधाएं थीं, वहीं अब विद्यालयों में उनकी उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि इन पहलों का असर केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सामाजिक संरचना में भी सकारात्मक बदलाव आया है। आज बिहार की महिलाएं स्थानीय शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**बुनियादी ढांचा: विकास की रीढ़**

राज्य में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक सुधार को भी इस अवधि की प्रमुख उपलब्धि बताया गया। गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछाना, पुल-पुलियों का निर्माण और बिजली आपूर्ति में सुधार ने बिहार की तस्वीर बदल दी। पहले जहां कई गांव बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे, वहीं अब वे मुख्यधारा से जुड़े हैं। इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ, बल्कि कृषि, व्यापार और छोटे उद्योगों को भी गति मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आए इस बदलाव को राज्य के समग्र विकास का आधार माना जा रहा है।

**समावेशी विकास का मॉडल**

राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि नीतीश कुमार की विकास यात्रा 'न्याय के साथ विकास' के सिद्धांत पर आधारित रही है। इस नीति का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाना है। दलित, पिछड़े, अति-पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चलाई गई विशेष योजनाओं ने सामाजिक संतुलन को मजबूत किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल बिहार को एक समावेशी और संतुलित विकास की दिशा में आगे बढ़ाता है।

बिहार सरकार



**अपील**

मुख्यमंत्री
बिहार

बाल श्रम उन्मूलन दिवस प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाता है। यह दिवस बच्चों के प्रति हमारी संवेदनशीलता को प्रतिबिंबित करता है। बाल श्रम एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है, जो किसी राष्ट्र के भविष्य की प्रगति को बाधित करती है। बचपन सीखने, खेलने और मानसिक विकास की अवस्था है।

राज्य सरकार ''बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986'' के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है, जिसमें 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का नियोजन एक संज्ञेय अपराध है। इसके अतिरिक्त बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कई पहल किये गये हैं। कोई भी सरकारी अभियान तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक आम जन–मानस उससे न जुड़े। यदि समाज का हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह ऐसी किसी भी सेवा या वस्तु का उपयोग नहीं करेगा जिसमें बाल श्रम शामिल हो, तो यह कुप्रथा समाप्त होनी प्रारंभ हो जाएगी।

बचपन अनमोल है एवं बच्चों को शिक्षा का अवसर देकर ही एक समतामूलक और विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस दिवस पर हम संकल्प लें कि अपने घर, समाज और कार्यस्थल पर ''शून्य बाल श्रम'' की नीति अपनाएंगे।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 002142 (LRD)D. 2026-27

बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

**अपील**

बाल श्रम उन्मूलन दिवस प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों का स्थान विद्यालयों, खेल के मैदानों में है, न कि कल–कारखानों में। जब एक बच्चा विद्यालय छोड़कर मजदूरी करता है, तो वह गरीबी के कुचक्र में आजीवन फंसा रहता है। शिक्षा एवं कौशल वह माध्यम है जो इस कुचक्र को तोड़ सकती है एवं बाल श्रम जैसे अपराध को न्यूनतम स्तर तक ले जा सकती है।

बिहार सरकार बाल श्रमिकों के पहचान, विमुक्ति और पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयासरत है एवं इसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। सरकार द्वारा दी जाने वाली शिक्षा, मध्याह्न भोजन, वस्त्र, किताबें और साइकिल जैसी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य यही है कि बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चलती रहे। इस अभियान में जन–भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। हमारा लक्ष्य है कि बिहार का हर बच्चा शिक्षित हो, स्वस्थ हो और उसे अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा अवसर मिले।

हमें यह समझना होगा कि एक शिक्षित बच्चा कल को पूरे परिवार की स्थिति बदल सकता है।

आइए, बच्चों को मजदूरी की बेड़ियों से मुक्त कर उन्हें सपनों की उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित करें। हर बच्चे का स्कूल जाना ही हमारी सफलता का पैमाना है।

(बिजेन्द्र प्रसाद यादव)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 002094 (LRD)D. 2026-27

# राजनीतिक लोकतंत्र तभी सफल होगा जब सामाजिक लोकतंत्र स्थापित होगा : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह के अवसर पर जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि राजनीतिक लोकतंत्र तभी सफल हो सकता है जब सामाजिक लोकतंत्र की स्थापना हो। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को विशेष महत्व देकर सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखी। बुधवार को अभिलेखागार भवन हॉल में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जन्म एक साधारण और दलित परिवार में हुआ था। उनका बचपन कठिनाइयों और सामाजिक भेदभाव के बीच बीता, लेकिन इन परिस्थितियों ने उनके हौसले को और मजबूत किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा की शक्ति को समझा और उसे समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बनाया। उन्होंने भारत के लोगों के जीवन में शिक्षा के माध्यम से बदलाव लाने का कार्य किया और सभी को समान अवसर दिलाने की दिशा में ऐतिहासिक योगदान दिया। श्रवण कुमार ने कहा कि छुआछूत और असमानता के खिलाफ संघर्ष कर दलितों को उनका अधिकार दिलाने में डॉ. अंबेडकर की भूमिका अतुलनीय रही। कठिन परिश्रम और संघर्ष के बाद वे स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे, इसलिए उन्हें 'भारतीय संविधान का शिल्पकार' कहा जाता है। महिलाओं को हिन्दू कोड बिल के माध्यम से समान अधिकार दिलाने में भी उनका योगदान ऐतिहासिक रहा। श्रवण कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि संघर्ष, शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। एक न्यायपूर्ण और समतामूलक भारत के निर्माण के लिए हमें उनके विचारों और संविधान की मूल भावना को अपने जीवन में अपनाना होगा।

# विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से मिले बिहार पिट्टू संघ के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार से आज उनके कार्यालय कक्ष में बिहार पिट्टू संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सचिव आशुतोष कुमार तिवारी एवं कोषाध्यक्ष रितेश सिंहल के नेतृत्व में सूरत (गुजरात) में आयोजित होने वाले तृतीय पिट्टू जूनियर सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप-2026 में भाग लेने वाली बिहार पिट्टू बालक एवं बालिका टीम के प्रतिभागियों ने मुलाकात की। अध्यक्ष ने आगामी 3 से 6 मई 2026 तक सूरत (गुजरात) में आयोजित होने वाले तृतीय पिट्टू जूनियर-सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप-2026 प्रतियोगिता में क्रमशः अनुराग राणा एवं अपर्णा तन्नू कुजूर के नेतृत्व में बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाली बालक एवं बालिका टीम के प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बिहार पिट्टू बालक एवं बालिका टीम के प्रतिभागियों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि बिहार पिट्टू के बालक एवं बालिका टीम नेशनल चैम्पियनशिप में उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करेगी। उन्होंने बिहार पिट्टू संघ के पदाधिकारियों को इस परंपरागत खेल को और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर बिहार पिट्टू संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सचिव आशुतोष कुमार तिवारी एवं कोषाध्यक्ष रितेश सिंहल, लीगल सेल के संयोजक एवं पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सोनू कुमार सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के सदस्य नीरज गौतम सहित सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अब नहीं हो रहा छात्रों का पलायन, राज्य में मिल रही बेहतर शिक्षा : उपमुख्यमंत्री

## नीतीश कुमार के कार्यों और नीतियों को आगे बढ़ाने का नये मुख्यमंत्री ने लिया है निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य से पढ़ाई खासकर तकनीकी विषयों में उच्च शिक्षा के लिए छात्रों का पलायन अब तकरीबन बंद हो गया है। इसकी मुख्य वजह यहीं छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। राज्य में शीघ्र ही मंत्री परिषद का विस्तार होगा। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों और नीतियों को नये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। उसपर कार्य भी शुरू हो गए है। ये बातें उप-मुख्यमंत्री सह विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में कुल स्वीकृत पद 3406 है जिसके विरूद्ध कुल 1616 नियमित शिक्षक कार्यरत है तथा 906 पदों पर नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है। इसके अलावा राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में कुल स्वीकृत पद 2480 है जिसके विरूद्ध कुल 1001 नियमित शिक्षक कार्यरत है तथा 273 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 723 पदों एवं प्रयोगशाला सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 1093 पदों का विज्ञापन, बिहार तकनीकी सेवा आयोग के स्तर से प्रकाशित किया जा चुका है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। उन कॉलेजों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाई गई है। इसका परिणाम है कि उसकी मांग बढ़ गई है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कुल स्वीकृत सीटों की संख्या 14553 है। इसी प्रकार राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में कुल स्वीकृत सीटों की संख्या 17243 है। साथ ही कुल 10 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर (एमटेक) विभिन्न पाठ्यक्रमों में कुल 612 सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से पठन-पाठन प्रारम्भ है। उद्योग के मांग के अनुरूप वर्तमान में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के चार वर्षीय पाठ्यक्रमों में कुल 33 विधाओं में पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है तथा राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों के तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में कुल 26 विधाओं में पठन-पाठन का कार्य किया जा रहा है। सचिव ने बताया कि सुशासन के कार्यक्रम (2020-25) के तहत सात निश्चय-2 के अन्तर्गत सभी राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान में उभरते हुए तकनीक में उच्चस्तरीय 'सेंटर ऑफ एक्सेलेंस' आईआईटी, पटना के सहयोग से संचालित है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर बी.डी. कॉलेज पटना में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

# जब शब्द तकनीकी तो विचार वैश्विक : प्रो. रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना और वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 : सामाजिक विज्ञान शिक्षण में तकनीकी शब्दावली का प्रयोग' विषय पर द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के नेतृत्व में आयोजित इस संगोष्ठी ने शिक्षा, संस्कृति और तकनीकी शब्दावली के समन्वय को नई दिशा प्रदान की। उद्घाटन दिवस 28 अप्रैल को पूर्व कुलपति प्रो. रास बिहारी प्रसाद सिंह ने बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए मातृभाषा, संस्कृति और बहुविषयक शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं और ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखना आवश्यक है। प्रो. एस.पी. सिंह ने हिंदीभाषी विद्यार्थियों की सफलता में तकनीकी शब्दावली की भूमिका को रेखांकित किया जबकि प्रो. अनवारुल हक अंसारी ने आयोग के प्रयासों को कानूनी मान्यता देने तथा संस्थागत वेबसाइटों पर आयोग के लिंक प्रदर्शित करने की आवश्यकता बताई। प्रथम दिन के तकनीकी सत्रों में शिक्षा और सामाजिक विज्ञान में मानकीकृत शब्दावली के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रो. नागेंद्र प्रसाद वर्मा और प्रो. राजीव रंजन ने शिक्षा में सटीकता, वैज्ञानिकता और सामाजिक विज्ञान की टर्मिनोलॉजी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। डॉ. भुवन कुमार झा और डॉ. अविनाश कुमार झा ने समाज विज्ञान की तकनीकी शब्दावली के व्यावहारिक उपयोग पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी प्रभारी अधिकारी दीपक कुमार ने आयोग की स्थापना, 'शब्द सिंधु' पोर्टल तथा 22 भाषाओं में उपलब्ध मानकीकृत शब्दावली की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। 29 अप्रैल को दूसरे दिन प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार प्रमुख स्तंभ—बहुविषयकता, अनुभवनात्मक शिक्षण, मातृभाषा का उपयोग और 21वीं सदी के कौशल—तकनीकी शब्दावली से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि 'रिमोट सेंसिंग', 'जीआईएस', 'जीडीपी', 'क्वालिटेटिव रिसर्च', 'सैंपल सर्वे' जैसे शब्दों को मूल रूप में अपनाना चाहिए जबकि 'हिस्टोरियोग्राफी', 'प्राइमरी सोर्स' और 'न्यूमिस्मेटिक' जैसे शब्दों को स्थानीय उदाहरणों के साथ समझाना अधिक प्रभावी होगा।

# सचिव जय सिंह ने संभाला राजस्व विभाग का प्रभार, जनहित पहली प्राथमिकता

## विभाग की कार्य प्रणाली को जन हितैषी बनाना पहली प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव के तहत सचिव जय सिंह ने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की और स्पष्ट संकेत दिया कि विभाग की कार्य प्रणाली को जन हितैषी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सचिव जय सिंह ने कहा कि आम जनता से जुड़े इस विभाग की जिम्मेदारी बेहद संवेदनशील है, इसलिए कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा राजस्व संबंधी सेवाओं को अधिक सरल और सुगम बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से कार्यों को तेज और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। भूमि से जुड़े मामलों में पारदर्शिता लाने के लिए डिजिटल प्रक्रियाओं को और मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों ने सचिव श्री सिंह के साथ विभाग की वर्तमान स्थिति और चल रही योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

# तीन नए पथों का होगा निर्माण, सोनपुर, बक्सर, गयाजी में सुगम होगा यातायात

## कैबिनेट की बैठक में लिया गया अहम निर्णय, 63 एजेंडों पर लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के आसपास के तीन प्रमुख शहरों में सुचारू यातायात व्यवस्था बहाल करने और इसकी कनेक्टिविटी पटना समेत अन्य शहरों से बेहतर करने के लिए तीन प्रमुख सड़क सर्किट का निर्माण होगा। इन सड़कों का निर्माण गंगा नदी के पास कराया जाएगा। इन तीनों सड़कों का निर्माण पीपीपी डीबीएफओटी टॉल मोड पर कराया जाएगा। यानी इसका निर्माण चयनित निजी कंपनी करेगी। इसमें राज्य सरकार सिर्फ जमीन समेत अन्य जरूरी संसाधन मुहैया कराएगी। निजी कंपनी इस सड़क से निर्धारित टॉल वसूलकर अपना मुनाफा वसूलेगी। इस महत्वपूर्ण एजेंडा पर कैबिनेट की बैठक में समहति बनी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में 63 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों के बारे में विस्तृत जानकारी सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने दी। उनके साथ संबंधित विभागों के सचिवों ने भी अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि सारण जिला के अंतर्गत दरिहारा (कोन्हुआ) से गोपालगंज में डुमरिया घाट के बीच 4 लेन ग्रीनफिल्ड सड़क को मंजूरी दी गई है। इसकी लंबाई 73.51 किमी है। इनका क्रियान्वयन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के माध्यम से कराया जाएगा। यह नई सड़क सोनपुर स्थित प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर के साथ बन रहे हरिहरनाथ कॉरिडोर और प्रस्तावित नए एयरपोर्ट को भी जोड़ेगी। इसका नाम नारायणी पथ होगा।

सचिव ने कहा कि बक्सर से आरा-मनेर होते हुए कोईलवर तक गंगा किनारे एक नई सड़क बनाई जाएगी। इसकी लंबाई 90 किमी होगी। इसका नाम विश्वामित्र गंगा पथ रखा गया है। इसे पटना स्थित जेपी गंगा पथ से जोड़ा जाएगा। इसके तैयार होने से पटना से बक्सर और आगे तक जाने में लोगों को काफी सुविधा होगी। इसके अलावा गयाजी में कोठवारा बाजार से इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के बीच गम्हरिया सामुदायिक भवन के पास फल्गु नदी पर दो लेन का आरसीसी पुल सह पहुंच पथ का निर्माण कराया जाएगा। इसके निर्माण पर 113 करोड़ 84 लाख रुपये का अनुमान है। इसका नाम गयाजी अंबिका पथ रखा गया है। इस पथ की संपर्कता डोभी-चतरा एनएच-99 से भी होगी।

# एनपीसीआई महत्वपूर्ण सुझावों के साथ नागरिकों को कर रहा सशक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डिजिटल भुगतान ने भारत भर में लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए रोजमर्रा के लेनदेन को तेज, आसान और अधिक सुलभ बना दिया है। जैसे-जैसे यह सुविधा बढ़ रही है, उपयोगकर्ताओं के लिए जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। सुरक्षित भुगतान के तरीके अपनाना आसान है और यह सुरक्षित डिजिटल अनुभव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनपीसीआई नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल भुगतान के लिए 5 महत्वपूर्ण सुझावों के साथ सशक्त बनाता है जिनमें भुगतान करने से पहले हमेशा जांच करें, केवल विश्वसनीय भुगतान ऐप्स और वेबसाइटों का ही उपयोग करें, अपना पिन या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। जागरूकता और जिम्मेदार उपयोग के साथ, डिजिटल भुगतान रोजमर्रा की जिंदगी का एक भरोसेमंद और सशक्त हिस्सा बने रह सकते हैं। किसी भी संदिग्ध नंबर की रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करके या दूरसंचार विभाग के वेबसाइट के माध्यम से करें। संदेशों को सुरक्षित रखें, स्क्रीनशॉट लें और सभी बातचीत का रिकॉर्ड रखें। यह जानकारी आवश्यकता पड़ने पर रिपोर्ट दर्ज कराने में अधिकारियों की मदद कर सकती है।

# शिक्षा और कौशल विकास की वास्तविकता डिग्री नहीं, दक्षता चाहिए : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मैं स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि आज भारत की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी नहीं, बल्कि अधूरी शिक्षा है। ऐसी शिक्षा, जो डिग्री तो देती है, लेकिन जीवन जीने और रोजगार पाने की क्षमता नहीं देती। मैं वर्षों से शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में काम कर रहा हूं। हजारों छात्रों से प्रत्यक्ष संवाद और प्रशिक्षण के अनुभव ने मुझे यह समझा दिया है कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है–कमी है तो केवल सही दिशा और व्यवहारिक कौशल की। डिग्री की दौड़ ने दिशा भटका दी है। आज का युवा डिग्री के पीछे भाग रहा है क्योंकि समाज ने उसे यही सिखाया है, लेकिन जब वही युवा नौकरी के लिए जाता है तो उससे पूछा जाता है–'आप क्या कर सकते हैं?'यहीं से उसकी वास्तविक परीक्षा शुरू होती है और दुर्भाग्य से, अधिकतर युवा इस परीक्षा में असफल हो जाते हैं। क्योंकि उन्हें 'क्या पढ़ा है' सिखाया गया, 'क्या कर सकते हैं' नहीं। मैंने जमीनी सच्चाई देखी है-मेरे पास ऐसे अनगिनत छात्र आते हैं, जिन्होंने स्नातक तक की पढ़ाई पूरी की होती है, लेकिन जब उन्हें एक साधारण कंप्यूटर टास्क या प्रभावी संवाद करने के लिए कहा जाता है तो वे असहज हो जाते हैं। यह उनकी गलती नहीं है–यह हमारी व्यवस्था की कमी है। नीतियों की सफलता, क्रियान्वयन पर निर्भर है। सरकार की मंशा पर सवाल उठाना मेरा उद्देश्य नहीं है, लेकिन सच्चाई को अनदेखा करना भी उचित नहीं है। कौशल विकास के लिए योजनाएं बनती हैं, घोषणाएं होती हैं, लेकिन जब तक उनका सही और पारदर्शी क्रियान्वयन नहीं होगा, तब तक परिणाम अधूरे ही रहेंगे। मैंने स्वयं अनुभव किया है कि कई बार प्रशिक्षण केंद्रों को समय पर संसाधन, स्पष्ट दिशा-निर्देश और प्रशासनिक सहयोग नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देना एक चुनौती बन जाता है। कौशल ही आत्मनिर्भरता का वास्तविक आधार है। मेरे लिए कौशल विकास केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का मार्ग है जब एक युवा किसी कौशल में दक्ष होता है तो वह अवसर खोजता नहीं–अवसर पैदा करता है। डिजिटल शिक्षा, तकनीकी दक्षता, संचार कौशल और उद्यमिता–ये आज के युग की अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। जो युवा इनसे जुड़ता है, वही आगे बढ़ता है। गांव बदलेगा, तभी देश बदलेगा। मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि भारत का भविष्य गांवों में तय होगा। ग्रामीण युवाओं में अद्भुत क्षमता है, लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिल पाता। यदि कौशल विकास की रोशनी ईमानदारी से गांव-गांव तक पहुंचाई जाए, तो यह देश एक नई दिशा में आगे बढ़ सकता है। मैंने स्वयं देखा है कि एक साधारण ग्रामीण छात्र जब डिजिटल रूप से सक्षम होता है तो उसका आत्मविश्वास ही उसकी सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। अब केवल बात नहीं, बदलाव चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम शिक्षा को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित न रखें। हमें इसे जीवन, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ना होगा। मैं सभी नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और संस्थानों से यह आग्रह करता हूं कि वे इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही–इन्हीं के आधार पर हम एक सशक्त भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। अंत में मेरी एक स्पष्ट बात यदि हम अपने युवाओं को सही कौशल नहीं दे पाए तो डिग्रियों का यह ढेर किसी काम का नहीं रहेगा। लेकिन यदि हमने उन्हें दक्ष बना दिया तो वही युवा इस देश की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में नए नामांकित बच्चों के बीच उपहार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में लिटिल ऐंजल्स किंडरगार्टन एंड प्ले स्कूल, कोनहाराघाट रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर में नए बच्चों के नामांकन के उपलक्ष्य में सभी नए बच्चों को उपहारस्वरूप स्कूल बैग तथा कलर आर्ट किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्ताव, स्कूल इंचार्ज प्रीति झा एवं नेहा सिंह उपस्थित थीं। इनके द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया जिसके फलस्वरूप वो अपने भविष्य को संवार सके। ज्ञात हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगटन, हाजीपुर द्वारा संचालित लिटिल ऐंजल्स किंडरगार्टन एंड प्ले स्कूल, रेलवे कॉलोनी तथा उसके आस-पास रहने वाले परिवार के बच्चों के लिए काफी लोकप्रिय हो रहा है।

# नक्सलवाद से मुक्त हुआ बिहार, चार जिलों में सतर्क निगरानी जारी

## एसटीएफ नक्सलियों के सफाए के साथ कुख्यात अपराधियों के खिलाफ भी कर रही कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार अब नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त हो गया है। पिछले वर्ष से अब तक किसी तरह की कोई नक्सली वारदात प्रदेश में नहीं हुई है। फिर भी चार जिलों जमुई, लखीसराय, गया और औरंगाबाद में फिलहाल खासतौर से सतर्कता बरतते हुए चौकसी रखी जा रही है। इन 4 जिलों को एलएंडटी (लीड एंड थ्रस्ट) जिले के तौर पर चिन्हित करके रखा गया है। ताकि इन जिलों में फिर से नक्सली सक्रिय नहीं हो सके। एक समय ये चार जिले नक्सलियों के विशेष रूप से गढ़ माने जाते थे। पुलिस मुख्यालय में मंगलवार (28 अप्रैल) को हुई एक प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी एसटीएफ के डीआईजी संजय कुमार ने साझा की थी। डीआईजी ने बताया कि जमुई और लखीसराय समेत अन्य संवेदनशील माने जाने वाले जिलों में भी पिछले वर्ष जुलाई से अब तक किसी तरह की कोई छोटी या बड़ी नक्सली वारदात नहीं हुई है। इस वर्ष जनवरी-फरवरी में तीन लाख रुपये का इनामी और 2 लाख रुपये के इनामी नक्सली के आत्मसर्पण करने के बाद बिहार के सभी संवेदनशील जिलों से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया हो गया है। इस वर्ष जनवरी से 22 अप्रैल तक 18 मुख्य नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें इनामी नक्सली भी शामिल हैं। नक्सलियों के सफाए में केंद्रीय पुलिस फोर्स के साथ ही एसटीएफ की भूमिका बेहद उल्लेखनीय है। जिन चार जिलों में चौकसी बरती जा रही है, उनमें एसटीएफ के स्तर से निरंतर चौकसी बरती जा रही है। सभी जंगली या नक्सलियों की मांद समझे जाने वाले इलाकों में भी निरंतर पेट्रोलिंग की जा रही है। आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने वाले 11 नक्सलियों के परिजनों को उचित मुआवजा भी दिया गया है।

**चार महीने में गिरफ्तार किए गए 720 अपराधी**

एसटीएफ के स्तर से नक्सलियों के साथ अपराधियों खासकर कुख्यात अपराधियों के खिलाफ भी निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष जनवरी से 22 अप्रैल तक 720 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 35 इनामी अपराधी शामिल हैं। इसमें 17 अपराधियों को दूसरे राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 15 आधुनिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। 2 एके-47, 1 एके 56, इनसास-2, ग्लाक पिस्टल-1, 5 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल समेत अन्य हथियार शामिल हैं। इसके अलावा 178 देसी हथियार शामिल हैं।

# सतर्कता टीम ने की भ्रष्टाचार में लिप्त टीटीई के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाई करते हुए पूर्व मध्य रेल की सतर्कता टीम ने गाड़ी संख्या 18183 टाटा-बक्सर एक्सप्रेस की सघन जांच की एवं एसी कोच में कार्यरत टीटीई/आसनसोल के प्राईवेट एवं सरकारी धन की जांच की गई। उनके पास निजी धन में रुपए 4,300 की अधिकता पाई गई जिसे नियमानुसार रेलवे खाते में जमा किया गया। भ्रष्टाचार में लिप्त उक्त टीटीई के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस प्रकार की कार्रवाई रेलवे प्रशासन द्वारा पारदर्शिता एवं जबावदेही सुनश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर की जा रही है।

# अब पटना जू से हटेगा 'संजय गांधी' का नाम

## बिहार कैबिनेट ने लिया फैसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कैबिनेट ने एक अहम फैसला लेते हुए पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान के नाम में बदलाव को मंजूरी दे दी है। अब इस उद्यान को 'पटना जू (पटना प्राणी उद्यान)' के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही उद्यान के संचालन के लिए गठित 'संजय गांधी जैविक उद्यान प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी' का नाम भी बदलकर 'पटना जू प्रबंधन एवं विकास सोसाइटी' कर दिया गया है।

कैबिनेट के इस निर्णय के बाद राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल इस उद्यान की पहचान नए नाम के साथ स्थापित की जाएगी। संजय गांधी जैविक उद्यान लंबे समय से बिहार के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहा है और यहां हर वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग आते हैं। नए नाम के साथ इसके प्रबंधन और विकास कार्यों को भी नई दिशा देने की तैयारी है। फिलहाल कैबिनेट की मंजूरी के बाद संबंधित विभागों को नए नाम को लागू करने, आधिकारिक दस्तावेजों में संशोधन करने और संकेत पट्टों सहित अन्य व्यवस्थाओं को अद्यतन करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डीएम ने दैनिक साक्षात्कार में सात फरियादियों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा जिला पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया। इस दौरान कुल सात व्यक्तियों के द्वारा आवेदन पत्र /शिकायत पत्र दिया गया। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित



पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में आवेदक धनवीर सिंह (वार्ड संख्या 33, डिहरी) द्वारा भूमि एवं आवास उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अग्रेतर कार्रवाई हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को प्रेषित किया गया। आवेदक कृष्ण कांत मिश्रा (ग्राम कझॉव) द्वारा गांव में पेयजल की सुविधा हेतु चापाकल स्थापना की मांग की गई जिस पर शीघ्र निष्पादन हेतु कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित किया गया। वहीं आवेदक सत्यनारायण साह (ग्राम/पो0- पेनार, थाना/अंचल नोखा) द्वारा भूमि सीमांकन एवं घेराबंदी के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, रोहतास को भेजा गया। इसके अतिरिक्त प्राप्त अन्य सभी आवेदनों/शिकायतों को भी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए अग्रेसित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री से मिले बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष, पुलिसकर्मियों के कल्याण पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री पद संभालने पर हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कैशलेस हेल्थ कार्ड शीघ्र जारी करने का आग्रह किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते



हुए कहा कि इस दिशा में कार्य जारी है। इसके अलावा बिहार पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय कार्यालय, 2 मेंगल्स रोड, पटना में प्रस्तावित गेस्ट हाउस के निर्माण हेतु शिलान्यास पर मुख्यमंत्री ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान की। पुलिसकर्मियों की पदोन्नति से जुड़े विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार और अधिक प्रगतिशील, समृद्ध एवं सशक्त बनेगा। मुलाकात के दौरान एक आत्मीय क्षण भी देखने को मिला जब मुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिवादन किया और उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपनी लिखित पुस्तक भी मुख्यमंत्री को सप्रेम भेंट की।

# भगवान बिरसा मुंडा छात्रावास का भूमि पूजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण उस समय बना जब बुधवार को ग्राम कोडर, जो सरस्वती विद्या मंदिर के निकट है में भगवान बिरसा मुंडा छात्रावास निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन स्वर्गीय चक्रपाणि मिश्रा की स्मृति में वनवासी कल्याण आश्रम, बिहार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए तिलौथू निवासी रिशु मिश्रा द्वारा 10 डिसमिल भूमि दान की गई जिस पर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। भूमि पूजन का विधि-विधान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ जिसमें भूमि दाता रिशु मिश्रा ने अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना कर इस कार्य को सफल बनाया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के मार्गदर्शक सोमयाजुलू की गरिमामयी उपस्थिति रही जिन्होंने अपने आशीर्वचन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह छात्रावास जनजातीय एवं वंचित वर्ग के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की



नींव रखेगा। उन्होंने तिलौथू, सासाराम एवं कैमूर पहाड़ी क्षेत्र से आए कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष गोविंद नारायण सिंह, सचिव प्रेम पाठक, सह सचिव महेन्द्र पासवान, डोमा साह, रामलाल उरांव, विनोद उरांव, शशिभूषण प्रसाद, हंसराज कुमार, वैभव कुमार, अभय प्रजापति, उमेश शुक्ल, देव कुमार मिश्र, संजय चौधरी, अमित कुमार गुप्ता, रवीन्द्र ठाकुर, मोहन साह, योगेंद्र कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा छात्रावास के बच्चे एवं भूमि दाता परिवार के सभी सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा का सफल संचालन वैभव कुमार ने किया जबकि अतिथियों का परिचय नीतीश कुमार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम संयोजक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने आभार ज्ञापन करते हुए स्व. चक्रपाणि मिश्रा के सपनों को याद किया और कहा कि यह छात्रावास उनके शिक्षा-संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के सामूहिक गायन के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि प्रस्तावित छात्रावास लगभग 50 वनवासी बच्चों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा जिससे उन्हें बेहतर आवासीय एवं शैक्षणिक वातावरण मिल सके। यह परियोजना क्षेत्र में शिक्षा और सामाजिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को लेकर डीडीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के अंतर्गत विकास आयुक्त रोहतास विजय कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक संपन्न हुई जिसमें रोहतास जिला के कलाकार जो पेंशन योजना का लाभ चाहते हैं वह शामिल हुए। बैठक में शामिल सभी कलाकारों से विकास आयुक्त ने अपने स्तर से खुद उनके विधाओं के अंतर्गत कलाओं के बारे में पूछताछ की एवं उनके निर्देश प्राप्त हुआ कि मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को नियमावली के अनुसार बारीकी से जांच पड़ताल किया जाए एवं उसके बाद पेंशन हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाए। बैठक में निदेशालय के द्वारा सदस्य के रूप में नामित किए गए पदाधिकारी में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, आकाशवाणी से चयनित सदस्य एवं जिले में स्थापित कलाकार के रूप में एसपी जैन कॉलेज के फाइन आर्ट्स के शिक्षक शामिल हुए। बिहार सरकार की इस योजना के अंतर्गत वे सभी कलाकार जिनका आयु सीमा 50 साल और 50 साल से अधिक है। उनको चाक्षुष एवं प्रदर्शनी कलाओं के अंतर्गत पेंशन दिया जाएगा। जैसा की विदित है कि कला एवं संस्कृति विभाग बिहार के अंतर्गत आने वाली उन सभी कलाओं का संरक्षण संवर्धन एवं विकास हेतु दृढ़ता से काम कर रहा है। मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना इसी के रूप में एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।

# जीएनएसयू में ज्ञानवर्धक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जीएनएसयू में 'आईबीएम दिवस' टेक्नोवेट 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को आयोजन के अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य विषयों पर छात्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई उनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषयों पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता समूह चर्चा-कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य एआई हैकाथॉन-भारत के लिए निर्माण प्रकरण अध्ययन प्रस्तुति-कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एआई फॉर ऑल विजन के अनुरूप रहा, जो तकनीक के



माध्यम से समावेशी विकास पर बल देता है। कार्यक्रम ने यह दर्शाया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, कृषि, प्रशासन और व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन ला रही है। एआई हैकाथान विषय पर प्रस्तुति में अनूप कुमार, गोलू कुशवाहा एवं तेज प्रताप विजेता रहे जब भी अभिषेक कुमार एवं सिंह पीयूष उप विजेता रहे। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रबंधन और वाणिज्य संकाय के छात्रों ने विषय के पक्ष में सुहानी कुमारी और विपक्ष में अंकित कुमार ने पुरस्कार जीते। वाद विवाद के एक अन्य प्रतियोगित में विधि संकाय के आदित्य पोद्दार ने विषय के पक्ष में जबकि खुशी कुमारी ने विषय के विपक्ष में पुरस्कार प्राप्त किया। समूह चर्चा में नर्सिंग एवं फार्मेसी कॉलेज के छात्र करण कुमार उप विजेता रहे जबकि आशीष कुमार विजेता रहे। कृषि विज्ञान संस्थान की ओर से प्रस्तुत केस स्टडी कार्यक्रम में कौदसिया खानम विजेता रही जबकि सौरभ तिवारी उपविजेता रहे। सभी को अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

# पत्रकार केवल कुमार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** महान विभूति, गरीबों के मसीहा, पत्रकार एवं व्यवसायी स्वर्गीय केवल कुमार की पुण्यतिथि के अवसर पर 29 अप्रैल को संध्या 4 बजे स्वर्णकार गली, तिलौथू में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्व. केवल कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. केवल कुमार समाज सेवा, पत्रकारिता और व्यवसाय के क्षेत्र में एक प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद को प्राथमिकता दी। श्रद्धांजलि सभा में सत्यानंद कुमार, जंगलेश प्रसाद चौरसिया, लाल बिहारी गुप्ता, अमित गुप्ता, अजय गुप्ता, रवि उरांव, प्रिंस कुमार एवं दिलीप गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का समापन उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प एवं कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# भभुआ नगर परिषद के मुख्य पार्षद विकास तिवारी अयोग्य घोषित, पद से हटाने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** राज्य निर्वाचन आयोग बिहार ने भभुआ नगर परिषद के मुख्य पार्षद विकास कुमार तिवारी को अयोग्य घोषित करते हुए उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश जारी किया है। आयोग ने यह कार्रवाई बिहार नगरपालिका अधिनियम-2007 की धारा 18(1)(एम) के तहत की है जिसमें 04 अप्रैल 2008 के बाद दो से अधिक जीवित संतान होने पर चुनाव लड़ने की अयोग्यता का प्रावधान है। इस बात की जानकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार पवन ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पत्र के आलोक में मुख्य पार्षद विकास तिवारी को पदमुक्त किए जाने से संबंधित पत्र उन्हें सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन के दौरान शपथ पत्र में इस महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाए जाने के विरुद्ध मुख्य पार्षद के विरुद्ध नगर पालिक अधिनियम के सुसंगत



धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि आयोग के समक्ष प्रस्तुत वाद में वादी जनेन्द्र कुमार आर्य ने आरोप लगाया था कि विकास तिवारी के चार संतान हैं जिनमें से कम-से-कम एक की जन्मतिथि 04.04.2008 के बाद की है। जांच के दौरान प्रस्तुत अभिलेखों, विद्यालयीय दस्तावेजों और जन्मतिथि संबंधी प्रमाणों के आधार पर यह तथ्य पुष्ट हुआ कि तिवारी के तीन संतानों का जन्म उक्त तिथि के बाद हुआ है। आयोग ने पाया कि नामांकन पत्र में इस महत्वपूर्ण जानकारी को छिपाया गया तथा शपथ पत्र में भ्रामक विवरण दिया गया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया गया। उपलब्ध साक्ष्यों में मैट्रिक प्रमाण पत्र, स्कूल रिकॉर्ड और अन्य आधिकारिक दस्तावेज शामिल थे जिन्हें विश्वसनीय मानते हुए आयोग ने प्रतिवादी के तर्कों को अस्वीकार कर दिया। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि जन्मतिथि के संबंध में प्रस्तुत प्रमाणों का खंडन प्रतिवादी द्वारा नहीं किया गया जिससे आरोप और मजबूत हो गए। आदेश में कहा गया है कि विकास तिवारी अब मुख्य पार्षद पद के लिए अयोग्य हैं और उनका पद रिक्त माना जाएगा। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले में झूठा हलफनामा देने और तथ्य छिपाने के आरोप में विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा चार सप्ताह के भीतर आयोग को रिपोर्ट सौंपें। इधर इस फैसले के बाद नगर परिषद भभुआ की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और अब रिक्त पद पर नए चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है।

# मां से बेगाना होता बेटा : शादी के बाद बदलते रिश्तों की टीस

**अनिल कुमार गिरि**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बेटे के बड़े होते ही मां अपने स्थान पर बहू को बहुत सारे उम्मीद एवं सपने के साथ जिम्मेदारियां सौंपती है कि परिवार जैसे उसके लिए स्वर्ग बनेगा। भारतीय समाज में मां-बेटे का रिश्ता सबसे पवित्र माना जाता है। कहा जाता है कि बेटे के लिए मां पहली गुरु, पहला दोस्त और पहला सहारा होती है। जन्म से लेकर शादी तक मां हर कदम पर बेटे की परछाई बनकर साथ चलती है, लेकिन विडंबना यह है कि शादी के बाद अक्सर यही रिश्ता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। बेटे की जिंदगी में पत्नी के आने के बाद मां का स्थान गौण होता चला जाता है। कई घरों में यह दर्द खामोशी से मां की आंखों में उतर आता है जिसे वह न कह पाती है न सह पाती है। समाजशास्त्रियों का मानना है कि यह बदलाव अचानक नहीं आता, बल्कि नए रिश्तों के बीच तालमेल की कमी और बेटों की प्राथमिकताओं में बदलाव इसकी बड़ी वजह है। कुछ मां कहती हैं, बेटे की शादी तक लगा कि मेरी दुनिया पूरी है। बारात में सबसे आगे मैं ही थी। पर बहू के आने के छह महीने बाद ही बेटा फैसले मुझसे पूछकर नहीं, पत्नी से सलाह लेकर लेने लगा। अब तो बात भी हफ्ते में एक बार होती है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार शादी के बाद बेटे पर दोहरी जिम्मेदारी आ जाती है। एक तरफ वह पति के रूप में नई गृहस्थी बसाता है, दूसरी तरफ बेटे का फर्ज निभाने का दबाव भी रहता है। कई बार पत्नी और मां के बीच संतुलन न बना पाने के कारण बेटा अनजाने में मां से दूरी बना लेता है। छोटे शहरों से महानगरों में नौकरी के लिए जाने वाले बेटों के केस में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। मां गांव या पुराने घर में अकेली रह जाती है जबकि बेटा-बहू शहर में अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। जानकार बताते हैं हमारे यहां संयुक्त परिवार टूट रहे हैं। पहले बहू सास के साथ रहकर रिश्ते समझती थी। अब न्यूक्लियर फैमिली में पति-पत्नी की अपनी प्राइवेसी है। बेटा उसी में उलझकर रह जाता है और मां को लगता है कि उसे दूर कर दिया गया। यह दूरी जानबूझकर कम, हालात की वजह से ज्यादा बनती है। कुछ मामलों में संपत्ति विवाद या बहू-सास की अनबन भी इस दूरी की वजह बनती है, पर अधिकांश मांएं सिर्फ इतना चाहती है कि बेटा पहले की तरह उनके पास दो पल बैठे, हाल पूछे। इस सामाजिक दर्द का हल सिर्फ बेटों के हाथ में है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि शादी के बाद बेटों को सचेत होकर मां को यह एहसास दिलाना चाहिए कि पत्नी के आने से मां की अहमियत कम नहीं हुई है। छोटे-छोटे काम, जैसे रोज फोन करना, छुट्टी में मां के पास समय बिताना, फैसलों में मां की राय लेना, इस खाई को पाट सकते हैं। पत्नी की भी भूमिका अहम है। अगर वह सास को मां की तरह सम्मान दे तो बेटा भी बीच में संतुलन बना पाएगा। वहीं कुछ लोगों का यह मानना हैं पति अगर मां को समय दें तो अच्छा लगता है। रिश्ते बांटने से नहीं, जोड़ने से बढ़ते हैं। जरूरत है कि बेटे याद रखें कि पत्नी जीवनसाथी है, पर मां जीवनदाता। एक के आने से दूसरे को भुला देना किसी रिश्ते के साथ न्याय नहीं। समाज तभी मजबूत होगा जब बेटा शादी के बाद भी मां का वही 'छोटा बच्चा' बना रहे जिसके लिए मां ने अपनी पूरी जिंदगी लगा दी। मां का दर्द आंसुओं में न बहे, इसके लिए संवाद, समय और सम्मान तीनों जरूरी हैं।

# एसडीएम ने टॉप टेन विद्यार्थियों को किया सम्मानित, बढ़ाया हौसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आज का दिन छात्रों और अभिभावकों के लिए खास रहा जब दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। नगर परिषद स्थित सम्राट अशोक सभागार में डीएवी भरकुड़िया द्वारा आयोजित समारोह में टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर एसडीएम नीलेश कुमार ने कहा कि आज हम उन सितारों को सम्मानित करने के लिए एकत्र हुए हैं जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से पहली बड़ी मंजिल हासिल की है। उन्होंने सभी मेधावी छात्रों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह



देकर सम्मानित किया तथा आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मौजूद राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दसवीं और बारहवीं सिर्फ एक कक्षा नहीं, बल्कि जिंदगी का महत्वपूर्ण मोड़ है। अब तक छात्र अपने अभिभावकों के मार्गदर्शन में चलते थे, लेकिन अब उन्हें अपने भविष्य का रास्ता खुद चुनना है–चाहे वह साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स, आईआईटी, पॉलिटेक्निक या कोई हुनर हो। समारोह की शुरुआत प्राचार्या आर.एन. पाठक द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। उन्होंने डीएवी के रिजनल हेड डॉ. बीरेंद्र कुमार सहित सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की प्रस्तुति देकर माहौल को जीवंत बना दिया और उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुजानपुर में शराब के नशे में हो-हल्ला करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र शर्मा (उम्र लगभग 52 वर्ष), पिता स्वर्गीय जंगी शर्मा, निवासी सुजानपुर, थाना इंद्रपुरी को पुलिस ने सार्वजनिक रूप से शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# साइबर ठगी के एक लाख 37 हजार वापस


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के ओझा बिगहा निवासी विजय ओझा से स्टॉक एक्सचेंज में इन्वेस्टमेंट के नाम पर अधिक धनराशि कमाने कि लालच में फंस कर दो लाख 16 हजार रुपए ठगी कर ली। साइबर थानाध्यक्ष डीएसपी गौरव कुमार यादव के अनुसार विजय से साइबर ठगों ने दो लाख 16 की ठगी किया था। इस संबंध में गत 26 अगस्त को इसकी प्राथमिकी किया था। तत्काल प्रयास कर एक लाख 37 हजार होल्ड कराया गया। न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उक्त राशि आज लौटाई गई।

# मूसलाधार बारिश से नौहट्टा के पहाड़ी झरने उफान पर, जनजीवन प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बुधवार को अचानक मौसम के करवट लेने से नौहट्टा प्रखंड में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। तेज आंधी, ओलावृष्टि और मूसलाधार बारिश ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दीं। भारी बारिश के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित झरने और जलप्रपात अचानक सक्रिय हो गए जिससे इलाके में प्राकृतिक नजारा तो आकर्षक बन गया, लेकिन खतरे की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है। बारिश इतनी तीव्र थी कि पहाड़ों से निकलने वाले प्रमुख जलस्रोत–महादेव खोह, भुखी खोह, सावनश्रोत और गोरेया–सभी



जलप्रपात के रूप में बहने लगे। विशेष रूप से महादेव खोह का झरना काफी तेज गति से बह रहा है जिससे आसपास के इलाकों में पानी के फैलाव की संभावना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह पानी जल्द ही मैदानी क्षेत्रों के खेतों तक पहुंच सकता है जिससे जहां एक ओर सिंचाई में राहत मिलेगी, वहीं अचानक पानी आने से फसलों को नुकसान की आशंका भी बनी हुई है। इस बीच महादेव खोह के संचालक राधा सूत सिंहा ने लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इन दिनों झरने के पास जाना खतरनाक हो सकता है। तेज बहाव के कारण शरीर पर चोट लगने और संक्रमण सहित कई तरह की बीमारियों का खतरा बना हुआ है। उन्होंने साफ तौर पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों से कुछ दिनों तक महादेव खोह क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह का तेज झरना आमतौर पर दो दिनों से अधिक नहीं चलता, लेकिन इस दौरान सतर्कता बेहद जरूरी है। झरनों के चालू होने से क्षेत्र के जलस्तर में सुधार की उम्मीद जरूर जगी है जो आने वाले समय में किसानों के लिए लाभकारी साबित हो सकता है। प्रशासन द्वारा भी लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से पहाड़ी क्षेत्रों की ओर नहीं जाने की सलाह दी जा रही है।

# विक्रमगंज अस्पताल में ओपीडी निर्बाध करने को लेकर बैठक

## महिला डॉक्टरों की सुरक्षा पर एसपी का आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विक्रमगंज अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी सेवा को व्यवस्थित और निर्बाध बनाने के लिए सीएम मणिराज रंजन की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। बैठक में अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. वीणा रानी, पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ प्रकाश समेत सभी चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सीएम मणिराज रंजन ने कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर इलाज देना अस्पताल की पहली जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी डॉक्टरों और कर्मियों को तय रोस्टर के अनुसार ड्यूटी करना अनिवार्य होगा। बैठक में रोस्टर नियमावली को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया। सीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी हाल में ओपीडी सेवा बाधित नहीं होनी चाहिए। रोस्टर से गैरहाजिर रहने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। मरीजों की सुविधा के लिए ओपीडी के समय और व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी चर्चा हुई। महिला चिकित्सकों की रात की ड्यूटी को लेकर सुरक्षा का मुद्दा भी उठा। इस पर सीएस ने रोहतास एसपी रौशन कुमार से बात की। एसपी ने अस्पताल में महिला फोर्स उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। बैठक में डॉ. प्रभास कुमार, डॉ. अमिताभ, डॉ. अभिनंदन, डॉ. जियाउल, डॉ. अपर्णा, डॉ. सुचिता, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अनुपमा, डॉ. पिंकी, डॉ. नंदिता, स्वास्थ्य प्रबंधक शबनम कुमारी, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. खुशबू, डॉ. प्रियंका और डॉ. प्रवीण प्रसाद समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में चिकित्सकों की अच्छी उपस्थिति देखी गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि रोस्टर प्रणाली से मरीजों को राहत मिले और अस्पताल की सेवाएं समयबद्ध हों।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0–07 ऑफ 2026–27/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.–01–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–26–27, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में रनिंग रूम 555 एवं 556, रनिंग रूम 17, टीटीई रनिंग रूम, डी केबिन, ईस्ट रिसीविंग केबिन, ईस्ट आउटर केबिन, यूपी प्रस्थान यार्ड, डीआरएम कार्यालय, अस्पताल, रेस्ट हाउस, सी एण्ड टी बैरक, ईटीटीसी हॉस्टल, स्टेशन, साइकिल स्टैंड और छोटे पंप हाउस में नए ट्यूबवेल के लिए बोरिंग का प्रावधान। **(ii) कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 10090560.59 **(iii) धरोहर राशि :** ₹ 201800.00 **(iv) ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 19.05.2026 को 12:00 बजे तक **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in** नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक,**
**पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल**
पीआर/0137/डीडीयू/इंजी./टी/26–27/40

# अवैध पार्किंग वसूली का विरोध : ट्रक चालक पर हमला, घंटों जाम से बाजार ठप, स्कूली बसें फंसीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** बुधवार सुबह हिसुआ बाजार में अवैध पार्किंग वसूली को लेकर बड़ा बवाल खड़ा हो गया। गया रोड से आ रहे धान लदे एक ट्रक चालक द्वारा जबरन पार्किंग शुल्क देने से इनकार करने पर कथित पार्किंग एजेंट और उसके सहयोगियों ने पीछा कर चालक के साथ मारपीट की। घटना बस स्टैंड के समीप शुरू हुई, जहां ट्रक रोककर रुपये की मांग की गई थी। चालक द्वारा गाड़ी आगे बढ़ा देने के बाद आरोपियों ने बाइक से पीछा कर नवादा रोड स्थित बड़की पुल के पास ट्रक रुकवाया और उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान ट्रक की खिड़की तोड़ दी गई और चालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल चालक की पहचान गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। घटना से आक्रोशित चालक ने ट्रक को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया, जिससे पूरे बाजार क्षेत्र में लंबा जाम लग गया। सुबह के समय लगे इस जाम से आम लोगों, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम रहने से बाजार की गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं। वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसमें चार दर्जन से अधिक स्कूली बसें भी फंस गईं। बसों में बैठे बच्चे और शिक्षक घंटों जाम में परेशान रहे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए जाम हटवाया। घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने हिसुआ नगर परिषद और प्रशासन पर अवैध वसूली रोकने में लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि वेंडिंग जोन और बस पड़ाव के नाम पर जबरन वसूली की जा रही है। उन्होंने पर्यटन वाहनों से भी हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## विशेष अभियान के तहत एक बाल श्रमिक मुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में बिहारशरीफ प्रखंड के दीपनगर क्षेत्र में विशेष धावा दल द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरे नालंदा जिले में लगातार चलाया जाएगा, ताकि बाल श्रम पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके। मामले में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, मुक्त कराए गए बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, ताकि उसके पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था की जा सके। इस अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चांदनी रस्तोगी (हरनौत), आईडिया संस्था के जिला समन्वयक उज्ज्वल अश्विनी कुमार, शैलेंद्र प्रसाद एवं दीपनगर थाना की पुलिस टीम भी शामिल रही। श्रम विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रमिक काम करते दिखें, तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित विभाग या नजदीकी थाना को दें, ताकि बच्चों को सुरक्षित भविष्य और शिक्षा का अधिकार मिल सके।

## मकान सूचीकरण को लेकर 320 प्रगणक और 35 पर्यवेक्षक नियुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** भारत की जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण का मकान सूचीकरण कार्य 02 मई 2026 से शुरू होगा। रजौली प्रखंड में यह कार्य 31 मई 2026 तक प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रखंड में कुल 320 प्रगणक और 35 पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में बुधवार को प्रखंड सभागार रजौली में सभी 35 पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की। बैठक में सभी पर्यवेक्षकों को मकान सूचीकरण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चार्ज अधिकारी ने कहा कि सभी पर्यवेक्षक अपने आवंटित क्षेत्र में प्रगणक के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। क्षेत्र का भ्रमण करें और मैप के अनुसार चौहद्दी की जांच कर लें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परिवार छूटने न पाए और न ही किसी परिवार की दोहरी गणना हो। उन्होंने कहा कि सभी पर्यवेक्षक अपने क्षेत्र में प्रगणकों के कार्य में पूरा सहयोग करें। यदि कहीं कोई कठिनाई आती है तो तुरंत चार्ज अधिकारी को अवगत कराएं ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। चार्ज अधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र का महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। सही आंकड़े ही विकास योजनाओं का आधार बनते हैं। बैठक में प्रखंड पर्यवेक्षक विरेन्द्र कुमार, अरविन्द कुमार, संजय कुमार, राजीव कुमार, सदानन्द प्रसाद, ओंकार कुमार समेत सभी 35 पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। सभी ने मकान सूचीकरण कार्य को त्रुटिरहित और समय पर पूरा करने का भरोसा दिलाया।

## करंट से किशोर की मौत

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरपुर गांव में मंगलवार रात एक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान धर्मेंद्र मिस्त्री के पुत्र अंकुश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अंकुश की चचेरी बहन की शादी थी और घर में उत्सव का माहौल था। शादी की तैयारियों में अंकुश भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा था। वह टेंट में टेबल लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अपने दोस्तों के साथ घर के पास खेत की ओर गया। खेत में फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिए अवैध रूप से नंगे बिजली के तार लगाए गए थे, जिनमें करंट प्रवाहित हो रहा था। इसी तार की चपेट में आने से अंकुश गंभीर रूप से झुलस गया। साथ गए दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। परिजन उसे तत्काल जुआफर बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी की आत्मा की शांति को लेकर शोकसभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बुधवार को अपराह्न में भागलपुर के समीक्षा भवन में दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी सुलतानगंज कृष्ण भूषण कुमार की दिवंगत आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में इस पीड़ादायक दुःख सहने की असीम शक्ति प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में 2 मिनट का शोक सभा का आयोजन किया गया है। शोक सभा में नगर आयुक्त किशलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन कुंदन कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी जनार्दन सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित जिलास्तरीय तमाम पदाधिकारी एवं समाहरणालय के कर्मचारी गण शामिल थे। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 28 अप्रैल 2026 को सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में घटित दुखद घटना अत्यंत पीड़ादायक है। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी, सुल्तानगंज, कृष्ण भूषण कुमार ने अदम्य साहस एवं अद्भुत वीरता का परिचय दिया। नियत परिस्थिति विपरीत होने के बावजूद उन्होंने हथियारबंद तीन हमलावरों का अकेले सामना किया तथा उन्हें रोकने एवं पकड़ने का सराहनीय प्रयास किया। उनका यह साहसिक कार्य अन्य पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। ऐसे प्रयास ही अपराधियों के मनोबल को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री कुमार एक शांत, सरल एवं कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी थे। विकास कार्यों के प्रति उनकी गहरी रुचि थी तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों के कारण उन्हें राज्य स्तर पर भी कई बार सम्मानित किया गया। इस दुखद घड़ी में मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दें।

## शराब पीकर महिला को बाइक से कुचलने वाले आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के अमावां गांव के टाल पर मोहल्ले में बीते मंगलवार को शराब के नशे में धुत्त बाइक सवार दो युवकों ने घर से निकल रही महिला को कुचल दिया। इस घटना में महिला का बायां पैर टूट गया और शरीर में अंदरूनी चोटें भी आईं। घटना के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कौशर जहां अपने घर के दरवाजे से गली में निकल रही थीं। तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और पैर को रौंदते हुए आगे बढ़ गए। महिला की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और भाग रहे दोनों युवकों को पकड़ लिया। लोगों ने बताया कि पकड़े गए युवकों के मुंह से शराब की तेज गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। वहीं गंभीर रूप से घायल कौशर जहां को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थिति गंभीर होने पर नवादा से पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। घायल महिला के पति जसिमउद्दीन ने थाने में लिखित आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में अकबरपुर थाना क्षेत्र के सादिकपुर गांव निवासी रामवृक्ष राम के पुत्र सतीश कुमार उर्फ सन्नी कुमार और सत्येंद्र राम के पुत्र अजीत कुमार ने बाइक से उनकी पत्नी को टक्कर मारी है। आरोप है कि दोनों ने घटना के बाद उन्हें परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दोनों युवकों के शराब पिए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से की गई। मेडिकल जांच में भी शराब पीने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों सतीश कुमार उर्फ सन्नी कुमार और अजीत कुमार को बुधवार को मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बाइक को भी जब्त कर लिया है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## रजौली बुनियाद केंद्र में 22 लोगों को मिला निःशुल्क चश्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** बुनियाद केंद्र में बुधवार को 22 लोगों के बीच निःशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। ये चश्मे उन लोगों को दिए गए जिनकी आंखों की जांच 20 दिन पहले बुनियाद केंद्र में की गई थी। समाज कल्याण विभाग की देखरेख में चलने वाले बुनियाद केंद्र पर राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा सूचीबद्ध एजेंसी के माध्यम से आंखों की स्क्रीनिंग की जा रही है। यह जांच बीते 6 अप्रैल से शुरू हुई है और 5 मई तक चलेगी। यह सुविधा 'सक्षम' की ओर से बुनियाद केंद्र के माध्यम से उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत दी जा रही है। इस योजना के तहत किसी भी उम्र के लोग बुनियाद केंद्र पहुंचकर अपने नेत्र की जांच करवा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराना होता है। नेत्र जांच के बाद एक से दो सप्ताह के अंदर चश्मा बनकर बुनियाद केंद्र पहुंच जाता है। चश्मे आ जाने पर बुनियाद केंद्र के कर्मी संबंधित व्यक्ति को फोन करके सूचित करते हैं। सूचना पाकर लाभुक आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन कार्ड के साथ बुनियाद केंद्र आकर चश्मा ले जा रहे हैं। बुधवार को चश्मा वितरित कर रहे सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि चश्मे वितरण के पहले दिन कुल 22 लोगों को चश्मा दिया गया है। उन्होंने कहा कि चश्मा लेने के लिए लाभुकों को आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ रजिस्ट्रेशन कार्ड लाना अनिवार्य है।

## सदर अस्पताल में निजी एंबुलेंसों की गतिविधियों पर कार्रवाई




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सदर अस्पताल, नवादा में निजी एंबुलेंसों की अवैध गतिविधियों एवं मरीजों को गुमराह करने की प्राप्त शिकायतों के आलोक में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निदेशानुसार अमित अनुराग, अनुमण्डल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं नवीन कुमार पाण्डेय, जिला परिवहन पदाधिकारी, नवादा द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अस्पताल परिसर में एक निजी एंबुलेंस वाहन खड़ी पायी गई, जिस पर 2500 रुपये (नो पार्किंग) का जुर्माना लगाया गया तथा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त, सदर अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर सड़क किनारे दो अन्य निजी एंबुलेंस खड़ी पाई गईं, जिनमें पॉल्यूशन फ़ेल रहने के कारण 2000 रुपये तथा एक अन्य में फिटनेस फ़ेल रहने के कारण 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पूछताछ के दौरान संबंधित चालकों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त निजी एंबुलेंस द्वारा मरीजों एवं उनके अभिभावकों को गुमराह कर उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित करते हुए निजी अस्पतालों की ओर ले जाया जाता है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि अस्पताल परिसर में 12 सरकारी एंबुलेंस खड़ी थीं, किन्तु किसी भी वाहन पर न तो चालक उपस्थित थे और न ही क्ष्मद्ध (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) टीम के सदस्य मौजूद थे। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित सभी एंबुलेंस चालक एवं क्ष्मद्ध कर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु जिला परियोजना प्रबंधक, सदर अस्पताल, नवादा को निर्देशित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि मरीजों की सुविधा एवं सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा अवैध गतिविधियों एवं कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कार्यपालक पदाधिकारी को दी गई श्रद्धांजलि

**हिलसा (नालंदा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की हत्या के बाद पूरे राज्य के नगर निकायों में शोक की लहर है। इसी कड़ी में बुधवार को हिलसा नगर परिषद कार्यालय परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा का आयोजन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कार्यालय के सभी कर्मियों ने स्वर्गीय कृष्ण कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार सिंह ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशासनिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने स्व. कृष्ण कुमार की कार्यशैली को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने सरकार से मांग किया कि इस जघन्य घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके पर प्रधान सहायक अलबेला प्रसाद, लेखपाल पिंटू कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी उज्ज्वल आनंद समेत कई कर्मचारी मौजूद थे।

## बेटी की विदाई के बीच पिता की दुर्घटना में मौत

### मातम में बदली शादी की खुशियां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र के चरुईपर गांव में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां बेटी की शादी के दिन ही पिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। घर में जहां कुछ देर पहले तक शादी की खुशियां थीं, वहीं अचानक मातम पसर गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय आरजू पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बारात शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र के मई गांव से आई थी। घर में समधी मिलान की रस्म पूरी हो चुकी थी और आरजू पासवान बारातियों के स्वागत में जुटे थे। इसी दौरान जब वे घर के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे काफी दूर जा गिरे। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के वक्त बेटी धर्मशीला कुमारी को सिर्फ इतना बताया गया कि पिता को हल्की चोट लगी है। किसी तरह शादी की रस्में पूरी कराई गईं और बेटी की विदाई हो गई। लेकिन ससुराल पहुंचने के बाद जब उसे पिता की मौत की खबर मिली, तो वह टूट गई। बुधवार सुबह बेटी वापस मायके पहुंची, जहां पिता का शव देखकर उसका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिस घर में एक दिन पहले तक हंसी-खुशी का माहौल था, वहां अब सिर्फ चीख-पुकार और सन्नाटा है। मृतक के भांजे सुदामा पासवान के अनुसार, शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बाराती दरवाजे पर नाच-गा रहे थे। तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही नूरसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस को घटनास्थल से स्कॉर्पियो का टूटा हुआ नंबर प्लेट मिला है, जिसके आधार पर फरार वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## 'स्कूल चलें' अभियान के तहत 48 बच्चों का नामांकन, दी गईं किताबें व बैग

### कुल 48 बच्चों का कराया गया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्कूल चले अभियान के तहत मंगलवार (29 अप्रैल 2026) को सिलाव प्रखंड में विशेष नामांकन अभियान चलाया गया। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिलाव के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं के सहयोग से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चों को स्कूलों में नामांकित कराया गया। इस दौरान मध्य विद्यालय धारहरा, सिलाव में 20 बच्चों तथा उर्दू +2 माध्यमिक विद्यालय, बढ़ाकर सिलाव में 28 बच्चों का नामांकन वर्ग 1 में किया गया। इस प्रकार कुल 48 बच्चों का स्कूल में दाखिला सुनिश्चित कराया गया। नामांकन के बाद सभी बच्चों के बीच निःशुल्क किताबें, स्कूल बैग और पानी की बोतल वितरित की गई। साथ ही बच्चों और उनके अभिभावकों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन का कहना है कि इस तरह के अभियान से न केवल बच्चों का नामांकन बढ़ेगा, बल्कि ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी और शिक्षा के प्रति जागरूकता मजबूत होगी।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर 3 को ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज अंदर बाजार में शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी स्थान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन को लेकर आगामी तीन मई 2026 को विधिवत ध्वजारोहण होगा। उसके बाद प्याज, लहसुन, मांस, मछली व मांसाहारी भोजन वर्जित हो जायेगा। उसके बाद 6 मई 2026 को यज्ञ मंडप से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 13 मई 2026 को नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में देवी मां एवं अन्य मूर्तियों का भक्तिभाव से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रतिदिन भंडारे होगी। वैसे 14 मई 2026 को पूर्णाहुति और



विशाल भंडारे के साथ आयोजित महायज्ञ सम्पन्न हो जाएगा। आयोजन समिति के लोगों ने कहा इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा शतचंडी महायज्ञ सह बड़ी देवी स्थान प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व धार्मिक अनुष्ठान के साथ वृंदावन के कलाकारों के माध्यम से रासलीला का मंचन भी होगा। वृंदावन के कथावाचक किशोरी नंदनी जी के माध्यम से संगीतमयी श्री मदभागवत कथा होगा। यह कथा मंदिर के निकट बने यज्ञशाला में प्रतिदिन सात से शुरु होगा। जो दस बजे रात तक चलेगा। उसके बाद वृंदावन के कलाकारों के माध्यम से रासलीला का मंचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में वाराणसी के योगी राज समाधि बाबा का गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लोग लगे हुए हैं। मंदिर के निकट भव्य और आकर्षक यज्ञ वेदी बनाया गया है।

## प्रभाकर झा बने अंबाला एआईसीसी पर्यवेक्षक

**नवादा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी गोपेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री प्रभाकर झा जी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से अंबाला नगर निगम के महापौर चुनाव में पर्यवेक्षक बनाया गया है इसके लिए प्रभाकर झा जी को बधाई एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार। नवादा जिला युवा कंग्रेस के अध्यक्ष मनोज कुमार ने श्री झा को बधाई देते हुए कहा कि प्रभाकर झा जी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक पार्टी के प्रति समर्पित होकर 2024 में भी अंबाला लोकसभा का चुनाव जिताकर कंग्रेस के झोली में दे चुके है और हरियाणा विधानसभा चुनाव- 2024 में भी 09 में से 06 विधानसभा चुनाव में कंग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने में अपना योगदान दे चुके हैं। श्री झा हमेशा नवादा का नाम रौशन करते है हम सभी नवादा वासियों को उनपर गर्व है।

बधाई देने वालों में प्रदेश कंग्रेस डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित, बलिराम सिंह, इंटक के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, रजौली के प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी, हिसुआ प्रखंड कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार, बेदामी देवी, जागेशर पासवान, मुकेश राजवंशी, फ़करु अली अहमद, अर्जुन मांझी, कुंदन दीप, कारु राम, राजा पाण्डेय, मनीष कुमार, सच्चिदानंद सिंह, कुंदन कुमार, संतोष कुमार, मनोज पासवान सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने श्री प्रभाकर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## रजौली की सवैयाटांड़ पंचायत में गहराया जल संकट

### गंदा पानी पीने को लेकर लोग मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय से सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत क्षेत्र में भीषण जल संकट से हजारों ग्रामीण जूझ रहे हैं। नल जल योजना शोभा की वस्तु बन गई है और चापाकल खराब पड़े हैं। ऐसे में लोग तालाब और चुआं के गंदे पानी से जीवन यापन करने को मजबूर हैं। सवैयाटांड़ पंचायत के चटकरी, झलकडीहा, सिमरातरी, बसरौन, बाराटांड़ समेत अन्य गांवों में नल जल योजना के तहत जल मीनार तो बना, पाइप लाइन का जाल भी बिछाया गया, लेकिन महीनों से सारी व्यवस्थाएं ठप पड़ी हैं। पंचायत में लगे अधिकांश सार्वजनिक चापाकल खराब हैं। गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है। महिलाएं दूर तालाब से बर्तन में गंदा पानी भरकर लाती हैं। चटकरी गांव निवासी ब्रह्मदेव सिंह, सुरेश सिंह, भोला तुरिया, सनोज तुरिया, पिंटू साव, फुलवा देवी, संगीता देवी, रेखा देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत मुख्यालय से मात्र 22 किलोमीटर दूर होने के बाद भी बुढ़ियासाख से रास्ता खराब होने के कारण झारखंड के कोडरमा होते हुए रजौली की दूरी लगभग 80 किलोमीटर पड़ जाती है। इस कारण सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं पंचायत क्षेत्र में प्रभावी ढंग से नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीण खुद को नवादा से कटा हुआ महसूस करते हैं।

**विभागीय उदासीनता से ग्रामीण बेहाल**

गर्मी को देखते हुए नवादा डीएम रवि प्रकाश ने बीते माह चापाकल मरम्मती दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह दल सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत के लिए था। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण शिकायत के बाद भी मरम्मती दल चटकरी गांव नहीं पहुंचा है। इससे पेयजल संकट गहरा गया है। गंदे पानी के उपयोग से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।ग्रामीणों को प्रशासनिक अधिकारियों से उम्मीद है कि वे समस्याओं पर विचार करेंगे और प्राथमिकता के साथ समाधान निकालेंगे।

# शहर में प्रतिदिन सुबह और शाम पानी की आपूर्ति करें सुनिश्चित : डीएम

## गया में पेयजल आपूर्ति के लिए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भीषण गर्मी के बीच शहर के विभिन्न इलाकों में जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने नगर आयुक्त और बुडको की टीम के साथ पुलिस लाइन स्थित सिंगरा स्थान जलापूर्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पिछले चार दिनों से इस केंद्र से सही ढंग से पानी आपूर्ति नहीं होने की शिकायत मिल रही थी जिसके बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए यह निरीक्षण किया गया। यह जलापूर्ति केंद्र एपी कॉलोनी, चंदौती, मुस्तफाबाद, मगध मेडिकल, चाणक्यपुरी कॉलोनी, पुलिस लाइन, ग्वालबीघा, मुन्नी मस्जिद सहित कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति करता है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र पर दो बड़े जलाशय हैं जिनमें एक की क्षमता 4 एमएलटी और दूसरे की 4.24 एमएलटी है। इन टंकियों को भरने में लगभग 7 से 8 घंटे का समय लगता है जबकि पानी का वितरण 40 से 45 मिनट में हो जाता है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि गर्मी के इस मौसम में जलापूर्ति केंद्रों पर लगातार कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह और शाम पूरे दबाव के साथ अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी घर में पानी की कमी न हो। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी स्वयं जलाशय के ऊपरी तल पर पहुंचे और टंकी में भरे पानी के स्तर की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पानी चालू और बंद करने की प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए। इस दौरान पुलिस लाइन मुख्य सड़क के किनारे एक बंद पड़े सुलिस वाल्व को देखकर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने बुडको के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा तथा उनके वेतन भुगतान पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही आदेश दिया कि अगले 24 घंटे के भीतर इस वाल्व को दुरुस्त कर जलापूर्ति बहाल की जाए। जिला पदाधिकारी ने नगर आयुक्त को भी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर जलापूर्ति सुचारू नहीं होती है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, सहायक समाहर्ता, बुडको के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा नगर निगम के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के तहत विशेष 'सोलर लोन मेला' आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और आम उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चांदौती स्थित बिजली कार्यालय परिसर में विशेष 'सोलर लोन मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में लाभार्थियों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने योजना के प्रति गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया, ताकि आम नागरिकों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सरल तरीके से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक और प्रतिनिधि, सोलर उपकरण आपूर्तिकर्ता और बड़ी संख्या में जागरूक उपभोक्ता भी मेले में शामिल हुए। मेले का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सौर पैनल लगाने के लिए मिलने वाले ऋण की प्रक्रिया को सरल बनाना और उन्हें तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना था। बैंक प्रतिनिधियों ने उपभोक्ताओं को विस्तार से बताया कि सोलर लोन कैसे प्राप्त किया जा सकता है और इसके लिए किन दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए राहत की बात रही जिनके आवेदन पहले अस्वीकृत हो चुके थे। ऐसे कुल 404 आवेदनों में से 143 मामलों में बैंकों ने पुनर्विचार करते हुए ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू की। मेले की सबसे खास बात यह रही कि उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर पंजीकरण, ऋण और सोलर पैनल स्थापना से जुड़ी सभी जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ी।

# पांडुलिपियां हमारी सांस्कृतिक पहचान एवं ऐतिहासिक धरोहर : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** कला संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में देशव्यापी स्तर पर ज्ञान भारतम मिशन संचालित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी मिशन का उद्देश्य प्राचीन एवं दुर्लभ पांडुलिपियों का संरक्षण, संवर्धन एवं डिजिटाइजेशन कर उन्हें सुरक्षित रखना है, ताकि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आने वाली पीढ़ियां उससे ज्ञान अर्जित कर सकें तथा शोध कार्यों में उसका उपयोग कर सकें। इसी क्रम में अरवल जिला में जिलाधिकारी, अरवल अमृषा बैंस के निर्देशन में पांडुलिपियों के सर्वेक्षण एवं संरक्षण हेतु एक समिति का गठन कर पूरे जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पांडुलिपि से अभिप्राय ऐसे हस्तलिखित दस्तावेजों से है, जो 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हों तथा ताम्रपत्र, भोजपत्र, कागज, कपड़े आदि माध्यमों पर लिखे गए हों। जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा पांडुलिपियों के संरक्षण, संवर्धन एवं डिजिटाइजेशन के उद्देश्य से कुर्था प्रखंड के ग्राम टाली का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्राम टाली निवासी अजगेंद्र कुमार के आवास पर जाकर उनके द्वारा संरक्षित पांडुलिपियों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। अजगेंद्र कुमार द्वारा लगभग 100 से अधिक पांडुलिपियों का संरक्षण अत्यंत समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ किया गया है, जो जिले की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पांडुलिपियों की स्थिति, उनके संरक्षण के उपायों एवं उनके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की तथा इस उत्कृष्ट कार्य हेतु अजगेंद्र कुमार को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही इस कार्य में सहयोग देने वाले युगल किशोर पाठक एवं रणधीर पाठक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पांडुलिपियां हमारी सांस्कृतिक पहचान एवं ऐतिहासिक धरोहर का महत्वपूर्ण आधार हैं। इनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# 5वीं तक की पढ़ाई 11 बजे के बाद नहीं चलेगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** सभी सरकारी, गैर सरकारी और प्री स्कूल के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र-कोचिंग संस्थानों के लिए नया आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार 5वीं तक की शैक्षणिक गतिविधियां सुबह 11 के बाद नहीं चलेंगी। छठी से 8वीं तक की कक्षाएं दोपहर 12 बजे के बाद बंद करनी होगी। यह आदेश 29 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। गयाजी में पिछले 5 दिनों से भीषण गर्मी है। सुबह 9 बजे के बाद ही सड़कें सुनसान होने लग रही। दोपहर होते-होते तापमान और बढ़ जाता है। स्थिति को देखते हुए डीएम शशांक शुभंकर ने ये फैसला लिया है। बिहार में कई जगह पारा 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया जबकि मौसम विभाग पहले ही गया समेत दक्षिण बिहार के जिलों के लिए लू और गर्म हवाओं का अलर्ट जारी कर चुका था।

# अपहृता बरामद, दो आरोपित गिरफ्तार

## शादी की नीयत से किया गया था अपहरण, अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र में अपहरण के एक मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद बुधवार को कर लिया। साथ ही इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल को पीड़िता की मां ने आंती थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्री घर से बाहर गई थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को जानकारी मिली कि एक युवक ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उनकी पुत्री का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया है। इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 55/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। एसआई मीरा कुमारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर अपहृता एवं एक आरोपी नीतीश कुमार को बुधपरैया गांव से सकुशल बरामद कर लिया। वहीं, दूसरे आरोपी सन्नी कुमार को आंती थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी कुमार उर्फ गौतम कुमार (पिता-सुरेन्द्र प्रसाद उर्फ राम प्रवेश मेहता, निवासी आंती) एवं नीतीश कुमार (पिता-संजय पासवान, निवासी बुधपरैया, थाना परैया, जिला गया) के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और किशोरी को न्यायालय में बयान दर्ज कराया गया। वहीं इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को नहीं मिला कॉलोनी का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गयाजी।** प्रखंड क्षेत्र के पचरतन पंचायत अंतर्गत अमारूत में कई जरूरतमंद परिवार आज भी आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी आवास योजना के बावजूद गरीब एवं असहाय परिवार अब भी कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं। अमारूत ग्राम निवासी जनार्दन पाठक का कहना है कि सिर्फ वोट के समय नेता आते हैं कई वादे कर जाते हैं। पर उस वादे पर खड़े नहीं उतरते हैं जरूरतमंदों को लगातार कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता है। बरसात और गर्मी के दिनों में जर्जर घरों में रहने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं जिन्हें अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सम्बंधित विभाग को सर्वे कर जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिलना चाहिए ताकि गरीबों को पक्का घर का सपना पूरा हो सके।

# खजुरी पैक्स अध्यक्ष के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के खजुरी पैक्स अध्यक्ष अशरफ अंसारी के पिता फहीम अंसारी (72) का मंगलवार देर रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को उनके पैतृक गांव नेहोरा स्थित कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल अदा की गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की और शोक संतप्त परिजनों को सब्र प्रदान करने की कामना की।

# आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा आज कुर्था प्रखंड अंतर्गत ग्राम टाली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र में संचालित सेवाओं की गुणवत्ता, बच्चों एवं गर्भवती/धात्री महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा पोषण कार्यक्रमों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र की आधारभूत संरचना, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित बच्चों की उपस्थिति, पोषाहार वितरण, टीकाकरण से संबंधित अभिलेखों तथा पंजी संधारण की भी गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पोषाहार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया।

# खुशी के नाम पर हर्ष फायरिंग पर लगे रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्रगति के बावजूद कुछ खतरनाक परंपराएं आज भी जारी हैं। शादी-विवाह, बारात, जन्मदिन सहित अन्य खुशी के अवसरों पर की जाने वाली हर्ष फायरिंग एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। इस संबंध में समाजसेवी महताब अंसारी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे तुरंत बंद कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खुशी के नाम पर चलाई गई एक गोली कई बार निर्दोष लोगों की जान ले लेती है जिससे खुशियों का माहौल पल भर में मातम में बदल जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में हर्ष फायरिंग के कारण मौत और घायल होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। एक व्यक्ति की मौत केवल एक जान का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे परिवार के टूटने जैसा होता है। इससे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाता है और माता-पिता का सहारा छिन जाता है। महताब अंसारी ने स्पष्ट कहा कि हर्ष फायरिंग न तो शान है, न बहादुरी और न ही परंपरा, बल्कि यह एक खतरनाक कुरीति है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मामलों में सख्त कानून लागू किए जाएं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई ऐसी गलती करने की हिम्मत न करे। उन्होंने सरकार, प्रशासन और समाज के जागरूक लोगों से मिलकर इस कुप्रथा के खिलाफ अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खुशी का इजहार प्रेम, मिठाई, संगीत और आपसी भाईचारे से होना चाहिए, न कि गोलियों से। जागरूक समाज ही सुरक्षित समाज की पहचान है।

# स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही महिलाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा रहा है जहां वे पारंपरिक घरेलू दायरे से निकलकर स्वरोजगार और छोटे व्यवसायों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। इस परिवर्तन में डीजेटी माइक्रोफाइनेंस की भूमिका अहम है जो छोटे ऋण के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान कर रहा है। दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर जैसे जिलों में महिलाएं मधुबनी पेंटिंग सहित विभिन्न गतिविधियों के जरिए न केवल अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि परिवार के खर्च, बच्चों की शिक्षा और बचत में भी सक्रिय योगदान दे रही हैं। मधुबनी जिले के एक छोटे से गांव में महिलाएं आंगन में बैठकर कपड़ों और अन्य उपयोगी वस्तुओं पर मधुबनी पेंटिंग की जटिल आकृतियां बना रही हैं। स्थानीय बाजारों और आसपास के कस्बों में बढ़ती मांग के चलते ये पेंटिंग्स अब कलाकृति, घर की सजावट और दैनिक उपयोग के उत्पादों के रूप में बेची जा रही हैं। इससे महिलाओं को नियमित और स्थिर आय मिल रही है जो उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस बदलाव के केंद्र में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों द्वारा दिए जा रहे छोटे ऋण हैं। उद्योग रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2025 तक बिहार देश का सबसे बड़ा माइक्रोफाइनेंस बाजार बन चुका है जिसकी हिस्सेदारी लगभग 15 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां औपचारिक बैंकिंग तक पहुंच सीमित है, वहां ये ऋण महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। मधुबनी जिले के फूलपारस गांव की ध्रुवकला देवी ने बताया डीजेटी माइक्रोफाइनेंस से छोटा ऋण लेने के बाद मैंने मधुबनी पेंटिंग में उपयोग होने वाले पेंट ब्रश, रंग और पेपर की दुकान शुरू की। आज मुझे स्थिर आमदनी होती है, मैं घर के खर्चों में सहयोग करती हूं और भविष्य के लिए बचत भी कर रही हूं। इस अवसर ने मुझे आत्मविश्वास और वित्तीय स्वतंत्रता दी है। स्थानीय हाट, त्योहारी सीजन और विवाह जैसे अवसर भी इन महिलाओं के लिए आय बढ़ाने के महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं जहां पारंपरिक उत्पादों की मांग में वृद्धि होती है। इस आर्थिक बदलाव का सामाजिक प्रभाव भी स्पष्ट है। वित्तीय स्वतंत्रता के साथ महिलाओं की भूमिका परिवार और समाज में मजबूत हो रही है। वे अब निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी कर रही हैं, सम्मान प्राप्त कर रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

# मौसम ने बदली करवट, गर्मी से मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** भीषण गर्मी से जूझ रहे कोंच प्रखण्ड के लोगों को बुधवार को राहत मिली। हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं से मौसम सुहाना हो गया जिससे लोगों ने राहत महसूस की। पिछले पखवाड़े से पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित था और लू के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही थी। मौसम में अचानक आए बदलाव से तापमान में गिरावट आई और वातावरण में ताजगी लौटी। आसमान में बादलों की आवाजाही से बारिश जैसा माहौल बना रहा। मौसम विभाग ने पहले ही आंधी, बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई थी जिसे बुधवार को आंशिक रूप से देखा गया।

# नल-जल योजना के तहत सभी घरों तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंन्स द्वारा आज कुर्था प्रखंड अंतर्गत टाली ग्राम में हर घर नल-जल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। भीषण गर्मी एवं लगातार गिरते भूमिगत जल स्तर के मद्देनजर संभावित पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए यह निरीक्षण किया गया, ताकि आमजन को निर्बाध एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जलापूर्ति की वर्तमान स्थिति, पाइपलाइन नेटवर्क, जल टंकी, मोटर, बोरिंग तथा जल वितरण व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि नल-जल योजना के तहत सभी घरों तक नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी को तत्काल दुरुस्त किया जाए।

# लगन के मौसम में रिश्तों की मजबूत हो रही डोर, परंपरा और आधुनिकता का संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** इन दिनों शहर से लेकर गांव तक लगन की धूम मची हुई है। वैवाहिक आयोजनों की चहल-पहल से हर ओर उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। कोई अपने परिवार में शादी की तैयारियों में जुटा है तो कोई रिश्तेदारों और इष्ट-मित्रों के यहां आयोजित समारोहों में रस्मों को निभाने में व्यस्त है। देर रात तक चलने वाले इन आयोजनों में लोग पूरे उत्साह के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों का निर्वहन कर रहे हैं। लगन के इस मौसम में हर उम्र के लोग अपनी-अपनी भूमिका में सक्रिय नजर आ रहे हैं जहां बुजुर्ग परंपराओं को सहेजने में लगे हैं, वहीं युवा आधुनिकता के साथ परंपराओं का समन्वय कर समारोहों में नया रंग भर रहे हैं। शादी के मंडप से लेकर भोज और संगीत की महफिलों तक, हर जगह खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। महिलाएं जहां रस्मों को निभाने में व्यस्त हैं, वहीं पुरुष आयोजन को सुव्यवस्थित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। स्थानीय जिला पार्षद रेणु कुमारी एवं राजद प्रखण्ड प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार का कहना है कि लगन का मौसम सामाजिक एकजुटता का प्रतीक होता है। इन आयोजनों में शामिल होकर न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी अगली पीढ़ी तक पहुंचती है। उन्होंने कहा कि यह मौसम केवल वैवाहिक बंधनों को ही नहीं, बल्कि सामाजिक रीति-रिवाजों और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# गयाजी में गुस्साए लोगों ने पुलिस पर किया पथराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बोधगया थाना क्षेत्र के जानी बिगहा निवासी ललन यादव की पत्नी सुमित्रा देवी की सड़क हादसे में मौत हो गई। सुमित्रा अपने पति के साथ बाइक से मायके मुशरब्दा से ससुराल लौट रही थीं। रास्ते में नहाटा के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि सुमित्रा सीधे हाईवा के पहिए के नीचे चली गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क जाम कर दिया। इसके बाद गुस्साए लोगों को पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो इन्होंने पुलिस पर अटैक कर दिया जिसमें थानाध्यक्ष को चोट लगी है। बता दें कि सड़क हादसे के बाद देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। गुस्साए लोगों ने सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। सड़क जाम होते ही इलाके में गाड़ी की लंबी कतार लग गई। ग्रामीणों का गुस्सा सिर्फ हादसे तक सीमित नहीं था। लोगों का आरोप था कि इस सड़क पर लगातार भारी गाड़ी की तेज रफ्तार जानलेवा बन चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। सूचना मिलते ही मोहनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटाने की कोशिश शुरू की, लेकिन माहौल और भड़क गया। ग्रामीण मौके पर डीएम व एसएसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लाठी डंडे व पथराव शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस दौरान मोहनपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है। उन्हें ऊपर के होठ के पास चोट लगी है। वहीं एक एएसआई को भी मामूली चोट आई है। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हाईवा चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार है। मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में थानाध्यक्ष संजय कुमार से बातचीत करने की कोशिश की गई तो उन्हें बात करने से इनकार कर दिया। वे कहने लगे कि बाद में जानकारी दूंगा, अभी इलाज करा रहा हूं। अभी बोलने में तकलीफ हो रही है।

संपादकीय

## ट्रंप पर दूसरा हमला



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर वाशिंगटन के होटल हिल्टन में डिनर पार्टी के दौरान हुए जानलेवा हमले से जहां अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं यह ट्रंप की अपने ही देश में बढ़ती अलोकप्रियता का भी यह स्पष्ट संकेत है। हमलावर अमेरिकी है और वो ट्रंप को गद्दार बता रहा था। हालांकि अमेरिकी सीक्रेट एजेंटों ने तत्काल जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावर को दबोच लिया, लेकिन असल सवाल यही है कि इस अति उच्च स्तर की डिनर पार्टी में हमलावर हथियार लेकर पहुंचा कैसे? सुरक्षा एजेंसियों को इसकी भनक क्यों नहीं लग पाई। जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे ईरान कनेक्शन भी ढूंढ रही है, लेकिन प्राथमिक जांच में इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में शनिवार रात एक बार फिर हमले की कोशिश हुई। हालांकि हमलावर सीधे ट्रंप तक नहीं पहुंच पाया और घटनास्थल में घुसने के बाद ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में जुटे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे मुठभेड़ के बाद जिंदा पकड़ लिया। हमलावर का नाम कोल टॉमस एलन बताया गया है, जो कि कैलिफोर्निया में एक शिक्षक रह चुका है। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि हमलावर ने इसकी लंबी प्लानिंग की थी। वह खुद भी होटल में बतौर अतिथि रूका हुआ था। इसलिए सुरक्षा एजेंसियों को उस पर शक नहीं हुआ और वह सुरक्षा घेरे को भेदकर पार्टी में पहुंच सका। हमलावर के हाथ में शॉटगन, हैंडगन और कई चाकू थे। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने घटना के बाद बताया कि हमलावर कमरे (बॉलरूम) से लगभग 50 गज की दूरी पर था, जब उसने सुरक्षा चेकपॉइंट की ओर तेजी से दौड़ लगाई थी। बॉल रूम में पहुंचने के बाद उसने ताबड़तोड़ गोलियां दागीं, जिससे कई लोगों ने टेबलों के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई। अमेरिकी कानून के मुताबिक हमलावर को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। इस हमले के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ- साथ दुनिया के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इस हमले में राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के सकुशल बचने पर राहत जताई है। हालांकि जितनी जल्दी ट्रंप के सकुशल बचने पर भारत की सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने आई, वैसी ईरानी सुप्रीमो अयातुल्लाह खामेनेई और उनके साथियों की अमेरिका द्वारा हत्या के मामले में नहीं दिखाई दी। अगर हमलावर का कोई ईरानी कनेक्शन नहीं है तो यह माना जाएगा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता अपने ही देश में अब निचले स्तर पर है। ईरान युद्ध में उनकी कूटनीतिक और सैनिक विफलता उजागर हो चुकी है। उनके बड़बोलेपन और अस्थिर मनोवृत्ति का खमियाजा पूरी दुनिया भुगत रही है। बावजूद इस सचाई के किसी भी राजनेता पर हिंसक हमला कहीं से भी जायज नहीं ठहराया जा सकता। वैसे भी बीते दो साल में ट्रंप पर यह दूसरा जानलेवा हमला है।

दोनों में वो बच गए, यह भाग्य की बात है, लेकिन इससे उनके व्यवहार और कार्यशैली में किसी तरह की गंभीरता और विश्वसनीयता आई हो, यह कहीं से नहीं लगता। ईरान युद्ध और समूचे विश्व को ऊर्जा संकट में धकेलना ट्रंप की अदूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है। अगर उन्होंने युद्ध के बजाए कूटनीति से ही काम लिया होता तो दुनिया इतनी परेशान नहीं होती। ट्रंप यह भूल जाते हैं कि ईरान संकट की वजह से बाकी दुनिया के साथ साथ खुद अमेरिकी भी बहुत परेशान हैं। भारतीयों के प्रति उनके मन में विद्वेष के चलते कई प्रतिभाशाली भारतीय अब अमेरिका छोड़ने का मन बना रहे हैं। उधर ईरान ने जिस तरह ट्रंप को अपनी कूटनीति के जाल में फंसा दिया है, उससे निकलने का रास्ता भी ट्रंप को नहीं सूझ रहा है। हालांकि वो अब विक्टिम कार्ड खेलेंगे, यह तय है।

# रिकॉर्ड मतदान किसके लिए फायदेमंद

**भारतीय चुनाव में जो कभी नहीं हुआ वह 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हो गया। अभी तक 92.86 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड हुआ है। तमिलनाडु का भी लगभग 85 प्रतिशत मतदान एक रिकॉर्ड है। अंतिम आंकड़ा आने के बाद इसमें और वृद्धि होगी। पूर्वोत्तर राज्यों में मतदान प्रतिशत औसत से अधिक रहा है किंतु वहां भी केवल 2018 के त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में 91.4% मतदान हुआ था। बंगाल में 2011 से मतदान औसत से ज्यादा रहा। 2011 में 84.5%, 2016 में 82.56% और 2021 में 81.56% मतदान हुआ। वैसे 2010 के बाद से मतदान में वृद्धि देशव्यापी प्रवृत्ति रही है। मतदान अंकगणित का विषय है लेकिन इसकी परिणति राजनीतिक होती है और उनके मायने राजनीति के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम तक जाते हैं। बंगाल का दूसरा चरण अभी बाकी है इसलिए संपूर्ण मूल्यांकन उसके बाद ही होगा।**

चुनाव के दौरान बने हुए माहौल का संकेत यही है की मतदान की रिकॉर्ड प्रवृत्ति में ज्यादा अंतर नहीं आने वाला और यहीं संकेत भी छिपा हुआ है। 2010 के पहले सामान्य मतदान में वृद्धि को सत्तारूढ़ पार्टी या घटकों की पराजय के रूप में देखा जाता था और अधिकतर मामलों में ऐसा ही हुआ। बाद में यह प्रवृत्ति बदल गई। मतदान बढ़ाने के बावजूद सरकारें वापस आती रही और मतदान घटना पर भी कई सरकारें गईं। इसलिए सामान्यतः मतदान का प्रतिशत किसी सरकार के जाने या नई सरकार के आने या इसके विपरीत राजनीति परिणाम का निश्चयात्मक संकेत नहीं माना जा सकता।

बंगाल में 2011 में 84.5 प्रतिशत का रिकार्ड मतदान हुआ और वामपंथी मोर्चे की 34 वर्षों की स्थापित सरकार चली गई। उसके बाद मतदान प्रतिशत थोड़ा-थोड़ा घटा किंतु ममता वापस आती रहीं। चुनाव आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान या एसआईआर की प्रक्रिया के कारण अब वास्तविक मतदाताओं के नाम ही बचे हैं इसलिए हर राज्य में मतदान प्रतिशत संतोषजनक होगा। पिछले वर्ष बिहार के चुनाव में 67.25% मतदान हुआ जो 2020 के 57.29 प्रतिशत से 9.96% ज्यादा था। बिहार में लगभग 65 लाख नाम एसआईआर की प्रक्रिया में हटाए गए थे। बंगाल में कुल 90 लाख 83 हजार 345 मतदाताओं का नाम सूची से हटा। कई लाख मतदाताओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई हुई है और न्यायिक प्राधिकरणों को फैसला करना है। किंतु 7.66 करोड़ की जगह मतदाताओं की संख्या 6.7 करोड़ रह गई। यह सच नहीं है कि प्रतिशत ज्यादा होते हुए भी कुल मतों की संख्या इतनी नहीं बढी। पिछले चुनाव से लगभग 26 लाख ज्यादा मतदाताओं ने मतदान किया। भारी संख्या में मृतक, दूसरे जगह चले गए या दो जगह नाम वाले या कुछ फर्जी नाम मतदाता सूची में थे और उनके नाम मतदान होते थे जिनकी संख्या बहुत बड़ी थी। इनके नाम पर कितने वोट डाले गए इसकी गणना कोई नहीं कर सकता। अगर 6.77 करोड़ मतदाताओं के आधार पर पिछला मतदान होता तो मतदाताओं की संख्या कम



होती और इस बार वृद्धि बहुत ज्यादा होती। इस महत्वपूर्ण पहलू की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

2011 में ममता बनर्जी ने लगभग 5 वर्षों के अनवरत संघर्ष और आक्रामकता से मतदाताओं में वाममोर्चा सरकार के विरुद्ध गुस्सा एवं आलोड़न पैदा किया था। वाम मोर्चा समर्थक भी उनके साथ आये और तृणमूल का अपना भी आधार खड़ा हुआ। जब से भाजपा ने बंगाल में अपनी विचारधारा और राजनीति को जमीन पर उतारने का अभियान चलाया ममता के विरुद्ध समाज के निचले स्तरों पर जबरदस्त आलोड़न है और कुछ महीनो में 2011 पूर्व की स्थिति ममता एवं भाजपा के संदर्भ में उल्टी है। ममता समर्थक और विरोधी तथा भाजपा समर्थक और विरोधी दोनों पक्षों में स्वयं और अपने मतदाताओं को ज्यादा संख्या में मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने की प्रबल भावना है। 2019 लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम दिखा जब भाजपा ने 40% मत के साथ राज्य 18 सीटें जीत ली। 2018 पंचायत चुनाव में भी जबरदस्त आलोड़न था और संकेत मिल गया कि भाजपा जमीन पर नीचे तक पहुंची है तथा राज्य से कांग्रेस और वाम दलों का लगभग सफाया हो चुका है। भाजपा और उसके विरोधियों की दो ध्रुवीय राजनीति में पक्ष और विपक्ष दोनों तरह की लहर भारत में देखा गया है। 2021 में भी भाजपा ने वातावरण बनाने की कोशिश की पर तब तीन सीटों से बहुमत के 148 तक पहुंचना बंगाल के सामाजिक - सांप्रदायिक समीकरणों में कठिन था। इसलिए लगभग 38% मत के साथ हुआ 77 सीटों तक पहुंच पाये। कोरोना महामारी के कारण बनाए गए सरकार विरोधी माहौल का भी थोड़ा असर हुआ। बंगाल में 1967 के बाद से ही मतदाताओं की सुरक्षा आम लोगों के लिए हमेशा बड़ा मुद्दा रहा है। चुनावी रैगिंग या धांधली प्रदेश का स्वाभाविक चरित्र पिछले 60 सालों में बना रहा है। कांग्रेस फिर वाम दल और तृणमूल कांग्रेस ने भी इस प्रवृत्ति को ज्यादा निष्ठुरता से कायम रखा।

इस बार मतदाताओं का बड़ी संख्या में निकलने का एक प्रमुख कारण मतदान और बाद में के लिए दिखता सुरक्षा आश्वासन था। पहले चरण के लिए केंद्रीय बलों की 2407 कंपनी, 2193 क्विक रिस्पांस टीम व 40,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। जहां कुछ कुछ समस्या हो रही थी मतदान के पहले से ही केंद्रीय बल तुरंत पहुंचते थे। मतदान के दौरान जहां भी समस्या आई सुरक्षा बल ज्यादातर पहुंचे। इसके बावजूद दक्षिण दिनाजपुर के एक भाजपा उम्मीदवार को लोगों द्वारा खदेड़ने और पकड़ कर पिटाई करते वीडियो देखने से अनुमान लग जाता है कि मतदान कैसे भय और आतंक के वातावरण में होता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के कारण ही हिंसा में भी रिकॉर्ड कमी आई। मतदान बाद निश्चित समय तक केंद्रीय बलों की उपस्थिति के निर्णय ने भी मतदाताओं में सुरक्षा भाव पैदा किया। 2021 उसके पहले 2019 और 2018 तीनों चुनावों में मतदान बाद की हिंसा और लोगों के पलायन से भय का माहौल बना था। चुनाव अभियान के बीच प्रदेश की यात्रा करने वालों को 2026 में माहौल में बदलाव दिख रहा था। मतदाता धीरे -धीरे खुलकर अपना मत प्रकट करने लगे थे। लंबे समय बाद मतदान हत्याविहीन, न्यूनतम हिंसा और निर्भयता के वातावरण में संपन्न हुआ है। निस्संदेह, परिणाम में भी यह दिखाई देगा।

ममता और समर्थकों की आक्रामकता का जवाब भाजपा ने भी प्रति आक्रामकता से दिया। गृह मंत्री अमित शाह तक के भाषणों में भी आक्रामकता थी ताकि उनके समर्थक मतदाता भयरहित होकर मतदान के लिए निकलें और आक्रमण होतो उसका प्रतिकार करें या सुरक्षा बलों तक सूचना पहुंचाएं। ममता ने अपनी शैली में हमलावर प्रचार किया और यहां तक कहा कि किसी कार्यकर्ता के साथ कार्रवाई होगी तो सरकार उसके साथ खड़ी ही नहीं रहेगी बल्कि कुछ संस्थाओं के मामले में यहां तक कहा कि उसको हम सरकारी नौकरी दे देंगे। पहले भी ममता उन सबकी रक्षा में सामने दिखीं जिनके विरुद्ध भ्रष्टाचार या अपराध के मामलों में केंद्रीय एजेंसियों ने कार्रवाई की। इसका असर उनके घोर समर्थकों पर था। देश भर में आम मुसलमान भाजपा के विरुद्ध मतदान करता है और उनकी संख्या कहीं कहीं शत-प्रतिशत तक चली जाती है। बंगाल में उनकी आबादी 29 से 30 प्रतिशत के बीच होगी। वे भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए मतदान करने निकले ही होंगे। उसकी प्रतिक्रिया में गैर मुस्लिम समुदाय भी निकले हैं जो टीवी कैमरों पर दिख रहे थे। मुर्शिदाबाद , मालदा, दक्षिण दिनाजपुर आदि जिलों में निकले मतदाता गवाही दे रहे थे कि दोनों पक्षों में करो या मरो का भाव पैदा हो चुका है। जिलों के हिसाब से देखें तो दक्षिण दिनाजपुर में 95.4% , मालदा में 94.43%, मुर्शिदाबाद में 93.58%, उत्तर दिनाजपुर में 94.15%, अलीपुरद्वार में 92.69% , झारग्राम में 92.5%, पश्चिम मेदिनीपुर में 92.118% , बांकुरा में 92.5 0%, पूर्वी मेदिनीपुर में 91.20 प्रतिशत, तथा कूच बिहार में सबसे अधिक 96% मतदान हुआ है।

अध्यात्म

## एक समय पर एक ही काम करें

एक लोक कथा है, पुराने समय एक महिला रोज अपने घर के पास के मंदिर में पूजा करने जाती थी। वह बहुत नियम से भक्ति करती थी और भगवान में उसकी गहरी आस्था थी, लेकिन धीरे-धीरे उसके मन में एक बात घर करने लगी कि मंदिर में आने वाले कई लोग सिर्फ दिखावा करते हैं। कुछ लोग पूजा के समय भी आपस में बातें करते रहते हैं, जिससे माहौल भक्ति वाला नहीं लगता। एक दिन वह महिला बहुत परेशान होकर मंदिर के पुजारी के पास गई और बोली, 'मैं अब इस मंदिर में नहीं आना चाहती। यहां लोग भगवान की भक्ति नहीं करते, बस दिखावा करते हैं और व्यर्थ बातें करते हैं।' पुजारी ने शांति से उसकी बात सुनी। वह उस महिला को अच्छी तरह जानते थे, क्योंकि वह वर्षों से मंदिर आ रही थी। उन्होंने पूछा, 'क्या आप ने सच में यह सब देखा है?' महिला ने कहा, 'हां, मैंने देखा है और मुझे अच्छा नहीं लगता।' पुजारी मुस्कुराए और बोले, 'ठीक है, अगर आपका मन नहीं है तो मत आना, लेकिन इससे पहले मेरा एक छोटा सा काम कर दो।' महिला ने कहा, 'बताइए क्या करना है?' पुजारी ने उसे एक गिलास दूध दिया और कहा, 'इस गिलास को लेकर मंदिर की दो परिक्रमा करो, लेकिन ध्यान रहे कि एक भी बूंद दूध जमीन पर न गिरे।' महिला ने दूध का गिलास लिया और धीरे-धीरे चलने लगी। वह बहुत सावधानी से चल रही थी कि उसका पूरा ध्यान सिर्फ दूध पर था। वह इधर-उधर बिल्कुल नहीं देख रही थी। मंदिर के लोग क्या कर रहे हैं, कौन क्या बोल रहा है- उसने कुछ भी नहीं देखा-सुना। दो परिक्रमा पूरी करने के बाद वह वापस पुजारी के पास पहुंची। पुजारी ने पूछा, 'क्या आप ने देखा कि मंदिर में कौन क्या कर रहा है? क्या किसी व्यक्ति की बातों ने आपको परेशान किया?' महिला ने कहा, 'नहीं, मेरा पूरा ध्यान तो दूध पर था। मैं कुछ और देख-सुन ही नहीं पाई।' पुजारी मुस्कुराए और बोले, 'यही तो सीख है। जब आप ने ध्यान सिर्फ एक काम पर लगाया, तो बाकी सब चीजें महत्वहीन हो गईं। इसी तरह जब हम पूजा करते हैं, तो हमें भी पूरा ध्यान भगवान पर रखना चाहिए। अगर मन इधर-उधर भटकेगा, तो पूजा का पूरा फल नहीं मिलेगा।' महिला को अपनी गलती समझ आ गई। उसने निश्चय किया कि अब वह दूसरों की ओर ध्यान नहीं देगी और केवल भक्ति पर ध्यान लगाएगी। जब हम एक साथ कई काम करने की कोशिश करते हैं, तो हमारा ध्यान टूट जाता है। बेहतर है कि एक समय पर एक ही काम करें और उसे पूरी लगन से पूरा करें, तभी सफलता मिल सकती है। आसपास की व्यर्थ घटनाओं पर ध्यान न दें, ये घटनाएं हमारे मन को भटका सकती हैं।

# किसान स्वायत्तता, जैव विविधता व पोषण की दिशा में एक राह

**अंतरराष्ट्रीय बीज दिवस के अवसर पर मैंने ओपन सोर्स बीज प्रणाली की आवश्यकता महसूस की। आखिर यह ओपन सोर्स बीज प्रणाली है क्या? यह कहाँ काम करती है? इसकी जरूरत क्यों महसूस की जा रही है? क्या यह किसान की स्वायत्तता, जैव विविधता और पोषण सुरक्षा के लिए उपयोगी हो सकती है? और भारत में इसे नीतिगत रूप से लागू करने में क्या दिक्कतें हैं? ओपन सोर्स बीज प्रणाली एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें बीज किसी निजी कंपनी या बौद्धिक संपदा एकाधिकार के अधीन नहीं होता। इसका मूल विचार यह है कि बीज, उसकी जानकारी और उसका उपयोग किसानों, शोधकर्ताओं और समुदायों के लिए खुला रहे।**

यह सोच उस पुरानी किसान-परंपरा से जुड़ती है जिसमें बीज बचाना, साझा करना, बदलना और स्थानीय परिस्थिति के अनुसार सुधारना खेती का स्वाभाविक हिस्सा रहा है।

इस प्रणाली को सरल भाषा में ऐसे समझ सकते हैं: जैसे मुक्त सॉफ़्टवेयर (ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर) में कोई भी व्यक्ति कोड का उपयोग, सुधार और साझा कर सकता है, वैसे ही ओपन सोर्स बीज में किसान बीज को बचा सकता है, बो सकता है, बाँट सकता है और बेहतर भी बना सकता है। इसके पीछे 'बीज पर साझा अधिकार' की सोच है, न कि 'बीज पर निजी कब्ज़ा'।

**यह कहाँ काम करती है?**

ओपन सोर्स बीज आंदोलन की जड़ें अंतरराष्ट्रीय अनुभवों में मिलती हैं। भारत में भी इसे किसान-आधारित बीज संरक्षण, सामुदायिक बीज बैंक, सहभागी प्रजनन और खुले ज्ञान-साझाकरण से जोड़ा जाता है। यह प्रणाली विशेष रूप से वहाँ उपयोगी है जहाँ किसान स्थानीय जलवायु, मिट्टी, सूखा, वर्षा या पोषण जरूरतों के अनुसार बीजों को विकसित करना चाहते हैं। चावल, बाजरा, ज्वार, दालें और सब्जियों की कई पारंपरिक किस्में इस मॉडल के लिए उपयुक्त मानी जा सकती हैं, क्योंकि इनमें स्थानीय अनुकूलन की बड़ी क्षमता होती है।

**इसकी आवश्यकता क्यों है?**

भारत की खेती आज कई दबावों के बीच है—महँगे इनपुट, घटती मिट्टी-स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, बीज पर बढ़ती निर्भरता और बाजार



का एकाधिकार। इस स्थिति में ओपन सोर्स बीज प्रणाली किसान को फिर से केंद्र में लाने की कोशिश करती है। यह केवल तकनीकी विकल्प नहीं, बल्कि कृषि-स्वायत्तता का प्रश्न है। जब बीज किसान के पास रहता है, तो वह हर मौसम में बाजार का खरीदार नहीं बनता। वह अपने अनुभव, अपनी मिट्टी और अपनी जलवायु के अनुसार बीज चुन सकता है।

**किसान की स्वायत्तता, जैव विविधता और पोषण**

स्वायत्तता: किसान केवल उपभोक्ता नहीं रहता, वह सह-नवप्रवर्तक बनता है। उसे हर साल बीज खरीदने की मजबूरी नहीं होती।

जैव विविधता: स्थानीय बीजों में जलवायु संकट (सूखा, बाढ़) झेलने की क्षमता अधिक होती है। ओपन सोर्स मॉडल इन किस्मों को खेतों में जीवित रखता है।

पोषण: पारंपरिक फसलें जैसे रागी, कोदो, कुटकी और देसी दालें पोषण से भरपूर होती हैं। ओपन सोर्स प्रणाली इन 'सुपरफूड्स' के बीजों तक सबकी पहुँच सुनिश्चित करती है।

**भारत में नीतिगत दिक्कतें और कानूनी पक्ष**

भारत में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कानून और आगामी नीतियां (जैसे प्रस्तावित बीज विधेयक) बीज को मुख्यतः एक वाणिज्यिक वस्तु के रूप में देखती हैं। जहाँ सरकार नकली बीजों पर रोक और गुणवत्ता नियंत्रण चाहती है, वहीं डर यह है कि कहीं सामुदायिक बीज विनिमय पर भी व्यावसायिक कड़ाई न लागू हो जाए। एक दूसरी विसंगति यह है कि ओपन सोर्स बीज प्रणाली को अभी स्पष्ट कानूनी मान्यता नहीं मिली है। किसान अपने बीज बचा तो सकता है, लेकिन यदि किसी स्थानीय किस्म पर किसी कंपनी या संस्थान का नियंत्रण बढ़ जाए, तो किसान का अधिकार कमजोर पड़ सकता है। इसलिए नीति-निर्माण में किसान की छूट, सामुदायिक संरक्षण और गैर-व्यावसायिक बीज विनिमय को साफ़ कानूनी सुरक्षा देनी होगी।

हालाँकि, भारत के पास एक मजबूत कानूनी आधार पहले से मौजूद है– पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001।

समाधान के लिए हमें निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान देना होगा:

1. पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम की मजबूती: इस कानून की धारा 39 स्पष्ट रूप से किसान को अपने खेत की उपज से बीज बचाने, उपयोग करने, बोने, विनिमय करने या साझा करने का अधिकार देती है, भले ही वह किस्म संरक्षित ही क्यों न हो। ओपन सोर्स बीज प्रणाली को इसी कानून के दायरे में और अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

2. कानूनी स्पष्टता: यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसान-से-किसान बीज साझा करना किसी भी स्थिति में अपराध न माना जाए। घरेलू बीज बैंक और सामुदायिक बीज पंचायतों को व्यावसायिक बिक्री से अलग श्रेणी में रखा जाए।

3. सार्वजनिक अनुसंधान: सार्वजनिक संस्थानों और किसान समूहों को मिलकर ऐसी किस्में विकसित करनी चाहिए जो 'पैटेंट' मुक्त हों और जिनका लाभ सभी को मिले।

4. संतुलित पंजीकरण: बीज का पंजीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण बाजार के लिए कड़ा हो, लेकिन ग्रामीण स्तर की परंपरागत विनिमय प्रणाली को बाधित न किया जाए।

ओपन सोर्स बीज प्रणाली कोई भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि बीज, भोजन और किसान की स्वतंत्रता से जुड़ा एक व्यावहारिक मॉडल है। पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम 2001 द्वारा दिए गए कृषक अधिकारों को आधार बनाकर हम एक ऐसी व्यवस्था खड़ी कर सकते हैं जहाँ बीज पर किसी कंपनी का एकाधिकार न होकर पूरे समुदाय का साझा अधिकार हो।

अगर भारत सचमुच 'किसान प्रथम' की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे बीज को केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि 'कृषि-स्वराज' का आधार मानना होगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिये जा सकते हैं। व्यवसाय को लेकर बड़ी डील करने के लिये दिन शुभ है।

**वृषभ**

स्वार्थी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिये अत्यधिक शुभ है। व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों की आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**

आपको आज काफी मेहनत करनी पड़ेगी। अपने खानपान को संयमित रखें। राजनीतिक विषयों पर आपको अनावश्यक टिप्पणी करने से बचना चाहिये।

**सिंह**

विदेश में रह रहे लोगों के लिये दिन अच्छा है। मन में आत्मसन्तुष्टि का भाव रहेगा। यात्रा से लाभ होगा। पारिवारिक जीवन अच्छा रहने वाला है।

**कन्या**

राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में आप भाग लेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग सम्बन्धी कार्यों में धन लाभ मिलेगा। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**तुला**

दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। पिता की सलाह लेने से आपको अत्यधिक लाभ मिलेगा। आय के नये स्रोत बन सकते हैं। आप अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगे।

**वृश्चिक**

छोटी सी बात को लेकर परेशानी होगी। छात्रों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। तला-भुना भोजन करने से आपको बचना चाहिये।

**धनु**

कार्यक्षेत्र की राजनीति में आप भाग ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिलेगी। अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर**

आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। भावनात्मक रूप से आप मजबूत रहेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ**

सूझबूझ से कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। प्रेम सम्बन्धों को विवाह के लिये पारिवारिक सहमति मिल सकती है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

**मीन**

कार्यक्षेत्र में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। नकारात्मक विचार आपके कार्य की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मार्केटिंग सम्बन्धी कार्यों में सफलता मिलने में कठिनाई होगी।

# बायोचार व बायो फर्टिलाइजर का किसान करें उपयोग : गिरिराज सिंह

## मिट्टी में कार्बन की मात्रा उपजाऊ भूमि के मानक से काफी नीचे होना चिंताजनक : सर्वेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आज गंगा ग्लोबल एमबीए कॉलेज के सभागार में नाबार्ड, कृषि व कोपरेटिव के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें दरभंगा स्नातक क्षेत्र से एमएलसी सर्वेश कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में जिले की मिट्टी में कार्बन की मात्रा कम रहने व रासायनिक खाद के उपयोग को कम करने को लेकर बायोचार व बायो फर्टिलाइजर के उपयोग को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जिले की मिट्टी में कार्बन सिर्फ 0.5 फीसदी है। जहां बाढ़ का पानी नहीं आता है वहां यह घट कर 0.3 फीसदी तक पहुंच जाता है। उन्होंने कहा कि उपजाऊ भूमि में मानक के अनुसार डेढ़ से तीन फीसदी कार्बन होना जरूरी है। मसलन यहां की मिट्टी बीमारी हो चुकी है। इसका उपचार हम बायोचार व बायो फर्टिलाइजर के उपयोग से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने 2030-31 तक 50 हजार टन बायोचार व बायो फर्टिलाइजर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके पूरा होने पर रासायनिक खाद का उपयोग 50 फीसदी तक कम हो जाएगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से बायोचार व बायो फर्टिलाइजर के उत्पादन में वृद्धि को लेकर सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उन्होंने इसको लेकर किसानों में जागरूकता अभियान चलाने को कहा। दरभंगा स्नातक क्षेत्र से एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि जिले में एक लाख 20 हजार हेक्टेयर जमीन में खेती होती है और एक लाख 20 हजार टन रासायनिक खाद का उपयोग होता है। उन्होंने बताया कि रासायनिक खाद के अधिक उपयोग से यहां की मिट्टी दिनानुदिन बीमार होती जा रही है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को बढ़ाने के लिए कार्बन में वृद्धि निहायत जरूरी है। इसी के मद्देनजर नजर गंगा डेयरी परिसर में बायोचार का व्यवसायिक यूनिट लगाया गया है जो बिहार का संभवतः पहला यूनिट है। देश के कर्नाटक व आंध्र प्रदेश इस मामले में आगे चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि बायोचार व बायो फर्टिलाइजर का निर्माण रोक फास्फ़ेट, बेसाल्ट पाउडर, गोबर, फ्लाई ऐश, बायोचार व बैक्टीरिया समूह को मिलाने से तैयार होता है। उन्होंने बताया कि बायोचार को बनाने के लिए हवा की अनुपस्थिति में लकड़ी को जलाकर कार्बन तैयार किया जाता है। बैठक में नाबार्ड के उपमहाप्रबंधक लक्ष्मण कुमार (पटना), सहायक महाप्रबंधक नाबार्ड (पटना) नवीन चन्द्र झा, नाबार्ड के डीडीएम (बेगूसराय) आभा कुमारी, नाबार्ड के डीडीएम (खगड़िया) पूजा भारती, नाबार्ड के डीडीएम (मुंगेर) सुजीत कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सहित कोपरेटिव के अधिकारी व एफपीओ से जुड़े किसान उपस्थित थे।

# जिले में लगभग एक लाख लाभुकों का जीवन प्रमाणीकरण लंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों के जीवन प्रमाणीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में लगभग 93,126 पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण लंबित है। जिसके कारण पेंशन भुगतान प्रभावित हो रहा है। इसकी जानकारी देते हुए जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि 30 अप्रैल से 30 मई तक जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में पंचायत, वार्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर के जरिए पेंशनधारियों का निःशुल्क जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभिन्न पंचायतों में शिविर की जिम्मेदारी संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की होगी एवं नगर क्षेत्र में इसका अनुश्रवण नगर आयुक्त, नगर निगम सहित सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। शिविरों में जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा जिन पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट/आइरिस) के माध्यम से संभव नहीं हो पाता है। उनके लिए भौतिक सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवन अथवा अन्य सरकारी भवनों में किया जाएगा, जहाँ पंखा, पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान चिन्हित मृत पेंशनधारियों का विवरण ई-लाभार्थी पोर्टल पर किया जाएगा। ताकि अनावश्यक भुगतान पर रोक लगाई जा सके। किसी भी प्रकार की सहायता हेतु पेंशनधारी राज्य स्तरीय हेल्पडेस्क के टोल-फ्री नंबर 1800-345-62-62 पर (सोमवार से शनिवार, प्रातः 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक) संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पेंशनधारियों से अपील की जाती है कि वे अपने निकटतम शिविर में उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से अपना जीवन प्रमाणीकरण कराएं, ताकि पेंशन राशि का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रह सके। उक्त कार्य की नियमित निगरानी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय वरीय प्रभारी पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी।

# जनगणना प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षुओं ने किया फील्ड भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बुधवार को एपीएस प्लस टू स्कूल नावकोठी में जनगणना 2027 के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। इसके एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण में फील्ड में वास्तविक कार्य की सभी प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित होने हेतु अतिरिक्त प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 65 प्रगणकों एवं 9 पर्यवेक्षकों को एचएलओ एप एक्टिवेट कर समूह में बांटकर प्रखंड के ईर्द गिर्द क्षेत्र में भेज कर डेमो कराया गया। अतिरिक्त प्रशिक्षण सत्र के दूसरे दिन डिजीटल डेटा ऐन्ट्री,प्रगणकों को मोबाइल ऐप और पोर्टल के माध्यम से रियल टाईम ऐंट्री करने का व्यव्हारिक प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय चुनौतियां घर-घर जाकर जनगणना करते समय आने वाली व्यव्हारिक समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। एचएलओ एप से वास्तविक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य 2 मई से 31 मई तक होना है। इससे सहजता पूर्वक निपटने के लिए फील्ड ट्रेनर कुमुद रंजन, विकास कुमार, अभय कुमार एवं संदीप कुमार के द्वारा प्रशिक्षण में डेटा संग्रह के तौर तरीके बताए। फील्ड ट्रेंनर की देख रेख में प्रगणक द्वारा मोबाइल ऐप में डाटा भरना और पर्यवेक्षक द्वारा गलतियों की पहचान करना, प्रगणकों द्वारा परिवारों से संपर्क कर संवेदनशील स्थितियों और प्रश्न पूछने के तरीकों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जनगणना चार्ज अधिकारी राहुल रंजन ने बताया कि नावकोठी प्रखंड में चिरागी 191गणना ब्लॉक एवं बेचिरागी 8 गणना ब्लॉक बनाये गये हैं। जिसमें 191 प्रगणक एवं 31 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।साथ ही रिजर्व में 20 प्रगणक एवं 3 पर्यवेक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में पर्यवेक्षक अरूण कुमार, शंभु महतों, संदीप कुमार राम, प्रेम कुमार, विकास कुमार, उत्तम कुमार, अभय कुमार झा, बैद्यनाथ कुमार, अजय कुमार, लता सिन्हा, कशिश कुमारी, लक्की कुमारी, रजनी वर्मा, कोमल कुमारी, अर्चना भारती, गुड़िया कुमारी, खुशनुमा बेगम, सुमन कुमारी, अन्नु कुमारी, शिवांगी, रीना पंडित, पंकज कुमार, कमल रंजन, शुभम कुमार, मो.सद्दाम, राजेश कुमार रमण,राम कुमार सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# पठन-पाठन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिला प्रशासन द्वारा विकास कार्यों एवं जन-सुविधाओं की सतत निगरानी के क्रम में बलिया प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने राजकीयकृत जीडी आर. +2 उच्च विद्यालय, बड़ी बलिया का दौरा कर शैक्षणिक व्यवस्था, वर्ग-कक्षों की स्थिति तथा छात्र-उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पठन-पाठन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता न हो तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए। इसके उपरांत एसएएस उच्च विद्यालय, बलिया (10+2) का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध संसाधनों एवं मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। जिला पदाधिकारी ने शिक्षकों को समयबद्ध रूप से पाठ्यक्रम पूर्ण करने एवं छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। शिक्षा संस्थानों के निरीक्षण के साथ-साथ बलिया अनुमंडल अस्पताल का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि सभी सेवाएं पारदर्शी एवं तत्परता के साथ संचालित हों, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बलिया सहित संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन ने पंचायत में संचालित योजनाओं का लिया जायजा

## प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण हेतु 89 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। जिला पदाधिकारी के आदेशानुसार बलिया अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा स्थल पर पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में निरीक्षण कर योजनाओं के संचालन एवं प्रगति का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के क्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, 'हर घर नल का जल' योजना की संचालन स्थिति, पंचायत सरकार भवनों की भौतिक स्थिति, सोलर लाइट की कार्यशीलता तथा पंचायत स्तर पर संचालित विद्यालयों का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत सरकार भवनों में कर्मियों की उपस्थिति, आरटीपीएस सेवाओं का संचालन, जन्म एवं मृत्यु पंजी का संधारण तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी जांच की गई। साथ ही जन वितरण प्रणाली दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निरीक्षण से संबंधित अपना विस्तृत प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में तैयार कर यथाशीघ्र जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है। उक्त निरीक्षण राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अंतर्गत योजनाओं के पारदर्शी, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया।

# डीएम ने विद्यालय में प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण की व्यवस्था का किया अवलोकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बुधवार को सरस्वती संस्कृत उच्च विद्यालय, बेगूसराय का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण भारत सरकार के ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कार्यों की समीक्षा हेतु किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए वर्ग कक्ष, पुस्तकालय एवं भवन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही विद्यालय में सुरक्षित प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों के संरक्षण की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।मौके पर उपस्थित जिला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार साहनी ने जानकारी दी कि ज्ञान भारतम मिशन के तहत 75 वर्ष से अधिक पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों को संरक्षित एवं सूचीबद्ध किया जा रहा है। इन पांडुलिपियों को भारत सरकार के ज्ञान भारतम पोर्टल पर अपलोड कर भविष्य में डिजिटल रूप में सुरक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य हेतु नव नालंदा महाविहार, नालंदा को क्लस्टर बनाया गया है, जिसके अंतर्गत 14 जिलों में पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण का कार्य संचालित है। नालंदा से आई विशेषज्ञ टीम, जिसमें सहायक आचार्य (हिंदी) विकास सिंह तथा सहायक आचार्य डॉ. सुशांत कुशवाहा (बौद्ध पर्यटन एवं प्रबंधन) शामिल हैं, ने बताया कि प्रारंभ में बेगूसराय जिले में 588 पांडुलिपियों की पहचान की गई थी, जबकि अब तक 613 पांडुलिपियाँ प्राप्त हो चुकी हैं।विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार ने जिलाधिकारी को विद्यालय में संरक्षित देवनागरी एवं तिरहुता/ मिथिलाक्षर लिपि में लिखित पांडुलिपियों के साथ-साथ गणित (ज्यामिति) विषय से संबंधित दुर्लभ हस्तलिखित दस्तावेजों का अवलोकन कराया।

निरीक्षण के दौरान सुशांत कुमार, प्रधानाध्यापक डॉ. प्रशांत कुमार, शिक्षक सुरेश पाठक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) including GST@ 18% | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 54/PR/JUSNL/ 2026-27 | Housekeeping Work of 132/33 kV Grid Sub-Station, Daltonganj for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 13,000/- |
| 2. | 55/PR/JUSNL/ 2026-27 | Housekeeping Work of 132/33 kV Grid Sub-Station, Latehar for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 13,500/- |
| 3. | 56/PR/JUSNL/ 2026-27 | Housekeeping Work of 220/132 kV Grid Sub-Station, Bhagodih for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 13,500/- |
| 4. | 57/PR/JUSNL /2026-27 | Housekeeping Work of 132/33 kV Grid Sub-Station, Japla for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 13,000/- |
| 5. | 58/PR/JUSNL /2026-27 | Housekeeping Work of 132/33 kV Grid Sub-Station, Meral for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 12,500/- |
| 6. | 59/PR/JUSNL/ 2026-27 | Housekeeping Work of 132/33 kV Grid Sub-Station, Garhwa Road for the period from 01.06.2026 to 31.12.2026. | Rs. 1476/- | Rs. 14,500/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **04.05.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **25.05.2026** at 03:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **25.05.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **26.05.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 8271433009/ 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 378703 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (26-27)_D

# परीक्षा पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से होगी संपन्न : डीएम

## नीट परीक्षा को लेकर डीएम ने दंडाधिकारी एवं केन्द्राधीक्षकों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में रविवार को आयोजीत नीट परीक्षा के लिए दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा से संबंधित सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए ताकि परीक्षा पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। परीक्षा 3 मई को एकल पाली में अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश का अंतिम समय अपराह्न 1:30 बजे निर्धारित की गई है। जिसके पश्चात किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन के ऊपरी तल पर जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06243-222835 है। यह नियंत्रण कक्ष उप विकास आयुक्त के वरीय प्रभार में कार्य करेगा तथा परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों की सतत निगरानी करेगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त, परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु गश्ती दंडाधिकारियों की भी तैनाती सुनिश्चित की गई है। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास बीएनएसएस की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करना सुनिश्चित करें। साथ ही केंद्रों के आसपास स्थित फोटो कॉपियर दुकानों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। ताकि किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़ अथवा कदाचार की संभावना को पूर्णतः समाप्त किया जा सके।बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों, केंद्र अधीक्षकों एवं प्रेक्षकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही के प्रति शून्य सहिष्णुता बरती जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय से परीक्षा केंद्र पर पहुँचें तथा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें। बैठक में उपविकस आयुक्त आकाश चौधरी, अपरसमाहर्ता बृजकिशोर चौधरी, अपरसमाहर्ता विभागीय जांच महेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राजस्व कचहरी का चापाकल खराब


**कौआकोल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कौआकोल पीएचसी के सामने राजस्व कचहरी परिसर में लगा चापाकल पिछले लगभग तीन महीनों से खराब पड़ा है। स्थानीय लोगों द्वारा फरवरी माह में टोल फ्री नंबर पर शिकायत की गई थी तथा 25 मार्च को पुनः शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। चापाकल खराब रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल आने वाले मरीजों, राहगीरों एवं अन्य लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण समाजसेवी कपिल कुमार ने संबंधित विभाग से जल्द चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है।

# डीएम ने सुनीं बंदियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंडल कारा, जमुई परिसर में जिला प्रशासन की ओर से एक महत्वपूर्ण बंदी दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला पदाधिकारी के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें प्रशासन और कारा प्रबंधन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों की समस्याओं को सीधे सुनना, उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना तथा जेल के भीतर सुधारात्मक वातावरण को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कारा परिसर में शांति, करुणा और सद्भाव के प्रतीक गौतम बुद्ध की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण के दौरान उपस्थित अधिकारियों और बंदियों के बीच एक सकारात्मक एवं आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध के विचार मानव जीवन को सही दिशा देने वाले हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में सुधार ला सकता है। उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारावास का समय केवल सजा नहीं, बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। उन्होंने सभी बंदियों से आह्वान किया कि वे इस समय का सदुपयोग करते हुए अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाएं और अच्छे आचरण को अपनाएं, ताकि रिहाई के बाद वे समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना ही सच्चे सुधार का प्रतीक है। बंदी दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वयं बंदियों के बीच जाकर उनसे सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान बंदियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं, शिकायतें और सुझाव खुले रूप से रखे। जिला पदाधिकारी ने सभी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए कि सभी जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बंदियों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। साथ ही, जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार बनाए रखते हुए उनकी आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखा जाए। इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक, कारा अधीक्षक, उपाधीक्षक, कारा चिकित्सा पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
(नोटिस)



नाम–(1) रामलाल कुमार, पे0–मोती राम, सा0–दिपुआ मुहल्ला, थाना+जिला–गढ़वा, वर्तमान पता– सा0–हसकेर, थाना+जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड संख्या–172/22 दिनांक–01.04.2022 धारा–406, 420, 34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–13.03.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–13.04.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको अविलंब माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप अविलंब माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 378732 Police(26-27)D

## संक्षिप्त समाचार

### इंद्रासन उत्क्रमित विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/ पू. चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला अंतर्गत बंजरिया प्रखंड के इंद्रासन उत्क्रमित विद्यालय में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के निर्देश के आलोक में महिला एवं बाल विकास निगम मोतिहारी के सौजन्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं सरकारी सहायता सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों द्वारा महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर तथा जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन कार्यालय के कार्यों एवं सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न, संकट अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क किया जा सकता है। बच्चों से संबंधित समस्याओं, बाल संरक्षण एवं सहायता हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई।मौके पर जेंडर स्पेशलिस्टएवं फाइनेंसियल लिटरेसी स्पेशलिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 20 हजार के लिए शव के साथ सड़क जाम

**मुआवजे की मांग पर फूटा गुस्सा, मुंगेर-भागलपुर मार्ग किया अवरुद्ध**

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तेलिया तालाब के पास मंगलवार को सड़क हादसे का शिकार हुए राजा मंडल के स्वजन 20 हजार सहायता राशि की मांग पर सड़क पर उतर गए। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंतपुर मोड़ के पास मुंगेर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर शव रखकर जाम कर दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम के कारण यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



आक्रोशित स्वजन व ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम संस्कार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा दी जाने वाली 20 हजार रुपये की सहायता राशि नहीं मिली है, तत्काल उपलब्ध कराया जाए। स्वजन का कहना है कि घटना के बाद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, जिससे उनका गुस्सा फूट पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर और नारेबाजी कर प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस पहुंची। समझाने का प्रयास किया जा रहा है।बता दें कि मंगलवार की दोपहर तेलिया तालाब के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया था। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। सड़क जाम की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना, नया रामनगर थाना सहित पुलिस बल मौके पर पहुंची और जल्द चार लाख और 20 हजार मुआवजा दोपहर तक मिलने का आश्वासन दे रहे हैं।

### जनगणना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर में जनगणना 2027 की तैयारी तेज हो गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रभात रंजन के नेतृत्व में सुपरवाइजरों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सुपरवाइजर एवं प्रगणक ने भाग लिया। जनगणना को लेकर विशेष जानकारी देने के लिए जिला से पहुंचे



अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन के संजय कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी को तकनीकी जानकारियों और तैयारियों की समीक्षा की। सभी को निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सुपरवाइजर प्रशिक्षण के अनुसार ही कार्य करें और जो योजनाएं बनाई गई हैं, उन्हें पूरी गंभीरता के साथ जमीन पर उतारें। उन्होंने कहा कि फील्ड में जाकर प्रत्येक क्षेत्र के महत्वपूर्ण लैंडमार्क चिन्हित करें, हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करें और सटीक व पारदर्शी डेटा संग्रह करें। जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने पर विशेष जोर दें। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर भी सख्त निर्देश दिए गए। कार्य के दौरान फेसबुक, यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म से दूरी बनाए रखें और केवल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए अधिकृत पोर्टल का ही उपयोग करें।जनगणना कार्य को सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।बैठक में फील्ड ट्रेनर मसूद आलम, मानस कुमार प्रसाद, मोहम्मद सरहुद अहमद और ज्योति विनायक मौजूद रहे। मौके पर वरीय अपर समाहर्ता मुंगेर मोहम्मद वसीम रजा,अपर जनगणना अधिकारी रामप्रवेश कुमार सहित कई सुपरवाइजर मौजूद थे।

### मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संत लुईस डी मोंटफोर्ट की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा स्थित मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पल्लवित पुष्पित प्रांगण में संत लुईस डी मोंटफोर्ट की पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फादर सचिन एक्का (प्रिंसिपल ऑफ संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल चखनी सह पेरिस प्रीस्ट (पल्ली पुरोहित) के रूप में दोनों दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रदर विंसेंट मदानु , वाइस प्रिंसिपल ब्रदर विमल एक्का, ब्रदर ब्लासियस के साथ मुख्य



अतिथि ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रेयर डांस की प्रस्तुति सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तत्पश्चात ब्रदर विंसेंट मदानु एवं फादर सचिन एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय का नेतृत्व करनेवाले, भिन्न -भिन्न क्लब की जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले छात्र छात्राओं को उन्हें बैच प्रदान कर सम्मानित किया गया। कई एक नृत्य की भी प्रस्तुति बच्चों द्वारा की गई जो मन को हर्षित करनेवाला था। विद्यालय के छात्रों द्वारा मोंटफोर्ट की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी गई। मुख्य अतिथि ने भी विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए बच्चों को भविष्य में निरंतर जीवनपथ पर अग्रसर होते रहने को प्रेरित किया गया। कुछ अन्य नृत्य की भी प्रस्तुति सबका मन एवं अद्भुत के बच्चों द्वारा की गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रदर विंसेंट मदानु ने अपने संबोधन में मोंटफोर्ट फीस्ट दिवस पर प्रकाश डाला और उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। पुनः विद्यालय की छात्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राष्ट्र गान के साथ ही कार्यक्रम समापन की विधिवत घोषणा की गई।

### स्वयंसेवकों को तनाव मुक्त बनाने का गुरु मंत्र

**जेआरएस कालेज में सीखने सिखाने का अभ्यास वर्ग जारी।**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगजीवन राम श्रमिक महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में छठे दिन भी सीखने -सीखाने और अभ्यास का कार्यक्रम जारी रहा। स्वयंसेवकों को जागरूक करने और तनाव -प्रबंधन के तरीकों को बताने के लिए रिसोर्स पर्सन के रूप में मुंगेर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ ओमप्रकाश को आमंत्रित किया गया था।छठे दिन व्यायाम और प्राणायाम के साथ आरंभ हुआ। स्वच्छता, पर्यावरण - रक्षा जैसे विषयों को आधार बनाकर स्वयंसेवकों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में शैली कुमारी, पियूषी, साक्षी, रीतिक रोशन, अंजली, पल्लवी, खुशी, राजदीप शर्मा आदि ने भाग लिया। पेंटिंग के समुचित



मूल्यांकन के बाद अंजलि को प्रथम, राजदीप शर्मा को द्वितीय, और पियुषी को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इन सभी बच्चों को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।डॉ ओमप्रकाश ने पीपीटी के माध्यम से तनाव की परिभाषा, तनाव के विभिन्न स्रोत, तनाव से उत्पन्न समस्याएं और तनाव -नियंत्रण के तरीकों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने तनाव के स्रोतों को व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक , पर्यावरणीय, आर्थिक, शैक्षिक या कार्यविशेष, जीवन की विशेष घटनाएं - नौकरी में बदलाव, विवाह, तलाक, शोक स्थान -परिवर्तन आदि के आधार पर बांट कर स्वयंसेवकों को समझाने का प्रयत्न किया।

# नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता का सांसद ने किया उद्घाटन

## यह कार्यक्रम केवल प्रतियोगिता नहीं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता है : राधामोहन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला स्कूल मोतिहारी के परिसर में बुधवार को आयोजित ह्वनेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता- 2026ह्व का पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने लोकार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधामोहन सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता और जन-भागीदारी का एक सशक्त अभियान है। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें प्रैक्टिकल एक्शन इनोवेशन के लिए प्रेरित करती है। शोविंग टू ग्रोविंग की भावना के साथ यह पहल निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाएगी। श्री सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे समय में भारत ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अग्रणी



भूमिका निभाई है। भारत सरकार द्वारा पिछले वर्षों में कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देशभर में स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाया गया। उज्ज्वला योजना के जरिए करोड़ों गरीब परिवारों को धुआँ-रहित रसोई उपलब्ध कराकर न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा की गई, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ मिला। जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से हमारी पवित्र नदियों को स्वच्छ और अविरल बनाने का कार्य हो रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एनसीएपी के जरिए शहरों में प्रदूषण कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। हरित भारत मिशन और वृक्षारोपण अभियानों के माध्यम से देश के वन क्षेत्र को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इतना ही नहीं,भारत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इंटरनेशनल सोलर अलायंस की स्थापना कर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई दिशा दिखाई है। आज हमारा देश सौर ऊर्जा उत्पादन में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप इस बदलाव के सबसे बड़े भागीदार हैं। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब समाज, विशेषकर युवा वर्ग, इसमें सक्रिय भूमिका निभाएगा। यदि आप आज से ही प्लास्टिक का उपयोग कम करने, जल संरक्षण करने, पेड़ लगाने और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेते हैं, तो यह छोटे-छोटे प्रयास भविष्य में बड़े परिवर्तन का आधार बनेंगे। मोतिहारी की यह धरती, जो महात्मा गांधी के सत्याग्रह की कर्मभूमि रही है, आज एक नए ह्वपर्यावरण सत्याग्रहह्व की शुरूआत कर रही है। गांधी जी ने हमें सिखाया था कि प्रकृति हमें आवश्यकता के अनुसार देती है, लालच के लिए नहीं। हमें उसी सिद्धांत को अपनाना होगा। मैं आयोजकों को इस सराहनीय पहल के लिए हृदय से बधाई देता हूँ और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देता हूँ कि वे अपने विचारों और नवाचारों से समाज को नई दिशा दें।

### सांसद ने मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्य किया निरीक्षण

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह एवं मंडल रेल प्रबंधक समस्तीपुर ज्योति प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विश्व स्तरीय अमृत भारत स्टेशन के तहत चयनित बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर चल रहे विश्वस्तरीय निर्माण कार्यों का जायजा लिया।निरीक्षण के बाद श्री सिंह ने बैठक कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। एमएस कॉलेज गेट के पास लाइट आरओबी का निर्माण कार्य दो महीने में शुरू हो जाएगा । जीवधारा में वाशिंग पिट का फिजिकल कार्य जून महीने तक पूरा हो जाएगा और फिजिकल कार्य के बाद एक माह



में उसका टेक्निकल कार्य पूरा हो जाएगा। बंगरी हॉल्ट पर लाइट आरओबी निमार्णाधीन है जो अगस्त में पूरा हो जाएगा। चांदमारी और डीएभी के पास के आरओबी का काम तेजी से हो रहा है। चकिया और पिपरा में भी आरओबी का काम शुरू हो जाएगा। मेहसी, चकिया और पिपरा में पुराने भवन को ध्वस्त कर नये प्रतीक्षालय का निर्माण होगा।

# पंचायत सरकार भवन में डीएम ने की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों की प्रगति पर जोर

## पोखर सौंदर्यीकरण व स्वास्थ्य सेवाओं की जांच, लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे का निर्देश

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत महुआवा पश्चिमी पंचायत के पंचायत सरकार भवन में बुधवार को जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिकरहना अनुमंडल के चारों प्रखंडों एवं अंचलों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन के समीप स्थित पोखर का निरीक्षण किया और उसके सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय मुखिया नेसार अहमद को पोखर में नौका संचालन की संभावनाओं पर कार्य करने की सलाह दी, ताकि पर्यटन और स्थानीय आय के स्रोत विकसित हो सकें। इसके बाद डीएम ने चिरैया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने दवा स्टॉक पंजी की जांच करते हुए उपलब्ध दवाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा चिकित्सकों व एएनएम को पारदर्शिता के साथ निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने चारों प्रखंडों के बीडीओ के साथ मनरेगा, आईसीडीएस समेत विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की और समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचलों के राजस्व अधिकारियों से भूमि संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निष्पादन और आम जनता को समय पर सेवा उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में समन्वय, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर डीडीसी डॉ. प्रदीप कुमार, एडीएम मुकेश कुमार सिन्हा, डीपीआरओ राजेश कुमार, सिकरहना एसडीओ विजय कुमार, डीसीएलआर सिकरहना सुनिधि कुमारी, चिरैया बीडीओ डॉ. संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# जनगणना में मकान सूचीकरण को लेकर डीएम ने की अधिकारियों के साथ बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत की जनगणना-2027 में मकान सूचीकरण को लेकर चार्ज स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करें। क्योंकि इससे समस्या समाधान त्वरित गति से होता है। उक्त बातें प्रधान जनगणना पदाधिकारी- सह-जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल ने चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पूर्वी चंपारण समाहरणालय परिसर अवस्थित डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सभागार में जनगणना - 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान गणना हेतु आयोजित बैठक में कही। उन्होंने आगामी जनगणना - 2027 के सफल संचालन हेतू चार्ज स्तरीय पदाधिकारियों की इस आवश्यक बैठक में जनगणना कार्य में मकान गणना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है ' इसकी सफलता इसी में है कि कोई मकान छूटे नहीं। इसके लिए नजरी नक्शा सही तरीके से बने और उसका उपयोग हो । साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मकान गणना ,जनगणना का एक महत्वपूर्ण अंग मानते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि मकान गणना का कार्य 02 /05/2026 से 30/05/2026 तक होना है इसके लिए प्रत्येक चार्ज अधिकारी प्रगणक एवं पर्यवेक्षको का नियुक्ति पत्र, परिचय पत्र ,नक्शा, किट वितरण ,फील्ड स्तर पर वितरित करने का कार्य करेंगे । उनके कार्यों की लगातार समीक्षा एवं निरीक्षण भी करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जिसे सभी पदाधिकारी प्राथमिकता देंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि जो टाइम फ्रेम दिया गया है उसमें सभी कार्य समय से संपन्न हो जाए। इस बैठक में जिला जनगणना पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता (राजस्व), पूर्वी चम्पारण मुकेश कुमार सिन्हा, ने डिस्ट्रिक्ट सेन्सस हैंडबुक का कार्य एक अगस्त से तीस अगस्त तक सम्पन्न होने वाला है, उसकी पूर्व तैयारी पर जोर देते हुए कहा कि इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया जाय। जिला नोडल अधिकारी सह- जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि निदेशालय के निदेर्शालोक में जनगणना - 2027 से सम्बंधित मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य ससमय पूरा कर लिया जायेगा । मौके पर सभी चार्ज अधिकारी, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा,सहायक समाहर्त्ता राज कृष्ण झा ,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान प्रह्लाद गुप्ता, गोपाल कृष्ण (स्थापना), प्रबंधन कोषांग से गोपाल जी मिश्र, अमरेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, तारीक अनवर आदि उपस्थित रहे।

### चिरैया में जनगणना को लेकर पर्यवेक्षकों के बीच सामग्री का वितरण

**2 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण कार्य**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 2 मई से शुरू होने वाले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी के सभागार में पर्यवेक्षकों के बीच जनगणना से संबंधित सामग्री का वितरण किया गया। जनगणना कार्य के लिए प्रखंड में 507 प्रगणक प्रतिनियुक्त किए गए हैं, जबकि 51 प्रगणक रिजर्व में रखे गए हैं। इसके अलावा 86 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं तथा 9 को रिजर्व में रखा गया है। सामग्री का वितरण 29 - 30 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित किया गया है। पहली पाली पूर्वाह्न 11 बजे से 1 बजे तक तथा दूसरी पाली अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक बुलाई गई है। रिजर्व श्रेणी के प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को वितरण के लिए नहीं बुलाया गया है। प्रखंड जनगणना कोषांग के मुकेश कुमार यादव ने बताया कि सभी पर्यवेक्षकों को उनके-अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रगणकों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसमें नियुक्ति पत्र, मानचित्र, परिचय पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल हैं। साथ ही, उन्हें सामग्री के सही उपयोग एवं निर्धारित समय सीमा में



गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए गए। फील्ड ट्रेनर अशोक कुमार पटेल ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सटीक आंकड़ों का संकलन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए सभी कर्मियों को जिम्मेदारी और सजगता के साथ कार्य करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि अगले दिन से सभी प्रगणक अपने-अपने पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर क्षेत्र का सीमांकन कार्य प्रारंभ करेंगे। मौके पर जनगणना कोषांग में प्रतिनियुक्त कार्तिक कुमार, अशोक कुमार पटेल, धीरेंद्र कुमार सिंह एवं रंजीत कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# आउट सोर्सिंग एजेंसी के मजदूरों से नगर निगम के नालों की मैनुअल सफाई की निविदा पर 4 मई तक करें ऑनलाइन दावेदारी : गरिमा

## बरसात शुरू से पूर्व नालों की सफाई उड़ाही पूरी करने के लिए दो सप्ताह के अंदर निविदा का होगा अंतिम निस्तारण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम के नालों की मैनुअल सफाई के लिए नालों में उतरकर सफाई करने वाले श्रमिकों की आपूर्ति के लिए आउट सोर्सिंग एजेंसी का चयन के लिए निविदा जारी की गई है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि आगामी 4 मई 2026 तक में इच्छुक एजेंसी अपनी ऑनलाइन दावेदारी कर सकती है। उसके करीब एक सप्ताह के अंदर निविदा प्रक्रिया का निस्तारण कर लिया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि चयनीय आउट सोर्सिंग एजेंसी के मजदूरों से नगर निगम क्षेत्र के मुख्य नालों की मैनुअल सफाई शुरू करा दी जाएगी।



ताकि हर हाल में बरसात शुरू होने से पहले सभी मुख्य नालों की तल से सफाई पूरी की जा सके। इसके लिए चयनित आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से सक्षम कुशल श्रमिक उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे सघन शहरी क्षेत्र सहित पूरे नगर निगम क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाई जाएगी। जारी निविदा के अनुसार महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि पूरी निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित होगी। इस योजना के अंतर्गत लगभग 50 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में नालों की सफाई का कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए श्रमिकों की हाजिरी के आधार पर निर्धारित राशि के अनुसार ऑनलाइन भुगतान अनिवार्य होगा। निविदा में भाग लेने वाली एजेंसियों को ह्वबिड प्रोसेसिंग फीसह्व का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या अन्य ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, इंटरनेट या तकनीकी कारणों से निविदा अपलोड न होने की स्थिति में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य शहर में जलजमाव की समस्या को कम करना और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। निविदा प्रक्रिया के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए योग्य एजेंसी का चयन किया जाएगा, जिससे समयबद्ध और प्रभावी ढंग से नालों की सफाई सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया प्रत्येक नाले की मैनुअल सफाई शुरू होने के बाद नगर निगम प्रशासन की टीम भी कार्यों का दैनिक सत्यापन के साथ अटेंडेंट भी तैयार करेगी।

### बढ़ती गर्मी व लू से बचाव की तैयारी का जायजा लेने अपर समहर्ता पहुंचे प्रखंड

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बढ़ती गर्मी,आगलगी और आगामी मानसून में बाढ़ की संभावनाओं को देखते हुए आपदा प्रबंधन को लेकर प्रखंड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में अपर समाहर्ता संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण करते हुए पदाधिकारी के साथ बैठक किया। प्रखंड के विभिन्न पदाधिकारी के साथ बैठक के दौरान अपर समाहर्ता ने जन-जीवन की सुरक्षा हेतु स्वास्थ्य,पेयजल, बिजली और अग्निशमन विभागों को अलर्ट रहने तथा सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने गर्मी के कारण सुखाड़ और आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए विभागवार तैयारी की समीक्षा भी किए।लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट रखने और पीने के पानी की कमी न होने देने का निर्देश। जबकि स्कूलों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर क्या तैयारी हो सकता है इस पर विशेष चर्चा की गई। बैठक के अंत में बाढ़ की संभावित स्थिति के लिए बचाव एवं राहत कार्यों की पूर्व-तैयारी पर भी चर्चा किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन, चिकित्सा पदाधिकारी अशोक पासवान सहित कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# सुशासन की मिसाल बना बिहार, हर वर्ग को मिला सम्मान और अवसर : हिमराज राम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि बिहार ने पिछले दो दशकों में नीतीश कुमार के शासनकाल के दौरान विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय का एक नया अध्याय लिखा है। न्याय के साथ विकास की नीति को आधार बनाकर राज्य में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है। आज बिहार बदलते भारत में प्रगति, स्थिरता और समावेशी विकास का मजबूत उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि माननीय नीतीश कुमार के शासनकाल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्णायक कदम उठाए गए, जिसके परिणामस्वरूप अपराध पर नियंत्रण हुआ और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। बिहार, जो कभी भय और असुरक्षा की चर्चा से जोड़ा जाता था, आज शांति, व्यवस्था और प्रशासनिक जवाबदेही के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार ने देश को दिशा देने का काम किया है। पंचायतों और नगर निकायों में आरक्षण, सरकारी नौकरियों में अवसर, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार, छात्राओं के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजनाएँ तथा जीविका जैसी पहलों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया है। आज बिहार की महिलाएँ समाज और अर्थव्यवस्था दोनों में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

# प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान : शादी की वर्षगांठ पर मां बनीं 'निक्षय मित्र', बेटे के बाद परिवार ने बढ़ाया टीबी मुक्त भारत अभियान का कदम

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाने में सारण जिले में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है, जहां बेटे के बाद अब मां ने भी अपने खास अवसर को समाजसेवा से जोड़ते हुए 'निक्षय मित्र' बनकर यक्ष्मा (टीबी) मरीजों की मदद का संकल्प लिया है। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। निक्षय मित्र योजना के माध्यम से आम लोग मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण और मानसिक



सहयोग दे रहे हैं, जिससे उनके इलाज में तेजी आती है और वे जल्द स्वस्थ होते हैं। ऐसे प्रेरणादायक प्रयास समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ- साथ अन्य लोगों को भी आगे आने के लिए प्रेरित करते हैं। यदि हर सक्षम व्यक्ति एक- एक मरीज की जिम्मेदारी ले, तो टीबी उन्मूलन का लक्ष्य जल्द हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में सदर अस्पताल परिसर स्थित यक्ष्मा विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) हिमांशु शेखर ने बताया कि जिला यक्ष्मा कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ तपेदिक प्रयोगशाला पर्यवेक्षक (एसटीएलएस) कुमार अमित के पुत्र आयुष राज ने अपने जन्मदिन के अवसर पर चार यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर उन्हें छह माह तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने का संकल्प लिया था। आयुष ने इस संकल्प को निभाते हुए तीसरी किस्त के रूप में पिंकी देवी, सविता कुंवर, सरक राय और केदार महतो को पौष्टिक आहार वितरित किया है। इसी से प्रेरित होकर 17 वर्षीय आयुष राज की मां प्रिया कुमारी ने भी अपनी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर दो यक्ष्मा मरीजों जिसमें धीरज कुमार और ललिता देवी को गोद लेकर ह्वनिक्षय मित्रह्व बनने का निर्णय लेने के बाद मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से मिलेगी राहत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। पीएम सूर्यघर योजना से संबंधित योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी देते हुए कार्यपालक अभियंता विद्युत ने बताया कि केन्द्र सरकार की उर्जा प्रक्षेत्र में महत्वपूर्ण योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभ से बिहार के बिजली उपभोक्ता भी लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना से बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। उर्जा विभाग, बिहार सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर सयंत्र लगाने पर रूपया 30000 से 78000.00 तक का अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 01 किलोवाट तक की क्षमता वाले सोलर सयंत्र लगाने पर रूपया-30000.00 एवं 02 किलोवाट तक की क्षमता वाले सोलर सयंत्र पर 60,000.00 तथा 03 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सयंत्र पर रूपया 78000.00 तक का अनुदान दिया जा रहा है। उक्त सयंत्र हेतु उपभोक्ताओं को 80 वर्ग फीट से 240 वर्ग फीट तक के क्षेत्र की आवश्यकता पडती है। 01 किलोवाट के सोलर सयंत्र से लगभग 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह का उत्पादन होता है, इसके अनुपात में सोलर सयंत्र लगाने का लागत राशि की प्रतिपूर्ति 05 से 07 वर्षो में पूर्ण हो जाती है और सौर उर्जा सयंत्रों की आयु लगभग 25 वर्षो की होती है। वैसे उपभोक्ता जो उक्त सयंत्र लगाने हेतु इच्छुक है, उन्हे वित्तिय सहायता के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा ऋण की भी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही उक्त योजना का लाभ लेने हेतु उपभोक्ता स्थानीय विद्युत कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा योजना की मॉनिटरिंग हेतु उप विकास आयुक्त को निदेश दिए गए एवं कहा गया कि अधिक से अधिक लोग को इसका लाभ मिले। साथ ही अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए गए है। पंचायत एवं वार्ड वार इस योजना की प्रमुखता से सफलता के लिए कार्य प्रणाली बनाने हेतु निर्देश दिए गए है। योजना का लाभ आम उपभोक्ताओं को सुलभता से मिले इसके लिए जिला धिकारी द्वारा लगातार पर्यवेक्षण किया जा रहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, विद्युत कार्यपालक अभियंता, एलडीएम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मौसम ने बदला करवट, आमजन को मिली गर्मी से राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। भीषण गर्मी के बीच एक बार फिर बुधवार को औरंगाबाद जिले के विभिन्न भागों में आमजनों को सुहाना मौसम देखने व महसूस करने का अवसर मिला है। हल्के बूंदा-बांदी के बाद ठंडी हवाओं ने लोगों में एक नयी ताजगी भर दी है। आसमान में बादल ऐसे उमड़-घुमड़ रहे हैं मानो वर्षा ऋतु आ गया हो। उल्लेखनीय है कि पिछले एक पखवाड़े से जिले वासी भीषण गर्मी का सामना कर रहे थे। अस्पताल एवं निजी क्लिनिक में लू पीड़ित लोगों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका था। जिला प्रशासन ने गर्मी से विद्यार्थियों को बचाने के लिए आवश्यक निर्देश भी जारी किया था। प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के संचालन के लिए समयावधि तय किए गए हैं। बुधवार को मौसम में आए बदलाव से लोगों में एक नयी स्फूर्ति का संचार हुआ है।

# बाइक सवार शराब तस्कर से भारी मात्रा में शराब बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना की पुलिस ने बाइक पर ले जा रहे शराब की खेप के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई अंबा थाना ने थानाक्षेत्र के सिंहपुर गांव में अंबा देव रोड पर की। शराब तस्कर की पहचान सिंहनाद गांव निवासी प्रिंस सिंह के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि पुलिस को बाइक सवार कारोबारी द्वारा झारखंड से वैकल्पिक रास्तों से चलकर अंबा देव रोड में आने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस झारखंड से बिहार की ओर आने वाली सभी मार्गों पर गश्त बढ़ा दी। शराब तस्कर का बुद्धुआ गांव की ओर से सिंहपुर गांव के समीप अंबा देव रोड में आने की पुख्ता जानकारी मिली। पुलिस ने जब बाइक को रोक कर तलाशी ली तो बाइक सवार तस्कर के पास से एक बैग में रखी गई झारखंड निर्मित 200 एमएल का 168 बोतल रॉयल झारखंड देशी शराब जब्त की गयी। शराब बरामदगी के बाद बाइक को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर अंबा थाना लाया गया। थाना पर बिहार मध्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# निगरानी कमिटी के जरिए विकास की रफ्तार तेज होगी : विधायक प्रमोद सिंह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के कलाली रोड स्थित एक निजी होटल में बुधवार को दोपहर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर एनडीए की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा एवं संचालन भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य अतिथियों का माला और अंगवस्त्र से सम्मान कर की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि एनडीए का हर कार्यकर्ता विधायक के सम्मान है और सभी का सम्मान बराबर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पंचायत से लेकर गांव स्तर तक निगरानी कमिटी का गठन किया जाएगा। विधायक ने कहा कि उनकी निजी राशि सहित सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने में ये कमिटियां अहम भूमिका निभाएंगी। "अब विकास कार्य कमिटी के माध्यम से होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा," उन्होंने कहा।

उन्होंने आगे कहा कि रफीगंज विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर पूर्व मुख्यमंत्री के सपनों को साकार किया जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र को एक विकसित और मॉडल विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, विनोद सिंह, अर्जुन सिंह और लालदेव पासवान ने भी अपने सुझाव रखे।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर धनंजय सिंह, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, अशोक पासवान, विकास कुमार यादव सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# युवक से छीना सोने का लाकेट व मोबाइल

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर नगर परिषद क्षेत्र में देर रात एक युवक से बदमाश सोने का लौकेट और मोबाइल छीन भाग गए। इस संबन्ध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या आठ स्थित नालबंद टोली मुहल्ले में अज्ञात बदमाशों ने बारात से लौट रहे युवक को निशाना बनाते हुए उसका मोबाइल और गले से सोने का लॉकेट छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट भी की। मिली जानकारी के अनुसार पुराना शहर चौक वार्ड संख्या दो निवासी राकेश कुमार बारात में शामिल होकर लौट रहे थे। अहले सुबह करीब तीन बजे वह पटवा टोली से नालबंद टोली टावर के रास्ते अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान टावर के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि बदमाशों ने पहले युवक के साथ धक्का-मुक्की की और फिर मारपीट शुरू कर दी। जब राकेश कुमार ने विरोध किया तो बदमाश और आक्रामक हो गए। इसके बाद उन्होंने युवक का मोबाइल फोन छीन लिया और गले से सोने का लॉकेट भी झपट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल अवस्था में युवक किसी तरह अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी जानकारी दी। परिजनों द्वारा मामले की सूचना थाना को दी गई है।

# दानवीर भामाशाह की जयंती पर गोष्ठी आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा**। हसपुरा बाजार स्थित सीएचसी अस्पताल के समीप एक निजी क्लिनिक परिसर में बुधवार को दानवीर भामाशाह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी देखरेख डॉ. जे.पी. कुमार ने की। कार्यक्रम में प्रोफेसर जयराम प्रसाद, शिक्षक अर्जुन कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी आगंतुकों ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. जय प्रकाश कुमार ने भामाशाह के जीवन और उनके महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भामाशाह अपने समय के अद्वितीय दानवीर थे, जिन्होंने समाज और राष्ट्र के लिए अनुकरणीय कार्य किए। उनका जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह, महाराणा प्रताप के विश्वसनीय सहयोगी और सेनापति थे। जब महाराणा प्रताप विपरीत परिस्थितियों में जंगलों में संघर्ष कर रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति समर्पित कर उनका साथ दिया। उन्होंने 25 हजार स्वर्ण मुद्राएं प्रदान कर मेवाड़ की सेना को पुनः संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. आर.एन. प्रसाद, राजेश मिश्रा, रामजीत राम, नितीश कुमार, नीरज कुमार और सत्यनारायण उर्फ श्याम बाबू ने भी भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन लोग घायल, एक रेफर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**।। रफीगंज-कासमा पथ के खिरहिरी मोड़ पर बुधवार को बाइक एवं टेंपो की टक्कर में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान राजा बगीचा निवासी लक्ष्मण कुमार, टेंपो चालक रवि कुमार एवं चांदनी देवी के रूप में हुई है। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि टेंपो अचानक अनियंत्रित हो गया और आगे चल रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। प्रभारी थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि सभी घायल को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भामाशाह जयंती पर दानवीर शिरोमणि भामाशाह और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भामाशाह तैलिक युवा संस्थान के सौजन्य से बुधवार को प्रातः 8:30 बजे भामाशाह जयंती के अवसर पर दानवीर शिरोमणि भामाशाह एवं महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं सामाजिक सदस्यों ने श्रद्धा के दो पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने दानवीर भामाशाह एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन, त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया। उपस्थित लोगों ने भामाशाह के आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह, टूना प्रसाद गुप्ता, राम रूप सिंह, राजू कुमार, मनीष कुमार, प्रभात कुमार (एबीवीपी), सतीश कुमार स्नेही, वार्ड पार्षद अमित अखौरी, अभय सिंह, औरंगाबाद सेवा शिविर के संचालक राम विकास सिंह, विनोद कुमार साहू, अर्जुन कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जर्जर भवन में ठप पड़ी सर्जरी सेवा, मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। लगभग छह दशक पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जर्जर भवन अब स्वास्थ्य सेवाओं पर भारी पड़ने लगा है। स्थिति ऐसी है कि यहां सर्जन की उपलब्धता के बावजूद ऑपरेशन कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। बुनियादी संसाधनों की कमी और खस्ताहाल भवन के कारण सर्जरी सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। अस्पताल की छत जगह-जगह से चू रही है और प्लास्टर टूटकर गिर रहा है। ऐसे माहौल में कोई भी चिकित्सक ऑपरेशन करने का जोखिम उठाने को तैयार नहीं है। यदि ऑपरेशन के दौरान छत का प्लास्टर गिर जाए या पानी टपकने लगे, तो मरीज की जान पर बन सकती है। यही कारण है कि यहां ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में कमरों की भारी कमी है। जो कमरे उपलब्ध हैं, वे भी जर्जर और क्षतिग्रस्त हैं। इस कारण सुरक्षित वातावरण में सर्जरी करना संभव नहीं है। नतीजतन, मरीजों को मजबूरी में अनुमंडल अस्पताल या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है, जहां उन्हें अधिक खर्च और परेशानी झेलनी पड़ती है। इस गंभीर समस्या के बावजूद संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी अब तक खामोश बने हुए हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. यतीन्द्र प्रसाद ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी जिला पदाधिकारी (डीएम) और सिविल सर्जन (सीएस) को दी जा चुकी है। गौरतलब है कि इस मुद्दे को 25 जुलाई 2025 को ओबरा विधायक ऋषि कुमार ने गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से भी उठाया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। वहीं, विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने आश्वासन दिया है कि अस्पताल का नया भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है और पूरी इच्छाशक्ति के साथ इस दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

## मारपीट के मामले में पुलिस ने भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थानाक्षेत्र के गबसपुर गांव से मारपीट के मामले में आरोपित मंटू चौधरी एवं राजू कुमार को हसपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में कोर्ट में पेश कर बुधवार को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया की दोनों आरोपित के खिलाफ एससीएसटी एक्ट धार के तहत प्राथमिकी दर्ज है। जिसे गिरफ्तार कर जेल दिया गया।

# हीट वेब से निपटने के लिए ओबरा अस्पताल में पांच बेड का विशेष वार्ड तैयार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए ओबरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीट वेव (लू) से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रशासन ने पांच बेड का वातानुकूलित (एसी) विशेष वार्ड तैयार किया है, जहां लू से ग्रसित मरीजों का प्राथमिकता के आधार पर बेहतर इलाज किया जाएगा। हालांकि बुधवार को तापमान में थोड़ी कमी आने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली, फिर भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिक्रम सिंह ने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि हीट वेव से आने वाले मरीजों के लिए पांच बेड का अलग एसी वार्ड बनाया गया है, ताकि उन्हें तत्काल और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इस वार्ड में केवल लू से पीड़ित मरीजों को भर्ती किया जाएगा। डॉ. बिक्रम सिंह ने कहा कि मरीजों के इलाज के लिए समुचित मात्रा में दवाइयों की व्यवस्था की गई है और किसी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वार्ड में ग्लूकोज, आईवी फ्लूड्स, जरूरी दवाइयां और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके। स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर ने बताया कि सिविल सर्जन के निर्देश पर हीट वेव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों और नर्सों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवा मिल सके।

# ट्रैफिक और परिवहन से संबधित वादों के निपटारे पर जोर

**औरंगाबाद**। 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर यातायात चालान एवं परिवहन पदाधिकारी से संबधित वादों के निस्तारण के लिए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश विश्व विभूति गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयाजित की गयी। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल , ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे। उनके द्वारा जानकारी दिया गया कि चालान से संबधित लंबित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण हेतु अलग से बेंच बनेगा और जो सुलहनीय यातायात से संबधित मामलें का आफ लाईन या ऑनलाईन चालान जमा करना चाहतें हैं उन्हें इसके लिए परिवहन व्हिकिल से संबधित निबंधित मोबाईल नंबर लाना होगा।

### एक नजर

## छह माह से नल-जल योजना की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 बनिया पासवान टोला के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बनिया वार्ड नं-14 पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह महादलित टोला में नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद कर दिया गया है। बनिया पासवान टोला के लोगो को गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गई है। लोगों को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बनिया पंचायत के बनिया पासवान टोला में नए तरीके से नल जल जीवन लगवाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति करा दिया जाए तो ग्रामीणों को लाभ मिलेगा।

## मारपीट को ले दोनों पक्षों ने करायी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । थाना क्षेत्र के देवदत्तपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना के मामले में दोनों पक्षों द्वारा अलग-अलग प्राथमिकी कराई गई है। राकेश रंजन द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पांच लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। नामजद आरोपितों पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया गया है। वहीं सुरेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा कराई गई प्राथमिकी में दो लोगों का नामजद आरोपित बनाया गया है। आरोपितों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करें किसान, बढ़ेगी उत्पादकता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। इफको (भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड) के तत्वधान में कृषक गोष्ठी कार्यक्रम सह मृदा परीक्षण अभियान का आयोजन रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के गुलाब बिगहा में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में इफको के क्षेत्र अधिकारी नवनीत कुमार सिंह, एजीटी रौनक कुमार, एसएफए राज पाठक, विक्रम कुमार, इफको ई-बाज़ार अभिषेक पाठक, एमडीई विक्रम कुमार सिंह व गांव के दर्जनों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम करने तथा नवनिर्मित इफको के उत्तम उत्पाद नैनो उर्वरकों नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, तथा नैनो कॉपर का सही उपयोग तथा उससे होने वाले फायदे को किसानों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से खेती की लागत तो बढ़ रही है, लेकिन जमीन की उत्पादकता घटती जा रही है जिसमें रासायनिक खेती पर निर्भरता कम कर उत्पादन बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम में मृदा परीक्षण अभियान के तहत परीक्षण से फसल उत्पादन में उर्वरकों की मात्रा निर्धारित कर मिट्टी की स्वास्थ्य को बचाने व मृदा नमूना लेने का सही तरीका बताया गया।


## समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला जनगणना कोषांग)
**अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

भारत की जनगणना CENSUS OF INDIA | बिहार सरकार

आगामी जनगणना–2027 के लिए औरंगाबाद जिला में मई 2026 से जून 2026 की अवधि के लिए 21 (इक्कीस) तकनीकी सहायकों और 01 (एक) एमटीएस की आपूर्ति हेतु अनुभवी एवं इच्छुक पंजीकृत आउटसोसिंग एजेंसियों/फर्मों से निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आवश्यक मानवबल (Manpower) का विवरण एवं मानदेय इस प्रकार है :–

| क्र० | प्रशासनिक इकाई | कर्मियों की आवश्यकता (जून 2027 तक) | प्रतिमाह निर्धारित मानदेय (अधिकतम) |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर | 02 तकनीकी सहायक (Technical Assistant) | 25000.00 प्रति कर्मी |
| 2 | जिला स्तर | 01 एमटीएस (Multi Tasking Staff) | 18000.00 प्रति कर्मी |
| 3 | ग्रामीण/शहरी चार्ज स्तर | 19 तकनीकी सहायक (Technical Assistant) | 25000.00 प्रति कर्मी |

निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में जिला जनगणना कोषांग, औरंगाबाद से संपर्क किया जा सकता है। निविदा की शर्तें, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक 200/– (दो सौ) रूपये का नाजिर रसीद नजारत शाखा, औरंगाबाद से कटाकर जिला जनगणना कोषांग, औरंगाबाद से प्राप्त किया जा सकता है यह राशि वापस नही होगी। यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक निविदा प्रपत्र लेना चाहेगें तो अलग–अलग नाजिर रसीद कटानी होगा। निविदा देने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक– 06.05.2026 को 3:00** PM बजे तक निर्धारित है। निविदा जिला पदाधिकारी–सह–प्रधान जनगणना अधिकारी, औरंगाबाद के पदनाम से मुहरबंद लिफाफे में जिला जनगणना कोषांग, औरंगाबाद में निर्धारित तिथि एवं समय तक जमा करनी होगी। निविदादाता द्वारा तकनीकी/सामान्य एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समर्पित करनी होगी।

निविदा दिनांक– 06.05.2026 को 3:30 PM बजे, औरंगाबाद, समाहरणालय स्थित अपर समाहर्त्ता, औरंगाबाद के कार्यालय प्रकोष्ट में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी/सामान्य निविदा के मुहरबंद लिफाफे खोले जाएगे तथा सक्षम पाये गये फर्मों का ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। जिला क्रय समिति के समक्ष निविदादाता स्वयं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि मूल कागजातों के साथ उपस्थित रह सकते है। निर्धारित तिथि को निविदा का निष्पादन नही होने की स्थिति में निविदा निष्पादन की अगली तिथि जिला क्रय समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी।

**निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिला के वेवसाईट www.aurangabad.nic.in एवं सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट http://state.bihar.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**जिला पदाधिकारी–सह–**
**प्रधान जनगणना अधिकारी, औरंगाबाद**

PR- 002144 ( District ) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

## संक्षिप्त समाचार

### बेलछी प्रखंड में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेलछी प्रखंड में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष इढटव के निर्देशन में प्रखंड परियोजना अनुश्रवण इकाई, बेलछी का समीक्षात्मक बैठक-सह-कार्यशाला आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक के द्वारा स्वच्छता कर्मियों के चयन, मानदेय भुगतान की स्थिति, वाहन की कार्यशीलता,अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई, सामुदायिक सोख्ता, सामुदायिक डस्टबीन, घरेलू डस्टबीन की कार्यशीलता, घर-घर से कूड़े-कचरे उठाव की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक-सह-कार्यशाला में प्रखंड परियोजना प्रबंधक(जीविका), परियोजना पदाधिकारी(मनरेगा), प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने क्रियान्वयन में अपने एवं अधीनस्थ कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। प्रखंड समन्वयक ने उपस्थित विकास मित्रों को दो दिन के अन्दर महादलित टोला में सर्वेक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करने के निर्देश दिए। दिए गए लिंक पर जनगणना का स्वघोषणा भरने का अपील किया गया। सोसल मीडिया पर त्र्क्ष्ठ’’ड्ड६&रँ१ करने का अपील किया गया। माननीय जनप्रधिनिधियों अपेक्षित सहयोग करने का आश्वासन दिए। सभी स्वच्छता पर्यवेक्षकों को ससमय कार्य निष्पादन के निर्देश दिए गए। अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक-सह-कार्यशाला की समाप्ति की गई।

### बेवजह जंजीर खींचकर ट्रेन रोकने का सिलसिला जारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन पर हर दिन किसी न किसी ट्रेन का जंजीर खींचकर रोकने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। बेवजह जंजीर खींच कर रोकने से ट्रेन पर सवार यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वही स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवान मुक दर्शक बने रह जाते हैं। बुधवार की सुबह पूर्णिया हटिया कोसी एक्सप्रेस 12 रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आकर खड़ी हुई ट्रेन जैसे ही खुली की किसी ने जंजीर खींच दिया जिसके चलते बाढ़ रेलवे स्टेशन पर 8:22 से लेकर 34 मिनट तक ट्रेन बेवजह खड़ी रही इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के जवान बिना वर्दी के नजर आए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सकसोहरा थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह तेज गति से मोटरसाइकिल चलाकर जा रहे युवक ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे गड्ढे में जाकर गिर गया। हादसे में 18 वर्षीय पवन कुमार पिता रामवृक्ष पासवान हरगांमा गांव नालंदा निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया और परिजनों को इसकी सूचना दी गई प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने पटना भेज दिया है।

### तीन नामजद अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांध रोड स्थित चोंदी मोहल्ले में 22/07/2022 की संध्या 7:00 बजे के आसपास 25 वर्षीय अंकित राज एवं 40 वर्षीय विनय पांडे को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मामले में अंकित राज के पिता रामानुज सिंह के द्वारा मरांची गांव निवासी थप्पू सिंह उर्फ हरिशंकर सिंह,दीपक कुमार बेढना और बंटी उर्फ संजीव कुमार रामपुर डुमरा निवासी को नाम जद अभियुक्त बनाया गया था। मामले को लेकर बाढ़ थाना में कांड संख्या-449/2022 और न्यायालय में ट्रायल संख्या-617/2023 सुनवाई के दौरान बाढ़ व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश 04 शैलेंद्र कुमार सिंह ने सुनवाई करते हुए तीनों अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास के साथ-साथ 50000-50000 के आर्थिक दंड भी लगाए हैं वही आर्मस एक्ट में दो-दो साल की सजा और पांच ₹5000 के आर्थिक दंड दी गई है उक्त बातों की जानकारीअपर लोक अभियोजक प्रभात कुमार ने दिया है।

### बख्तियारपुर का नाम बदलो : प्रेम यूथ फाउंडेशन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बख्तियारपुर का नाम बदलने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि बख्तियार खिलजी क्रूर और दमनकारी शासक था। वह नालंदा विश्वविद्यालय को जलाने और हजारों हत्याओं का दोषी रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव में ऐसे आततायियों का नाम ढोना उचित नहीं। देश के गद्दारों का नामोनिशान मिटाने में ही देश की




भलाई है। बख्तियारपुर का नाम किसी स्वतंत्रता सेनानी या शहीद सैनिक के नाम पर रखा जाए" प्रेमजी। उन्होंने कहा कि गुलामी के हर प्रतीक को समाप्त करने का समय आ गया है। फाउंडेशन का प्रतिनिधि मंडल इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मिला है। बिहार की कमान सम्राट के हाथों में आने से नाम बदलने की संभावना प्रबल हुई है।

### अज्ञात ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बुडरा ग्राम के निकट अज्ञात ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। आननफानन में घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीण शव के यत्र तत्र फैले टुकड़ों को इकठ्ठा कर घर के लिए निकल पड़े। जिसके सूचना मिलते ही तत्काल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के उपरान्त परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान बुडरा ग्राम निवासी 60 वर्षीय विनय कुमार के रूप में हुई है। जिसके बारे में ग्रामीणों ने बताया कि मृतक खेत की तरफ गया था। जहां ट्रैक पार करने के क्रम में हादसे का शिकार हो गया। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पेड़ से लटक कर दी जान, लगाया हत्या का आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बुलाकी बीघा गांव में ससुराल आए एक ब्यक्ति ने पारिवारिक कलह से तंग आकर गांव के खंदा में जाकर दोपहर में गले में गमछा लगाकर पेड़ से लटक कर जान दे दी है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर गले में गमछा बांधे हुए शव को बरामद किया गया है। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की मृतक की पहचान सन्टु रविदास उम्र करीब 30 वर्ष पिता मुनारिक रविदास ग्राम सैदपुरा थाना नगरनौसा जिला नालंदा का निवासी के रूप मे हुई है। जो कल अपने ससुराल बुलाकी बिगहा आया हुआ था,आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जाता है ' बहररहाल मृतक संटू की पत्नी तीन दिन पहले बुलाकी बीघा अपने मायके आई हुई थी और बुधवार की दोपहर में किसी बात को लेकर पति-पत्नी की बीच विवाद हुई, उसी को लेकर वह दोपहर मे गांव से स्टे खंदे में जाकर एक पेड में गमछा गले में लपेटकर आत्महत्या कर लिया, हालांकि परीजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है पुलिस बिंदुवार मामले की छानबीन में जुटी है।

### कन्या विवाह मंडप का मुखिया ने किया भूमि पूजन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कित्ता चौहत्तर मध्य पंचायत के अंतर्गत हाथी टोला गांव में दुर्गा मंदिर के पास कन्या विवाह मंडप का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया गया। भूमि पूजन विधिवत पंचायत के मुखिया लाल किशोर सिंह के द्वारा करते हुए शिलान्यास किया गया। मुखिया लाल किशोर सिंह ने कहा कि कन्या विवाह मंडप निर्माण हो जाने के बाद पंचायत व गांव में शादी विवाह समारोह को लेकर लोगों को सुविधा मिल सकेगी। मौके पर पूर्व विधायक प्रो सूर्यदेव त्यागी, समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, पैक्स अध्यक्ष ज्योतेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य सर्वजीत सिंह, सुदर्शन राय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### ताड़ के पेड़ से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुलाकी बिगहा डुमरा गांव में एक व्यक्ति कि ताड के पेड़ से गिरने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बता दें कि बुलाकी बिगहा गांव निवासी बिहारी चौधरी उर्फ बुढ़ाई चौधरी उम्र 55 वर्ष पिता गिरधारी चौधरी को दोपहर में ताड के पेड़ चढ़ने के क्रम में हाथ छुटने से जमीन पर गिर पड़े, जिससे उनकी मृत्यु हो गई, बिहारी चौधरी रोज कि तरह ताड के पेड से ताडी उताने गाए थे लेकिन अचानक हाथ छुटने से ताड के पेड़ से निचे गिर पड़ा, ताड के पेड़ के निचे ढालाई रहने के कारण उनके सिर गया पर चोट लगने से मृत्यु हो गई है।

# बकाया मानदेय को लेकर आशा कार्यकर्ताओं की दो दिवसीय हड़ताल






**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एवं धनरूआ में आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। सैकड़ों की संख्या में आशा कार्यकताओं ने पीएचसी परिसर में धरने पर बैठ गई। बकाया मानदेय के भुगतान और आशा को सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की गई।आशा संघ के जिला सचिव यशोदा देवी का कहना है कि पिछ्ले 7 महीने से उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। टीकाकरण, प्रसव, संस्थागत डिलीवरी और सर्वे का पैसा बकाया है। इसके अलावा सरकार से लगातार मांग है कि आशा को एनएचएम से हटाकर नियमित सरकारी सेवा में शामिल किया जाए।हम 24 घंटे काम करती हैं। रात-दिन प्रसव कराने जाती हैं। कोरोना में जान जोखिम में डालकर ड्यूटी की। लेकिन सरकार हमें कर्मचारी तक नहीं मानती। 2000-3000 मानदेय में घर कैसे चलेगा? जब तक बकाया भुगतान और स्थायीकरण नहीं होगा, हड़ताल जारी रहेगी। आगामी 11 में से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी गई है। बहरहाल हड़ताल के कारण ग्रामीण इलाकों में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच और नवजात शिशुओं का पंजीकरण ठप हो गया है। पीएचसी पर ओपीडी में भी असर दिख रहा है। पीएचसी प्रभारी डॉ रामानुज ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की मांगों से वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बकाया भुगतान की प्रक्रिया चल रही है।सरकारी सेवा का मामला नीतिगत है, सरकार स्तर से ही फैसला होगा। वैकल्पिक व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकताओं की हड़ताल से सबसे ज्यादा नुकसान आम लोगों को हो रहा है। सरकार को जल्द इनकी मांगों पर ठोस फैसला लेना होगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों। मसौढी में हड़ताल पर बैठे आशा कार्यकताओं में यशोदा देवी मंजू देवी आशा फैसिलिटी आरती गुप्ता,आशा कार्यकर्ता रिंकू कुमारी, पुष्पा कुमारी, मीरा सिन्हा,वही धनरूआ पीएचसी में लक्ष्मी कुमारी, नीरू कुमारी, रीता कुमारी, कुसुम कुमारी, रेखा कुमारी आदि लोग बैठे हैं।

## एमएलसी उपचुनाव में अरविंद शर्मा को टिकट मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज (पटना)** भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा 28 अप्रैल 2026 को बिहार विधान परिषद (एमएलसी) उपचुनाव के लिए उम्मीदवार की घोषणा के बाद पालीगंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा ने अरवल जिले निवासी सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा को इस उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि यह सीट पूर्व में मंगल पांडे के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाए जाने को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। पार्टी के इस निर्णय से कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी बढ़ा है और उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उपचुनाव की तिथि 12 मई 2026 निर्धारित है, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। पार्टी का लक्ष्य इस उपचुनाव में जीत दर्ज कर बिहार में अपनी संगठनात्मक स्थिति को और मजबूत करना है। पालीगंज के अशोक कुमार शर्मा ,भाजपा कार्यकर्ता- नारायण शर्मा, इंद्रजीत कुमार, राघवेंद्र शाही, उत्तम कुमार, लवकुश कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा, कुंदन कुमार, राजू कुमार, सहित कई कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व के निर्णय का स्वागत किया है।

## बिना निबंधन के चल रहे 18 निजी विद्यालयों पर कार्रवाई की निर्देश

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने मसौढी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को मसौढी में चल रहे 18 विद्यालय जो बिना सरकारी स्वकृति प्रदान किये चल रहा है, उन सबो की सूची उपलब्ध करवाते हुए कारवाई करने का निर्देश दिया है दरअसल बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, 2009 जो दिनांक 01.04.2010 से प्रभावी है ऐसे में अधिसूचित बिहार राज्य बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली 2011 के तहत निजी विद्यालयों की प्रस्वीकृति का प्रावधान है।

बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम, 2009 की धारा 18 में यह प्रावधान है कि कोई भी विद्यालय जो निर्धारित मानक धारित करता हो, सक्षम प्राधिकार से प्रस्वीकृति का प्रमाण-पत्र प्राप्त किये बिना स्थापित नहीं कर सकेगा।अथवा संचालित नहीं करेगा। साथ ही इस प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति मे अन्तर्गत दोषी व्यक्ति/संस्था को 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना किया जा सकता है अथवा निर्धारित तिथि के बाद भी विद्यालय संचालित रहने पर प्रत्येक दिन के लिए रु० 10,000 जुमार्ना किया जा सकता है। जिसको लेकर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को अपने प्रखण्ड से संबंधित प्रस्वीकृति प्राप्त किए बिना संचालित निजी विद्यालयों के विरुद्ध RTE Act, 2009 एवं बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 के सुसंगत नियमों के तहत इंगित करते हुए कृत कार्रवाई करे।

## पटना ए. एन. कॉलेज में एनएसएस द्वारा धूम्रपान जागरूकता अभियान का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के परिसर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशानिर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'धूम्रपान जागरूकता अभियान' का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेश कुमार सिंह ने कहा, धूम्रपान केवल एक व्यक्ति का नहीं, पूरे परिवार और समाज का नुकसान करता है। ए. एन. कॉलेज को पूर्णतः तंबाकू मुक्त परिसर बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने युवाओं में धूम्रपान के बढ़ते प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, आज कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों में स्टाइल स्टेटमेंट के नाम पर सिगरेट की लत तेजी से बढ़ रही है। इसके दूरगामी प्रभाव बेहद घातक हैं। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. शिरीन मसरूर एवं डॉ. अमृता चक्रवर्ती ने भी धूम्रपान के सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्लोगन, पोस्टर एवं नुक्कड़ संवाद के माध्यम से जागरूकता फैलाई तथा 'नो स्मोकिंग जोन' के पोस्टर चिपकाए।

# राज्य निर्वाचन आयोग का बड़ा फैसला, नगर परिषद मसौढी के वार्ड संख्या 11 के वार्ड पार्षद शंभू सिंह की सदस्यता रद्द

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड संख्या 11 के वार्ड पार्षद शंभू सिंह की सदस्यता राज्य निर्वाचन आयोग ने रद्द कर दिए हैं। दरअसल पूरा मामला पुराने घूस कांड पर सजायफ्ता होने पर आधारित है।बताया जाता है की राज्य निर्वाचन आयोग वाद संख्या 49 / 2025 में चल रहे निर्वाचन पदाधिकारी नगर परिषद मसौढ़ी बनाम शंभू कुमार के वाद का राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अंतरिम आदेश जारी कर दिया गया है। जिसमें आयोग द्वारा बताया गया की वार्ड संख्या 11 के वार्ड पार्षद शंभु सिंह जो पूर्व में गयाजी में जेईई विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल ग्रामीण विद्युत विभाग के पद पर कार्यरत थे, जिन्हें 18.9.2025 को भ्रष्टाचार के आरोप में निगरानी विभाग के द्वारा ₹50 हजार रिश्वत के आरोप में दोषी ठहराये जाने के कारण एक वर्ष कारावास तथा 25000 के आर्थिक दंड सुनाया गया था, ऐसे में बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 18(1) ( ) के अधीन स्वयं में अर्जित अयोग्यता के कारण उन्हें वार्ड पार्षद के पद से पदमुक्त करने हेतु नगर पालिका के अधिनियम के द्वारा स्वतः संज्ञान के आधार पर प्रारंभ किया गया था, यह वाद की सुनवाई दिनांक 9.12.2025, एवं 28. 1.2026, 10.3.2026 तथा 19. 3.2026 को सुनवाई की गई, जिसमें सभी सुनवाइयों में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचि पदाधिकारी मसौढ़ी तथा प्रतिवादी के अधिवक्ता उपस्थित थे, सभी बिंदुओं पर गहनता से अवलोकन करते हुए सभी साक्ष्य अभिलेख तथ्य को अध्ययन करते हुए अंततः निचली अदालत के न्याय निर्णय पर अपीलीय न्यायालय द्वारा दिए गए अल्पकालिक राहत अथवा कई अन्य बिंदुओं पर विचाराधीन मामले में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा प्रतिवादी को कोई स्थगन आदेश अथवा राहत प्रदान नहीं किया गया है, बल्कि केवल सेंटेंस पर अंतरिम राहत केवल अंतिम अपील पर अंतिम सुनाई प्रदान किया गया था, ऐसे में सभी स्थिति से स्पष्ट किया गया कि शंभू कुमार वार्ड पार्षद वार्ड संख्या 11 नगर परिषद मसौढी को निगरानी कोर्ट द्वारा निगरानी थाना कांड संख्या एवं वाद संख्या 44/2013 दिनांक 18.9.2025 को आदेश पारित करने के साथ ही शंभू कुमार वार्ड पार्षद के तहत स्वयमेव आयोग हो गए हैं। अतएव बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत प्रदत शक्तियों के उपयोग करते हुए वार्ड पार्षद को तत्काल प्रभाव से उस वार्ड के पद से पद मुक्त किया जाता है। इस आदेश के साथ ही उक्त वार्ड में वार्ड पार्षद का पद रिक्त समझा जाएगा, राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ दीपक प्रसाद के द्वारा जारी पत्र के आलोक में यह आदेश प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ किया गया है। ऐसे में अब नगर

## कट्टे लहराने का वीडियो वायरल होने पर गिरफ्तार, एक कट्टा व पांच कारतूस बरामद



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इस्लामगंज गांव में जन्मदिन पार्टी के दौरान कट्टे लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही पुलिस लहराए गए कट्टे के साथ ही पांच जिंदा कारतूस को भी बरामद किया है। इस संबंध में सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मनेर पुलिस सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के हरकत व आपत्तिजनक वीडियो डालने वालों पर नजर रख रही है। इस दौरान एक युवक के द्वारा जन्मदिन की पार्टी में हथियार लहराने का वीडियो वायरल हुआ। इस मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस की एक टीम बनाई गई और जांच में पाया गया कि कट्टा लहराने वाला युवक मनेर थाना क्षेत्र के इसलामगंज का निवासी विश्वनाथ साहनी का पुत्र कुंदन कुमार है, पहचान होते ही मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान युवक कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। कुंदन के पास से एक देसी कट्टा एवं पांच जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।

## हर आंख हुई नम, राजद प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव के निधन पर शवयात्रा, दी गई श्रद्धांजलि



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजद पार्टी के सक्रिय सिपाही बनकर काम करने वाले धनरूआ प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव का निधन बिते मंगलवार की देर शाम को हो गई है। इस घटना की सूचना के बाद न केवल राजद परिवार बल्कि मसौढ़ी धनरूआ समेत सभी जगह के शुभचिंतकों में शोक की लहर छा गई है। बुधवार को जब पटना राजद कार्यालय से पार्थिव शरीर पैतृक आवास चंदाचक पहुंचा तो सबों की आंखें नम हो गई, गांव में राजद के झंडे के साथ उन्हें शोक श्रद्धांजलि दी गई और 1 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई है, सबों ने उनके सौम्य स्वभाव, शालीन, मृदुभाषी व्यक्तित्व वाले की चर्चा की, मौके पर पूर्व विधायक राजद की रेखा देवी, उपेंद्र मुखिया, धनी यादव, रजत प्रखंड अध्यक्ष मसौढी राकेश पंडित समेत सैकड़ों संख्या में शोक श्रद्धांजलि में शामिल हुए, गौरतलब है की संजय कुमार यादव पिता स्व राम उग्रह प्रसाद यादव जो धनरूआ प्रखंड के दुभारा के चंदाचक पुरा समय पार्टी के लिए न्योछावर किया, और इसी त्याग और समर्पण को देखते हुए 27 दिसंबर 2015 में प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किये गये,उसके बाद 2019,उसके बाद 30 मई 2025 को प्रखंड अध्यक्ष के रूप मे चुना गया, और हाल मे भी बिते महिने पहले भी लगातार चौथी बार प्रखंड अध्यक्ष बने थे,राजनीतिक और समाजसेवी के रूप मे न केवल धनरूआ बल्कि मसौढी मे भी अपने कार्यशैली से समाज मे अपनी पहचान बनाई थी, शोक संवेदना जिला पार्षद चंदन कुमार यादव,सांडा मुखिया प्रतिनिधि सुनिल कुमार चौधरी उर्फ डब्ल्यू,जदयू पुर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, शिक्षक पंकज सिंह,पुर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार सिंह,रंजु यादव,डॉ मंगल,राजेश बिंद,योगेंद्र चंद्रवंशी,आदी ने श्रदांजलि और शोक ब्यक्त की।

# 19 करोड़ से बना भवन, फिर भी न्याय दूरः पालीगंज व्यवहार न्यायालय उद्घाटन को तरसता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता







**पालीगंज (पटना)** ग्रामीण अंचलों में सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने की मंशा से पालीगंज में निर्मित व्यवहार न्यायालय का भव्य भवन तैयार होने के बावजूद अब तक आमजन के लिए इसके न्याय का द्वार नहीं खुल सके हैं। नतीजतन पालीगंज अनुमंडल के लोगों को आज भी न्याय के लिए दानापुर की दौड़ लगानी पड़ रही है, जिससे जनता का भरोसा कमजोर पड़ता जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने और तकनीकी खामियां दूर किए जाने के बाद भी न्यायालय भवन उद्घाटन की प्रतीक्षा में है। हर निरीक्षण के दौरान नई खामियां सामने आने से न्यायालय का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। 26 फरवरी को जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव तथा पटना जजशिप के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिंह ने न्यायालय भवन का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए 15 मार्च तक सभी लंबित कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि 19 मार्च को उद्घाटन संभव हो सके। इसके बाद 17 मार्च को पुनः जिला जज रूपेश देव एवं रजिस्ट्रार ने निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में समुचित साफ-सफाई नहीं होने, एक लिफ्ट के बंद रहने तथा कुछ कमरों के एसी के काम नहीं करने की स्थिति पाई गई। इन कमियों के कारण 19 मार्च को प्रस्तावित उद्घाटन टाल दिया गया। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सभी लिफ्ट और एसी दुरुस्त कर परिसर को पूरी तरह तैयार करने का निर्देश दिया गया था। चिंताजनक तथ्य यह है कि निरीक्षण के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी न्यायालय का संचालन शुरू नहीं हो सका है। उद्घाटन से पूर्व कराई गई साफ-सफाई के बावजूद अब भवन में फिर से धूल जमने लगी है। लंबे समय से उपयोग में न आने के कारण मशीनरी, उपकरण और फर्नीचर खराब होने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में 19.14 करोड़ रुपये की लागत से इस पांच मंजिला न्यायालय भवन का शिलान्यास किया गया था, जिसे 18 माह में पूरा किया जाना था। निर्माण में बदलाव के लिए अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत की गई थी। भवन में 15 कोर्ट रूम, जज चैंबर, रिकॉर्ड रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल, लाइब्रेरी, सभाकक्ष, कार्यालय कक्ष तथा दो लिफ्ट-सीढ़ियां तैयार हैं। न्यायाधीशों के आवास के लिए 6.40 करोड़ रुपये की लागत से 12 क्वार्टर तथा 2.89 करोड़ रुपये की लागत से हाजत भवन, अधिवक्ता भवन भी पूर्ण रूप से बनकर तैयार है। पालीगंज अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भवन निर्माण विभाग और संबंधित न्यायिक पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण अब तक न्यायालय शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन उपलब्ध होने के बावजूद न्यायालय का संचालन न होना समझ से परे है और इससे आम जनता को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।

# भीषण गर्मी व लू से निपटने को प्रशासन तैयार



लू एवं भीषण गर्मी से बचाव को लेकर समीक्षा बैठक करती जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन तैयारी के क्रम में संभावित लू एवं भीषण गर्मी से बचाव को लेकर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रीष्म ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित आपदाओं जैसे लू, सुखाड़, अग्निकांड एवं पेयजल संकट से निपटने हेतु विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान भीषण गर्मी एवं लू के कारण जन-जीवन प्रभावित होता है, जिससे विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा दिहाड़ी मजदूरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पेयजल संकट एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए सभी विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में सभी कार्यपालक पदाधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली गई तथा आवश्यकता अनुसार टैंकर, वाटर एटीएम एवं प्याऊ के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। शहरी क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, स्लम क्षेत्रों एवं आश्रय स्थलों में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, खराब चापाकलों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने तथा आवश्यकता अनुसार डीप बोरिंग एवं पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति करने के निर्देश दिए गए। नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वार्ड में प्रमुख स्थलों पर बोरिंग कर स्टैंड पोस्ट के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। जल संकट वाले क्षेत्रों में डीप बोरिंग एवं पाइपलाइन के माध्यम से व्यवस्था की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। नगर परिषद के पास 13 टैंकर उपलब्ध हैं तथा अतिरिक्त आवश्यकता होने पर भाड़े पर टैंकर लिए जाएंगे। साथ ही शहर के प्रमुख स्थलों पर लगभग 20 प्याऊ का निर्माण कराया जाता है। लू से बचाव हेतु गांधी मैदान बस डिपो मोड़ पर 50 बेड का आश्रय स्थल संचालित है, जहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया की प्याऊ की व्यासास्था सार्वजनिक स्थलों पर करवा दी गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी नगर निकायों में नियमित नाला सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी द्वारा बताया गया कि जिले में 1940 चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य है, जिसमें से 1347 चापाकलों की मरम्मत की जा चुकी है। प्रत्येक प्रखंड में दो चलंत मरम्मत दल कार्यरत हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी वार्ड में जल आपूर्ति में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। कार्यपालक अभियंता विद्युत द्वारा बताया गया कि न्यूनतम समय में जिला में ख़राब ट्रांसफार्मर बदला जा रहा है। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति क्रमश 23-24 एवं 22-23 घंटे है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सभी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिसमें पर्याप्त दवाइयां, ओआरएस घोल, पेयजल, ऑक्सीजन सिलेंडर, चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तथा ओपीडी में एसी एवं कूलर की व्यवस्था शामिल हो। डीपीएम स्वास्थ्य द्वारा बताया गया कि लू से बचाव हेतु जिले के अस्पतालों में आवश्यकतानुसार बेड लू प्रभावित मरीजों के लिए रिजर्व किए गए है तथा वातानुकूलित एंबुलेंस भी संचालित किया जाएगा। सभी प्रखंडों में पर्याप्त मात्रा में ओआरएस की व्यवस्था की गई है। साथ ही जिला के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ओआरएस की सुविधा उपलब्ध की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी अस्पतालों में पेयजल हेतु प्याऊ बनाने का निर्देश दिया गया। पशुपालन एवं मत्स्य विभाग को पशुओं के लिए दवा एवं पेयजल की व्यवस्था तथा मोबाइल वैन के माध्यम से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं जर्जर तारों की मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अंत में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि संभावित लू, सुखाड़, अग्निकांड एवं पेयजल संकट से निपटने हेतु आपसी समन्वय के साथ मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा आमजन को लू से बचाव के उपायों के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूक करें। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य, कार्यपालक अभियंता (पीएचईडी), सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# साइबर पुलिस ने रिकवर किए 97200 रूपये




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 29 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट में 1, एसटी-एसी एक्ट में 1, हत्या प्रयास में 12, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 14 तथा अन्य मामलों में 26 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 106.40 लीटर देसी शराब, 33.60 लीटर विदेशी शराब, 1 देसी कट्टा एवं 2 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1270 वाहनों की जांच की गई जिसमें 97200 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 13 वारंट का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साईबर पुलिस द्वारा 97200 रूपये रिकवरी किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक का शव रफीगंज थाना क्षेत्र के सिमरा जमशेद गांव के पास एक आम के पेड़ के नीचे बरामद किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शव की पहचान और बरामदगी मृतक की पहचान पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के मोर गांव निवासी 31 वर्षीय गोविंद विश्वकर्मा के रूप में हुई है। उसका शव ससुराल से लगभग एक किलोमीटर दूर आम के पेड़ के नीचे मिला। जानकारी के अनुसार, गोविंद अपनी पत्नी के ननिहाल गया जिले के भदईया गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। 26 अप्रैल को वह वहीं रुका और 27 अप्रैल को काम पर लौटने के लिए निकला था। गोविंद गया में गांधी मैदान के पास एक फर्नीचर दुकान पर काम करता था और वहीं रहकर अपनी आजीविका चलाता था। 27 अप्रैल की शाम को वह दुकान से "10 मिनट में लौटने" की बात कहकर निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर शाम तक संपर्क न होने पर परिजन चिंतित हो गए। इसी दौरान रफीगंज की ओर जा रहे कुछ छात्रों ने आम के पेड़ के नीचे शव देखा और तुरंत स्थानीय लोगों व परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शुरू की जांच सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पत्नी पूनम ने कहा कि गोविंद शराब पीने का आदी था और संभवतः खाली पेट शराब पीने से उसकी मौत हुई। उसने यह भी कहा कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद शराब आसानी से मिल जाती है। परिजनों के अनुसार गोविंद की शादी करीब 8 साल पहले पूनम से हुई थी, लेकिन उनके कोई बच्चे नहीं थे। वह अक्सर ससुराल आता-जाता रहता था। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल हर एंगल से जांच जारी है।

# देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। अंबा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार की रात एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी संडा-बालुगंज पथ पर संडा पुल के पूर्वी छोर के पास से की गई है। पकड़े गए युवक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के नहैया बिगहा गांव निवासी मो. हैदर खान के 23 वर्षीय पुत्र मो. अरबाज खान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध हथियार के साथ कोई संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने संडा पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को पकड़ा गया, तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। इस मामले में एसआई राजा कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि युवक यह हथियार कहां से लाया था और इसका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाना था।

# भीषण गर्मी को ले सरकारी-निजी विद्यालयों का समय बदला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कोचिंग संस्थानों सहित) में कक्षा 5वीं तक पूर्वाह्न 11:00 बजे के बाद तथा कक्षा 6वीं से 8वीं तक अपराह्न 12:00 बजे के बाद शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी विद्यालय प्रबंधन इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें तथा बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। यह आदेश 29 अप्रैल 2026 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि भीषण गर्मी के इस दौर में बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न भेजें तथा पर्याप्त पानी एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मारपीट के चार अभियुक्तों को पांच साल की क़ैद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज सप्तम मनीष कुमार जायसवाल ने कासमा थाना की एक कांड में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। एपीपी रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कासमा थाना क्षेत्र के भेवडी गांव निवासी प्राथमिक अभियुक्त रामरतन यादव, विष्णुदेव यादव, किशुनदेव यादव एवं महेंद्र यादव को धारा 148 में एक साल की सजा सुनाई है। धारा 148 में दो साल की सजा सुनाई है। धारा 307 में पांच साल की सजा तथा पांच हजार रूपये जुर्माना लगाया है, जुर्माना न देने पर एक साल साधारण कारावास होगी। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियुक्तों को उल्लेखित धाराओं में 22 अप्रैल 2026 को दोषी ठहराया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि भेवाडी गांव के रहने वाले प्राथमिकी सूचक जनेश्वर यादव ने 22 नवंबर 2000 को अभियुक्तों पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि ढाई साल पहले अभियुक्तों से लड़ाई हुई थी तो मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, तब से अभियुक्त पुनः लड़ाई-झगड़े की ताक में थे। आज सुबह लड़का संजय कुमार जब शौच करने गांव के पुरब अहरा की तरफ गया। अभियुक्तों ने अस्त्र शस्त्र से लैस होकर उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। घटनास्थल पर शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक ये सभी फरार हो गए। जख्मी अवस्था में संजय को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने इलाज किया।

# प्रत्येक पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर बनेगा विवाह मंडप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक पंचायत में विकसित किए जा रहे मॉडल मोक्ष धाम की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पंचायतों में मानक अनुरूप मोक्ष धाम का निर्माण सुनिश्चित किया जाए जिसमें पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों, ताकि आमजन को सम्मानजनक एवं सुव्यवस्थित सुविधा प्राप्त हो सके। विवाह मंडप योजना की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस योजना का क्रियान्वयन प्रत्येक पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों (बीपीआरओ) को लंबित प्रस्तावों को अविलंब जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें समयबद्ध रूप से विभाग को प्रेषित किया जा सके। कार्य में शिथिलता पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं संचालन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। वहीं आरटीपीएस (सार्वजनिक सेवाओं का अधिकार) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। सोलर लाइट योजना के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीपीआरओ द्वारा योजना की सतत निगरानी की जाए तथा सोलर लाइट के अधिष्ठापन के उपरांत भौतिक सत्यापन के पश्चात ही भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए, जिससे गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। वर्तमान में व्याप्त भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल हेतु प्याऊ की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 82 ग्राम पंचायतों में बनेगा खेल मैदान

**औरंगाबाद/नबिटा संवाददाता**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभागार में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मनरेगा की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के क्रम मे अनाच्छादित 82 ग्राम पंचायत मे खेल मैदान स्थल का चयन कर गुणवत्तापूर्ण खेल मैदान तैयार कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों मे पर्याप्त संख्या मे श्रमिकों को कार्य आवंटित करते हुए शत प्रतिशत मानव दिवस सृजन करने का निदेश देते हुए बताया गया कि ग्रीष्मकालीन मौसम मे श्रमिकों के कार्य स्थल पर पानी एवं छाया की व्यवस्था की जाए। मनरेगा अभिसरण से आवास लाभार्थियों को मिलने वाले 95 दिवस के परिश्रमिक का समय से भुगतान करने का निर्देश दिया गया। रफीगंज प्रखंड में सर्वाधिक लंबित आवास जिनपर परिश्रमिक का भुगतान लंबित रहने पर कार्यक्रम पदाधिकारी को कड़ी चेतावनी दी गयी। ग्राम पंचायतों मे निर्माणाधीन लंबित आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण मे तेज़ी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए योजनाओं पर कार्य कराने का निर्देश दिया गया। ग्राम पंचायतों में ग्रामीण बाजार/हाट के लिए चिन्हित 10 स्थलों पर कार्य कराने की कार्य योजना तैयार करने का निर्देश सभी संबधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंडों में जीविका हाट निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करते हुए निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# 1200 साल पुरानी हस्तलिखित मिली कुरान की दो प्रतियां



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत जिले में पांडुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कार्य की विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा की गई। इसी क्रम में हसपुरा प्रखंड अंतर्गत अमझर शरीफ स्थित खानकाह कादरिया मोहम्मदिया का निरीक्षण किया गया, जहां लगभग 1200 वर्ष पुरानी हस्तलिखित कुरान की दो प्रतियां, कपड़े पर लिखित कुरान, कमरबंद, चादर (जिस पर कुरान की आयतें अंकित हैं), पैगम्बर मोहम्मद का मुय मुबारक (दाढ़ी का बाल) एवं पैर के निशान सहित अन्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व की धरोहरें प्राप्त हुईं।

उक्त पांडुलिपियों का विधिवत पंजीकरण सैयद शर्फुद्दीन कादरी के पुत्र सैयद मोहम्मद हुसैन कादरी के नाम से किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्वर्गीय सैयद शर्फुद्दीन कादरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके मजार पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।







